www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार...
राष्ट्रीय संस्करण
पत्र नहीं मित्र
# देशबन्धु
नई दिल्ली, सोमवार, 11 मार्च, 2024 | वर्ष-16 | अंक -336 | पृष्ठ - 10 | मूल्य - 3.00 रुपए




चुनाव आयुक्त का इस्तीफे चौंकाने वाला : ओवैसी 02

■ 40 फीट गहरे बोरवेल में गिरे शख्स की मौत
■ आहार मेले में रविवार को पहुंची लोगों की भारी... 03

■ हिजबुल्लाह ने इजराइल पर 35 रॉकेट...
■ शी जिनपिंग जरदारी के साथ मिलकर काम... 07

विकास पथ पर बढ़ रहा देश : योगी 9

# 15 को नए आयुक्तों का हो सकता है चुनाव

■ अरुण गोयल के इस्तीफे के बाद दो पद खाली
■ मोदी की अध्यक्षता में पैनल सदस्य शामिल होंगे
■ 3 सदस्यीय आयोग में इस वक्त सिर्फ सीईसी
■ सीईसी व अरुण के बीच मतभेद की थी खबरें






चूंकि अरुण गोयल ने अपने इस्तीफे के कारणों का खुलासा नहीं किया है, इसलिए मोदी सरकार को देश को बताना चाहिए कि उनके इस कदम के कारण क्या हैं :असदुद्दीन ओवैसीए, अध्यक्ष आईएमआईएम



अब आयोग को अपने लोगों से भर देंगे, जैसा कि उन्होंने पहले भी किया है। अब चुनाव शेड्यूल, फेज और सभी पहलुओं को सत्तारूढ़ दल के हित के अनुरूप बनाया जाएगा : कपिल सिब्बल, राज्यसभा सांसद

**नई दिल्ली**, 10 मार्च (एजेंसियां)। चुनाव आयोग में इस समय दो चुनाव आयुक्तों के पद खाली है। इन्हें भरे जाने को लेकर प्रधानमंत्री की अध्यक्षता वाले पैनल की 15 मार्च को शाम 6 बजे बैठक होगी। नियम के मुताबिक चुनाव आयोग में एक मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) के अलावा दो चुनाव आयुक्त होते हैं। एक चुनाव आयुक्त अनूप चंद्र पांडे फरवरी में सेवानिवृत्त हो गए थे। दूसरे अरुण गोयल ने 9 मार्च को अचानक इस्तीफा दे दिया। लिहाजा 3 सदस्यीय चुनाव आयोग में इस वक्त सिर्फ सीईसी राजीव कुमार ही हैं। अरुण गोयल मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) बनने की कतार में थे, क्योंकि मौजूदा सीईसी राजीव कुमार फरवरी 2025 में रिटायर होने वाले हैं। गोयल ने 21 नवंबर 2022 को चुनाव आयुक्त का पद संभाला था। उनका कार्यकाल 5 दिसंबर 2027 तक था।

## सुप्रीम कोर्ट गया था गोयल की नियुक्ति का मामला

एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स ने अरुण गोयल की चुनाव आयुक्त के रूप में नियुक्ति के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका लगाई थी। सुनवाई से पहले ही दो जज जस्टिस केएम जोसेफ और जस्टिस बीवी नागरत्ना ने हियरिंग से खुद को अलग कर लिया था। एडीआर ने याचिका में कहा था कि गोयल की नियुक्ति कानून के मुताबिक सही नहीं है। साथ ही यह निर्वाचन आयोग की सांस्थानिक स्वायत्तता का भी उल्लंघन है।

**गोयल ने निजी कारणों का हवाला दिया**

चुनाव आयोग के सूत्रों के मुताबिक, गोयल और सीईसी राजीव कुमार के बीच फाइल पर मतभेद हैं। हालांकि गोयल ने इस्तीफे के लिए निजी कारणों का हवाला दिया है। केंद्र ने उन्हें पद छोड़ने से रोकने की कोशिश की थी। गोयल की सेहत भी ठीक है। इसलिए खराब सेहत के कारण इस्तीफे की अटकलों को खारिज किया गया है। सूत्रों के अनुसार मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार और चुनाव आयोग लोकसभा चुनावों की तैयारियों का जायजा लेने पश्चिम बंगाल गए थे। गोयल ने पश्चिम बंगाल में तैयारियों से जुड़ी जानकारी देने कोलकाता में प्रेस कॉन्फ्रेंस में शामिल होने से इनकार कर दिया था। सूत्रों का कहना है कि दोनों के बीच गंभीर मतभेद हो गए थे। इसके बाद 5 मार्च को राजीव कुमार ने अकेले ही प्रेस कॉन्फ्रेंस की थी और कहा था कि खराब सेहत के चलते गोयल दिल्ली लौट गए।

## खड़गे ने इस्तीफे पर चिंता जताई, सरकार से मांगा जवाब



**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव की घोषणा से कुछ दिन पहले चुनाव आयुक्त अरुण गोयल के इस्तीफे पर शनिवार को गहरी चिंता व्यक्त की। सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि लोकसभा चुनावों की घोषणा होने वाली है और 'भारत में केवल एक चुनाव आयुक्त बचा है।' श्री खड़गे ने कहा, 'जैसा कि मैंने पहले कहा है, अगर हम अपने स्वतंत्र संस्थानों के विनाश को नहीं रोकते हैं, तो हमारी लोकतंत्र को तानाशाही हड़प लेगी!' उन्होंने कहा, 'ईसीआई अब बिखरने वाली अंतिम संवैधानिक संस्थाओं में से एक होगी।' यह आरोप लगाते हुए कि चुनाव आयुक्तों के चयन की नई प्रक्रिया ने सारी शक्ति सत्तारूढ़ दल को प्रदान कर दी है, श्री खड़गे ने अपने पोस्ट के माध्यम से प्रधानमंत्री से पूछा, '23 दिसंबर को कार्यकाल पूरा होने के बाद भी नए चुनाव आयुक्त की नियुक्ति क्यों नहीं की गई?' श्री खड़गे ने कहा कि मोदी सरकार को इन सवालों का जवाब देना चाहिए और उचित स्पष्टीकरण देना चाहिए।

# रेलवे ट्रैकों पर उतरे किसान ट्रेनों के पहिए थमे

■ पंढेर बोले, मांगे पूरी होने तक जारी रहेगा प्रदर्शन
■ एमएसपी सहित कई मांगों पर अड़े किसान

**नई दिल्ली**, 10 मार्च (एजेंसियां)। अपनी मांगों को लेकर किसानों का प्रदर्शन पिछले एक महीने से लगातार जारी है। किसानों ने रविवार को रेल रोको आंदोलन का आगाज किया। उनका कहना है कि सरकार जानबूझकर उनकी मांगों को नजरअंदाज कर रही है। आज दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक किसानों का रेल रोको आंदोलन जारी रहा। वहीं किसानों ने एलान किया था कि यह प्रदर्शन शांतिपूर्वक किया जाएगा। ट्रेनों को रेलवे स्टेशन और क्रासिंग के पास ही रोका गया।

किसान संगठन के नेताओं ने कहा कि सरकार जनता को गुमराह कर रही है। केंद्र के साथ हुई बैठकों में भी हमारी मांगों के प्रति कुछ नहीं किया। उन्होंने केंद्र सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार कह रही है कि वह किसानों की सारी बातें मान चुकी है, जोकि सरासर झूठ है। किसानों की केंद्र के साथ हुई सभी बैठकें बेनतीजा रही हैं। वहीं चार घंटे तक चलने वाले आंदोलन के दौरान किसानों ने आम जनता से घर से बाहर न निकलने की अपील की थी।



रेलगाड़ियां ट्रैक पर ही खड़ी रहीं

चार घंटे के रेल रोको आंदोलन में किसानों ने पंजाब के कई जिलों के रेलवे स्टेशनों पर धरना दिया। रेलगाड़ियां ट्रैक पर ही खड़ी रहीं। यात्रियों ने रेल मार्ग की अन्य मार्ग का सहारा लिया। किसान संगठनों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर मांगे सुनने को कहा।

किसान नेता सरवन सिंह पंढेर ने कहा कि जब तक हमारी मांगें पूरी नहीं हो जातीं, हम अपना विरोध जारी रखेंगे। उन्होंने कहा कि आदर्श आचार संहिता के क्रियान्वयन से हमारा कोई लेना-देना नहीं है। उन्होंने आगे कहा कि क्योंकि जब हमने यह विरोध शुरू किया था तो हमें पता था कि हम 40 दिनों में यह विरोध नहीं जीत पाएंगे। हम अपनी ताकत बढ़ाना जारी रखेंगे।

## सार संक्षेप

### एएम खानविलकर ने लोकपाल अध्यक्ष पद की शपथ ली



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने रविवार को राष्ट्रपति भवन में शीर्ष अदालत के पूर्व न्यायाधीश अजय माणिकराव खानविलकर को लोकपाल अध्यक्ष पद की शपथ दिलाई। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ भी मौजूद रहे। जस्टिस खानविलकर सुप्रीम कोर्ट में 6 साल का कार्यकाल पूरा करने के बाद जुलाई 2022 में सेवानिवृत्त हो गए।

### हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस ने समन्वय समिति बनाई



**शिमला।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने रविवार को हिमाचल प्रदेश सरकार और राज्य में पार्टी संगठन के बीच 'बेहतर तालमेल' के लिए छह सदस्यीय समिति के गठन का ऐलान किया। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू, कैबिनेट मंत्री मुकेश अग्निहोत्री और धनीराम शांडिल के अलावा, कांग्रेस हिमाचल इकाई की अध्यक्ष प्रतिभा सिंह, पूर्व मंत्री कौल सिंह ठाकुर और रामलाल ठाकुर को समिति का सदस्य बनाया गया है।

### जम्मू-कश्मीर के पुंछ से सात आईईडी बरामद



**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के पुंछ में सुरक्षाबलों ने रविवार को सात आईईडी बरामद किए । इससे एक बड़ी त्रासदी टल गई। पुलिस ने बताया, 'राष्ट्रीय राइफल्स और स्थानीय पुलिस की एक टीम ने तलाशी अभियान के दौरान जिले के सुरनकोट तहसील के दारा सांगला इलाके से आईईडी और एक वायरलेस सेट बरामद किया।' पुलिस ने कहा कि सुरक्षा बलों ने इलाके से सभी आईईडी को सुरक्षित हटा दिया है।

### श्रीलंकाई नौसेना ने तमिलनाडु के सात मछुआरों को पकड़ा



**चेन्नई।** प्रदेश के पुदुक्कोट्टई जिले के सात मछुआरों को रविवार तड़के श्रीलंकाई नौसेना ने गिरफ्तार कर लिया। उन्हें अंतरराष्ट्रीय समुद्री सीमा रेखा पार करने के बाद श्रीलंकाई जल क्षेत्र में घुसपैठ करने के आरोप में नेदुनथीवु में गिरफ्तार किया गया। मछुआरे शनिवार सुबह जेगथापट्टिनम बंदरगाह से दो मशीनीकृत नावों से मछली पकड़ने के लिए समुद्र में गए थे।

### त्रिपुरा पुलिस ने 5 करोड़ की ड्रग जब्त की, 3 गिरफ्तार



**अगरतला।** त्रिपुरा पुलिस को रविवार को बड़ी कामयाबी मिली है। पुलिस ने उत्तरी त्रिपुरा में बागबासा नाका पॉइंट के पास अगरतला जा रहे एक वाहन को रोका, जिसमें 55 हजार मेथामफेटामाइन टैबलेट मिली। इनकी कीमत 5 करोड़ बताई जा रही है।

# टीएमसी ने 42 सीटों पर उतारे उम्मीदवार

## अभिनेता शत्रुघ्न सिन्हा, क्रिकेटर यूसुफ पठान व कीर्ति आजाद के नाम

■ नुसरत जहां व मिमी चक्रवर्ती का टिकट कटा

**कोलकाता**, 10 मार्च (एजेंसियां)। लोकसभा चुनाव 2024 के लिए तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने रविवार को 42 सीटों पर उम्मीदवारों का ऐलान कर दिया है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली पार्टी टीएमसी की इस सूची में पूर्व सांसद महुआ मोइत्रा को फिर चुनावी मैदान में उतरने का मौका दिया गया है। पूर्व क्रिकेटर कीर्ति आजाद और युसूफ पठान को भी चुनावी दंगल में उतारा गया है। टीएमसी की सूची में महुआ मोइत्रा के अलावा टीम इंडिया के लिए क्रिकेट खेल चुके यूसुफ पठान पर भी पार्टी ने दांव चला है, जबकि एक्टिंग की दुनिया से राजनीति में आए शत्रुघ्न को भी मौका दिया गया है। वे आसनसोल सीट से मौजूदा सांसद भी हैं। पार्टी ने बैरकपुर सीट से अर्जुन सिंह का टिकट भी काटा है। नुसरत जहां को भी टिकट नहीं मिला है, नुसरत की सीट बसीरहाट से हाजी नुरुल इसलाम को उतारा गया है, वहीं, पूर्व क्रिकेटर कीर्ति आजाद को भी बर्धमान-दुर्गापुर से उम्मीदवार बनाया है। मिमी चक्रवर्ती को भी इस बार टिकट नहीं मिला है।



### टीएमसी की सूची में मुख्य चेहरे

- डायमंड हार्बर से अभिषेक बनर्जी को टिकट दिया है।
- कृष्णानगर से महुआ मोइत्रा को चुनाव मैदान में उतारा।
- आसनसोल से अभिनेता शत्रुघ्न सिन्हा को उतारा है
- बीरभूम से शताब्दी रॉय को टिकट मिला है।
- बर्धमान दुर्गापुर से कीर्ति आजाद को टिकट दिया ।
- बहरामपुर से क्रिकेटर यूसुफ पठान को उतारा गया ।

# मोदी का अंतिम लक्ष्य संविधान को खत्म करना : राहुल

**नई दिल्ली**, 10 मार्च (एजेंसियां)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी का मकसद संकीर्ण तानाशाही करके लोकतंत्र को बदलना है, लेकिन कांग्रेस इसके खिलाफ लड़ाई लड़ती रहेगी और उसके इन मंसूबों को कभी पूरा नहीं होने देगी।

श्री गांधी ने ट्वीट किया, भाजपा सांसद का बयान कि उन्हें 400 सीट संविधान बदलने के लिए चाहिए, नरेंद्र मोदी और उनके 'संघ परिवार' के छिपे हुए मंसूबों का सार्वजनिक ऐलान है। श्री मोदी और भाजपा का अंतिम लक्ष्य बाबा साहेब के संविधान को खत्म करना है। उन्हें न्याय, बराबरी, नागरिक अधिकार और लोकतंत्र से नफरत है। उन्होंने कहा, समाज को बांटना, मीडिया को गुलाम बनाना, अभिव्यक्ति की आज़ादी पर पहरा और स्वतंत्र संस्थाओं को पंगु बनाकर विपक्ष को मिटाने की साजिश से वो भारत के महान लोकतंत्र को संकीर्ण तानाशाही में बदलना चाहते हैं। हम आज़ादी के नायकों के सपनों के साथ ये षड्यंत्र सफल नहीं होने देंगे और अंतिम सांस तक संविधान से मिले लोकतांत्रिक अधिकारों की लड़ाई लड़ते रहेंगे। उन्होंने कहा, संविधान का हर सिपाही, विशेष रूप से दलित, आदिवासी, पिछड़े और अल्पसंख्यक जागें, अपनी आवाज उठाएं- इंडिया समूह आपके साथ है।



■ तानाशाही से लोकतंत्र को बदलने के विरुद्ध लड़ाई लड़ते रहेंगे

## हिसार सांसद बृजेंद्र सिंह ने भाजपा छोड़ी

हरियाणा के हिसार से भाजपा सांसद बृजेंद्र सिंह ने भारतीय जनता पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। वह रविवार को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से मुलाकात करने उनके आवास पहुंचे। बताया जा रहा है कि उन्होंने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण कर ली हैं। हरियाणा की कांग्रेस नेता कुमारी शैलजा ने बताया कि वरिष्ठ नेता चौधरी बीरेंद्र सिंह के बेटे और हिसार से भाजपा सांसद बृजेंद्र सिंह ने भगवा पार्टी को छोड़कर, हम सबकी प्रेरणा स्त्रोत आदरणीया सोनिया गांधी, हमारे शीर्ष नेतृत्व कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे जी एवं राहुल गांधी के विचारों में आस्था जताते हुए, आज कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। शैलजा ने कहा कि चौधरी बीरेंद्र सिंह के परिवार से पार्टी का रिश्ता पीढ़ियों का है।



खड़गे से मुलाकात के बाद कांग्रेस में शामिल

# मोदी ने छत्तीसगढ़ की महतारी वंदन योजना का किया शुभारंभ



■ 70 लाख से अधिक महिलाओं के खाते राशि भेजी
■ 655 करोड़ रुपए की पहली किश्त जारी की गई

**रायपुर**, 10 मार्च (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज छत्तीसगढ़ सरकार की महतारी वंदन योजना की शुरुआत करते हुए 70 लाख से अधिक महिलाओं के खाते में 655 करोड़ रुपए 57 लाख रुपए की राशि भेजी। श्री मोदी ने बाबा विश्वनाथ की नगरी काशी से राजधानी के साइंस कालेज मैदान में आयोजित कार्यक्रम से वर्चुवल रूप से जुड़ते हुए अपने सम्बोधन में कहा कि ये मोदी की गारंटी है हमारी माताओं-बहनों को छत्तीसगढ़ सरकार नियमित रूप से प्रति माह 1000 रूपए की राशि अंतरित करेगी। इस मौके पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और उनके मंत्रिमंडल सहयोगी उपस्थित रहे।

उन्होने कहा कि महतारी वंदन योजना के तहत छत्तीसगढ़ की 70 लाख से अधिक माताओं बहनों को हर महीने एक हजार रुपए देने का वायदा किया गया। सरकार ने अपना वायदा पूरा किया। आज महतारी वंदन योजना के तहत 655 करोड़ रुपए की पहली किश्त जारी की गई।उन्होने कहा कि डबल इंजन सरकार की प्राथमिकता हमारी माताओं बहनों का कल्याण है। आज परिवार को पक्का घर मिल रहा है वो भी महिलाओं के नाम पर, उज्ज्वला का सस्ता सिलेंडर मिल रहा है वो भी महिलाओं के नाम पर। 50 प्रतिशत से अधिक जनधन खाते वो भी महिलाओं के नाम पर। 65 प्रतिशत से ज्यादा मुद्रा लोन भी महिलाओं ने लिया है खासकर नौजवान बेटियों ने। उन्होंने अपना काम शुरू किया।

**10 करोड़ से अधिक महिलाओं का जीवन बदला**

श्री मोदी ने कहा कि पिछले दस वर्षों में हमारी सरकार ने महिला स्वं सहायता ग्रुप के माध्यम से 10 करोड़ से अधिक महिलाओं का जीवन बदला है।

# म्यांमार के 77 नागरिकों को निर्वासित करेगा मणिपुर

**इम्फाल**, 10 मार्च (एजेंसियां)। मणिपुर सरकार सोमवार तक 55 महिलाओं और पांच बच्चों सहित म्यांमार के 77 नागरिकों को निर्वासित करेगी। अधिकारियों ने यहां यह जानकारी दी। सेना द्वारा देश में 1 फरवरी 2021 को सत्ता पर कब्जा करने के बाद म्यांमार के कई नागरिक भागकर मणिपुर आ गए हैं। एक वरिष्ठ अधिकारी ने रविवार को यहां कहा कि सात म्यांमारियों के पहले बैच को 8 मार्च को मणिपुर के तेंगनौपाल जिले के मोरे सीमा शहर के माध्यम से निर्वासित किया गया था। राज्य के गृह विभाग ने निर्वासन प्रक्रिया में तेंगनौपाल जिले के उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक को आवश्यक सहायता के लिए असम राइफल्स से समर्थन मांगा था। मणिपुर के मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह ने पहले कहा था कि हालांकि भारत ने 1951 शरणार्थी समझौते पर हस्ताक्षर नहीं किए हैं, लेकिन इसने मानवीय आधार पर म्यांमार में संकट से भागने वालों को आश्रय और सहायता दी है। महिलाओं और बच्चों सहित पांच हजार से अधिक म्यांमारी नागरिकों ने मणिपुर में शरण ली है।



■ 55 महिलाएं और पांच बच्चे हैं शामिल
■ पांच हजार से अधिक नागरिकों ने ली है शरण

## तेलंगाना में बीआरएस को लगा बड़ा झटका

# 4 बड़े नेता हुए भाजपा में शामिल

**नई दिल्ली**, 10 मार्च (एजेंसियां)। लोकसभा चुनाव से पहले तेलंगाना में बीआरएस को एक और बड़ा झटका लगा है। पार्टी के पूर्व सांसद गेदाम नागेश, सीताराम नायक, पूर्व विधायक जलागम वेंकट राव और श्रीनिवास दिल्ली मुख्यालय स्थित कार्यालय पर रविवार को भाजपा में शामिल हो गए। इससे पहले शुक्रवार को भी बीआरएस को एक और बड़ा झटका लगा था। तेलंगाना के जहीराबाद से बीआरएस के मौजूदा लोकसभा एमपी भीमराव बसवंतराव पाटिल ने भाजपा का दामन थाम लिया था। भाजपा लगातार कई दिनों से बीआरएस को बड़े झटके दे रही है। इससे पहले गुरुवार को भी तेलंगाना से बीआरएस के मौजूदा लोकसभा सांसद पोथुगंती रामुलु भी अपने बेटे और दूसरे समर्थकों के साथ भाजपा में शामिल हो गए थे। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता तरुण चुग ने कहा अब बीआरएस का वजूद खत्म हो चुका है।

मौसम | अभी न्यूनतम पारा 10 डिग्री से कम पर बरकरार

# इस हफ्ते और रहेगा सर्दी का असर

**नई दिल्ली**, 10 मार्च (एजेंसियां)। मार्च का दूसरा हफ्ता शुरू हो चुका है। अभी भी उत्तर भारत के राज्यों में रात के वक्त सड़कों पर लोगों को आग तापते हुए देखा जा सकता है। दरअसल उत्तर भारत के ज्यादातर राज्यों में अभी भी न्यूनतम पारे में बढ़ोतरी दर्ज नहीं हुई है। दिन का तापमान रात के तापमान से दोगुने से भी ज्यादा के स्तर पर पहुंच चुका है।

मौसम विभाग की मानें तो अगले कुछ दिनों तक इसी तरह का तापमान उत्तर भारत में बना रहेगा। विभाग का मानना है कि लगातार बनी पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता के चलते ही ऐसा हो रहा है। विभाग के मुताबिक रविवार रात से लेकर इस पूरे हफ्ते एक बार फिर से पश्चिम विक्षोभ की सक्रियता का असर उत्तर पश्चिमी हिमालय रीजन में बना रहेगा। पश्चिमी विक्षोभ की यह सक्रियता रविवार देर रात से शुरू होने वाली है।



पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता का है असर

उत्तर भारत के कुछ राज्यों में अभी भी न्यूनतम पारा 10 डिग्री से कम पर बना हुआ है। उत्तर भारत में हरियाणा के करनाल में बीती रात सबसे कम तापमान साढ़े सात डिग्री सेल्सियस के करीब रिकॉर्ड किया गया। विभाग के वैज्ञानिकों का अनुमान है कि अगले 7 दिनों के भीतर रात के तापमान में बहुत ज्यादा बढ़ोतरी होने के कोई आसार नही है। देश की राजधानी दिल्ली और एनसीआर समेत आसपास के इलाकों में रात का पारा अगले एक सप्ताह तक 10 से 13 डिग्री सेल्सियस के बीच बने रहने की संभावना है। जबकि अधिकतम तापमान में इस इलाके में 30 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने का अनुमान लगाया जा रहा है। मौसम विभाग का मानना है कि सिर्फ दिल्ली एनसीआर ही नहीं बल्कि पंजाब हरियाणा पश्चिमी उत्तर प्रदेश और चंडीगढ़ के हिस्सों में भी रातों के तापमान में कोई खास बढ़ोतरी नहीं दर्ज होने वाली। अनुमान के मुताबिक राज्यों में भी न्यूनतम पर अलग-अलग जगह पर 11 डिग्री से लेकर 14 डिग्री सेल्सियस तक ही रहने का अनुमान है। मौसम विभाग का मानना है कि तापमान की यह असमानता अधिकतम और न्यूनतम पारे के बीच में तकरीबन दो गुने से ज्यादा के बीच में बनी हुई है। अगले एक सप्ताह तक इसी तरह से मौसम बना रह सकता है।

# देश

**उवाच**

“पारंपरिक पार्टियां और उनके नेता 70 वर्षों से अधिक समय से अपने झूठे वादों भावनात्मक नारों के माध्यम से लोगों को धोखा दे रहे हैं। ये सभी पार्टियों केवल सत्ता का सुख भोगने और धन जुटाने के लिए ऐसा कर रही हैं।

–अल्ताफ बुखारी, अपनी पार्टी के अध्यक्ष



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 25.0 | 17.0 |
| मुंबई | 31.0 | 24.0 |
| कोलकाता | 26.0 | 17.0 |
| चेन्नई | 30.0 | 26.0 |

# मप्र में लोकायुक्त की नियुक्ति प्रक्रिया विधि संगत न होकर अवैध : कांग्रेस

**भोपाल,** 10 मार्च (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश के नए लोकायुक्त जस्टिस सत्येंद्र कुमार सिंह होंगे। सामान्य प्रशासन विभाग ने शनिवार को उनकी नियुक्ति को लेकर आदेश जारी किए। वह मौजूदा लोकायुक्त नरेश कुमार गुप्ता की जगह प्रभार

**■ नेता प्रतिपक्ष ने लोकायुक्त की नियुक्ति प्रक्रिया पर उठाए सवाल**

संभालेंगे। हालांकि, उनके शपथ लेने से पहले ही उनकी नियुक्ति पर विवाद खड़ा हो गया है। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने सीएम को पत्र लिखकर उनकी नियुक्ति को अवैध बताया है। नेता प्रतिपक्ष ने इसको लेकर कहा कि मध्य प्रदेश में लोकायुक्त की नियुक्ति निश्चित रूप से जनहित का कार्य है। सरकार द्वारा एक नाम पर अपना अंतिम निर्णय लेकर लोकायुक्त नियुक्ति की अधिसूचना नौ मार्च को जारी कर दी गई है, जिसमें मुझ नेता प्रतिपक्ष से कोई परामर्श नहीं लिया गया।

सरकार द्वारा लोकायुक्त की नियुक्ति के लिए अपनाई गई उक्त प्रक्रिया विधि संगत न होकर अवैध है। लोकायुक्त पद पर नियुक्ति के संबंध में आवश्यक शर्त मध्य प्रदेश लोकायुक्त एवं उप-लोकायुक्त अधिनियम, 1981 की धारा 3 (1) के परंतुक (क) में परिभाषित है, जिसके अनुसार राज्यपाल महोदय द्वारा लोकायुक्त पद पर नियुक्ति मुख्य न्यायाधीश, मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय सहित नेता प्रतिपक्ष से परामर्श लेने के उपरांत ही की जाना चाहिए। बता दें कि जस्टिस सत्येंद्र कुमार सिंह को मध्य प्रदेश का नया लोकायुक्त नियुक्त किया गया है। सामान्य प्रशासन विभाग की ओर से



**मध्य प्रदेश में लोकायुक्त की नियुक्ति निश्चित रूप से जनहित का कार्य : उमंग सिंघार**

इसकी अधिसूचना जारी कर दी गई है। वर्तमान लोकायुक्त एनके गुप्ता का कार्यकाल पिछले साल 17 अक्टूबर को ही पूरा हो गया था। लेकिन, अब तक नए लोकायुक्ति की नियुक्ति नहीं की गई थी।

ऐसे में माना जा रहा था कि लोकसभा चुनाव के बाद ही प्रदेश को नया लोकायुक्त मिलेगा, लेकिन आचार संहिता लगने से पहले पूर्व न्यायमूर्ति सत्येंद्र कुमार सिंह को लोकायुक्त बनाया गया है। जस्टिस सत्येंद्र कुमार सिंह 2023 में ही हाई कोर्ट के न्यायाधीश के पद से रिटायर्ड हुए हैं। वे हाई कोर्ट में प्रिंसिपल रजिस्ट्रार समेत कई महत्वपूर्ण पदों पर रह चके हैं। इसके अलावा वे भोपाल जिला न्यायालय में एडीजे के पद पर भी रह चुके हैं। मध्य प्रदेश के राज्यपाल मंगू भाई पटेल के आदेश पर शनिवार देर शाम सामान्य प्रशासन विभाग ने जस्टिस सत्येंद्र कुमार सिंह की लोकपाल पद पर नियुक्त के आदेश जारी किए हैं। बता दें कि लोकायुक्त का कार्यकाल पूरा होने के बाद भी

## मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर की अधिसूचना रद्द करने की मांग

नेता प्रतिपक्ष ने सीएम डॉ. मोहन यादव को लिखकर यह अपील की है कि सरकार द्वारा विधि की प्रकिया का पालन किए बिना लोकायुक्त की नियुक्ति के संबंध में अवैध रूप से जारी अधिसूचना तत्काल प्रभाव से निरस्त की जाए। उन्होंने आगे लिखा कि नेता प्रतिपक्ष के रूप में सरकार द्वारा किए गए उपरोक्त अवैध कार्य पर मेरी मौन स्वीकृति जनतंत्र एवं जनहित में नहीं होगी। नेता प्रतिपक्ष के रूप में मध्य प्रदेश की जनता के प्रति मेरे जो भी दायित्व हैं, उनके प्रति मैं संकल्पित एवं प्रतिबद्ध हूं एवं जनता के प्रति अपने उन सभी कर्तव्यों का मैं पूर्ण निष्ठा से पालन करूंगा। सिंघार ने सीएम से यह भी अनुरोध किया है कि लोकायुक्त नियुक्ति की प्रक्रिया पुन: विधि अनुसार संपादित कर मेरे परामर्श उपरांत पूर्ण की जाए, जिससे मध्य प्रदेश को एक विद्वान, विधि विशेषज्ञ, ईमानदार एवं निष्पक्ष लोकायुक्त प्राप्त हो सके।

अगर, नए लोकायुक्त की नियुक्ति नहीं होती है तो वर्तमान लोकायुक्त का कार्यकाल अपने आप ही बढ़ जाता है। अधिकतम यह एक साल तक बढ़या जा सकता है। 17 अक्टूबर 2023 को लोकायुक्त एनके गुप्ता का कार्यकाल पूरा हो गया था। ऐसे में नए लोकायुक्त की नियुक्ति लोकसभा चुनाव के बाद होने की चर्चा थी, लेकिन आचार संहिता से पहले जस्टिस सत्येंद्र कुमार सिंह की नियुक्त के आदेश जारी कर दिए गए।

# अयोध्या में सरयू नदी में डूबे तीन युवकों की मौत

**अयोध्या,** 10 मार्च (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश अयोध्या के नगर कोतवाली क्षेत्र में रविवार को तीन युवकों की सरयू नदी में डूबने से मौत हो गई। तीनों युवक कानपुर के निवासी थे जो राम मंदिर में श्रीरामलला के दर्शन के लिए आए थे। पुलिस सूत्रों ने बताया कि कानपुर निवासी रवि मिश्रा,



प्रियांशु, हर्षित अवस्थी, तनिष्क यादव, अमरनाथ, कृष्णा सागर रामलला का दर्शन करने आए थे। रामलला का दर्शन करने से पहले सभी लोग नया घाट से कुछ दूर श्मशान घाट की तरफ स्नान करने गये थे कि अचानक एक युवक डूबने लगा। उसी को बचाने के लिए दो युवक आगे बढ़े तो वह भी डूब गए। उन्होने बताया कि रवि मिश्रा, प्रियांशु और हर्षित अवस्थी यह तीनों लोग सरयू नदी में स्नान करते समय डूब गए जिनके शव पुलिस ने स्थानीय गोताखोरों की मदद से बरामद कर लिये हैं।ह सभी युवक बहुत ही कम उम्र के थे और पढ़ाई करते थे कानपुर के ही निवासी थे। इनके घर वालों को सूचना दे दी गयी है।

पुलिस ने बताया कि मृतक लडक़ों के साथ जो तीन लड़के और आए हुए थे उनको कोतवाली अयोध्या में बैठाया गया है। यह लोग भी सरयू नदी में अपने दोस्त को बचाने के लिये जा रहे थे परन्तु स्थानीय लोगों ने उनको पकड़ लिया और जाने नहीं दिया जिससे इनकी जान बच गई। पुलिस ने बताया कि एक दूसरे को बचाने के चक्कर में तीनों युवक सरयू नदी में डूब गए।

# गुजरात व राजस्थान का कल दौरा करेंगे प्रधानमंत्री मोदी

**नई दिल्ली,** 10 मार्च (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल गुजरात और राजस्थान का दौरा करेंगे। सुबह लगभग 9.15 बजे, प्रधानमंत्री अहमदाबाद में 85,000 करोड़ रुपए से अधिक की विभिन्न विकास संबंधी परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे और राष्ट्र को समर्पित करेंगे। इसके बाद, लगभग 10 बजे सुबह प्रधानमंत्री साबरमती आश्रम का दौरा करेंगे जहां वह कोचरब आश्रम का उद्घाटन करेंगे, और गांधी आश्रम स्मारक का मास्टर प्लान भी लांच करेंगे।

इसके बाद लगभग 1.45 बजे, प्रधानमंत्री 'भारत शक्ति' का अवलोकन करेंगे जो राजस्थान के पोखरण में तीनों सेनाओं के लाइव फायर और कौशल अभ्यास के रूप में स्वदेशी रक्षा क्षमताओं का एक संयोजित प्रदर्शन है। प्रधानमंत्री पोखरण में प्रधानमंत्री राजस्थान के पोखरण में तीनों सेनाओं के लाइव फायर और कौशल अभ्यास के रूप में स्वदेशी रक्षा क्षमताओं के एक संयोजित प्रदर्शन का अवलोकन करेंगे। 'भारत शक्ति' अभ्यास में देश की शक्ति के प्रदर्शन के रूप में स्वदेशी अस्त्र प्रणालियों और प्लेटफॉर्मों की एक श्रृंखला प्रदर्शित की जाएगी जो देश की आत्मनिर्भरता पहल पर आधारित है। यह भूमि, वायु, समुद्र, साइबर तथा अंतरिक्ष कार्यक्षेत्रों में खतरों का मुकाबला करने के लिए भारतीय सशस्त्र बलों की समेकित प्रचालनगत क्षमताओं को प्रदर्शित करने वाले यथार्थवादी, समन्वित, मल्टी-डोमेन प्रचालनों का अनुकरण करेगी। अभ्यास



**■ अहमदाबाद में 85 हजार करोड़ से अधिक की रेल परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे**

में भाग लेने वाले प्रमुख उपकरण और अस्त्र प्रणालियों में भारतीय सेना के कई हथियारों के साथ साथ टी-90 (आईएम) टैंक, धनुष और सारंग गन सिस्टम, आकाश अस्त्र प्रणाली, लॉजिस्टिक्स ड्रोन, रोबोटिक म्यूल्स, एडवांस्ड लाइट हेलिकॉप्टर (एएलएच) तथा मानवरहित हवाई वाहनों की एक श्रृंखला शामिल है जो उन्नत जमीनी युद्धकला और हवाई सर्वेक्षण क्षमताओं को प्रदर्शित करेगी।

भारतीय नौसेना समुद्री शक्ति और प्रौद्योगिकीय अत्याधुनिकता को रेखांकित करते हुए नौसेना एंटी शिप मिसाइलों, स्वायत्त कार्गो ले जाने वाले हवाई वाहन तथा एक्सपेंडेबल एरियल टार्गेट को प्रदर्शित करेगी। भारतीय वायु सेना हवाई श्रेष्ठता तथा हवाई प्रचालनों में बहुमुखी प्रतिभा को प्रदर्शित करने वाले स्वदेशी रूप से निर्मित्त लाइट कौम्बैट एयरक्राफ्ट तेजस, लाइट यूटिलिटी हेलिकॉप्टर तथा एडवांस्ड लाइट हेलिकॉप्टरों को तैनात करेगी।

## सार संक्षेप

### कश्मीर में अगले पांच दिनों के दौरान हिमपात के आसार

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में अगले पांच दिनों में वर्षा और हिमपात होने के आसार हैं। मौसम विज्ञान केंद्र (आईएमडी) ने बताया कि जम्मू-कश्मीर के ऊपरी इलाकों में अगले 24 घंटों के दौरान बहुत हल्की बारिश और हिमपात होने का अनुमान है। आगामी 13-14 मार्च के दौरान व्यापक स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश या हिमपात होने के आसार हैं। इस दौरान कुछ ऊंचाई वाले इलाकों में भारी हिमपात होने का अनुमान है। श्रीनगर में शनिवार देर रात का तापमान 2.1 डिग्री सेल्सियस के मुकाबले 2.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 1.1 डिग्री सेल्सियस कम है।

### जौनपुर में कार हादसे में छह लोगों की मौत

**जौनपुर।** उत्तर प्रदेश में जौनपुर जिले के गौराबादशाहपुर क्षेत्र में ट्रक की चपेट में आकर कार सवार पिता पुत्र समेत छह लोगों की मौत हो गई जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस सूत्रों ने रविवार को बताया कि जौनपुर-आजमगढ़ मार्ग पर प्रसाद तिराहे के पास शनिवार और रविवार की रात करीब ढाई बजे यह हादसा उस समय हुआ जब बिहार के सीतामढ़ी जिले से प्रयागराज आ रही टैंगो कार एक तेज रफ्तार ट्रक से टकरा गई।

### मप्र में मजदूरी की दरें बढ़ाने का ऐलान

**ग्वालियर।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने राज्य के मजदूरों को बड़ी सौगात दी है। उन्होंने उनकी मजदूरी में इजाफा करने का ऐलान किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के मजदूरों की मजदूरी में इजाफा किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 10 वर्षों से मजदूरी की दरों में कोई बदलाव नहीं आया है। अब इसमें बदलाव किया जा रहा है। अकुशल मजदूरों को अब तक 1625 रुपए मासिक मिलते थे, जिसे बढ़ाकर 11450 रुपए किया जा रहा है, वहीं अर्धकुशल मजदूरों को मिलने वाली 1764 रुपए की राशि बढ़ाकर 12446 रुपये की जा रही है। इसी तरह खेतिहर मजदूर को मिलने वाली मजदूरी को 1396 से बढ़ाकर 9160 रुपए किया जा रहा है।

### शेख शाहजहां की सीबीआई हिरासत चार दिन बढ़ी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की एक जिला अदालत ने रविवार को शेख शाहजहां की सीबीआई हिरासत चार दिन और बढ़ा दी। टीएमसी से निष्कासित शेख शाहजहां संदेशखाली में ईडी और सीएपीएफ पर हुए हमले के मुख्य आरोपी हैं। शेख शाहजहं को बशीरहाट सब-डिवीजनल कोर्ट में पेश किया गया। सीबीआई के वकील ने अदालत में शाहजहां की हिरासत चार दिन और बढ़ाने मांग करते हुए याचिका दायर की।

# चुनाव आयुक्त का इस्तीफे चौंकाने वाला : ओवैसी

**हैदराबाद,** 10 मार्च (एजेंसियां)। एआईएमआईएम अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी ने रविवार को लोकसभा चुनावों के कार्यक्रम की घोषणा से महज कुछ दिन पहले चुनाव आयुक्त अरुण गोयल के इस्तीफे को चौंकाने वाला करार दिया। उन्होंने मांग की कि सरकार को चुनाव आयुक्त के इस्तीफे के कारणों का खुलासा करना चाहिए। हैदराबाद सांसद ने मीडियाकर्मियों से बात करते हुए कहा कि चूंकि अरुण गोयल ने अपने इस्तीफे के कारणों का खुलासा नहीं किया है, इसलिए मोदी सरकार को देश को बताना चाहिए कि उनके इस कदम के कारण क्या हैं। उन्होंने कहा कि चुनाव कार्यक्रम की घोषणा 13 मार्च के बाद कभी भी होने की संभावना है और उससे कुछ ही दिन पहले चुनाव आयुक्त ने इस्तीफा दे दिया है जो आश्चर्यजनक और चौंकाने वाला है। उन्होंने याद दिलाया कि जब सरकार मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति के बारे में संसद में एक विधेयक लेकर आई थी, तो उन्होंने इसका विरोध किया था क्योंकि सरकार सुप्रीम कोर्ट के आदेश के खिलाफ गई थी। ओवैसी ने कहा कि गलत कानून पारित किया गया क्योंकि प्रधानमंत्री, मंत्री और विपक्ष के नेता की तीन सदस्यीय समिति चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति करेगी। उन्होंने कहा कि जब समिति में सरकार के दो सदस्य होंगे, तो यह स्पष्ट है कि सरकार अपनी पसंद के व्यक्तियों को चुनाव आयुक्त के रूप में नियुक्त करेगी।



## लोकसभा चुनाव को लेकर अखिलेश यादव का दावा

# पीडीए फार्मूले के तहत एनडीए को देंगे पटखनी

**इटावा,** 10 मार्च (एजेंसियां)। इंडिया समूह का प्रमुख घटक दल समाजवादी पार्टी अपने प्रमुख जनाधार वाले केंद्र उत्तर प्रदेश के यादव लैंड में पिछड़ा दलित अल्पसंख्यक (पीडीए) फार्मूले के साथ आर पार की लड़ाई के मूड में दिख रहा है। भाजपा हिंदुत्व और विकास के एजेंडे के साथ प्रदेश की सभी 80 लोस सीटों पर जीत की फिराक में है मगर सपा के प्रभुत्व वाले इटावा, मैनपुरी, एटा, फिरोजाबाद, फर्रुखाबाद और कन्नौज आदि संसदीय सीटों पर उसे तगड़ी टक्कर मिलने की संभावना है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि यादव लैंड सपा का प्रमुख आधार स्तंभ है जिस पर 2014 के लोस चुनाव के बाद भाजपा की सेंधमारी शुरू हो चुकी है। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव का दावा है कि वह पीडीए फार्मूले के तहत एनडीए गठबंधन के उम्मीदवारों को पटखनी देंगे। भाजपा यादव लैंड की इन सीटों पर भगवा फहराने का सपना देखे हुए है वही दूसरी ओर सपा यादव लैंड की इन सीटों पर पीडीए फार्मूले के तहत सपा



**■ सपा के प्रभुत्व वाली संसदीय सीटों पर भाजपा को तगड़ी टक्कर मिलने की संभावना**

परचम फहराना चाहती है। सपा के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल यादव दावा करते हैं कि यूपी की सभी 80 लोकसभा सीटों पर इंडिया गठबंधन के ही उम्मीदवार जीतेंगे मगर उनका यह दावा चुनावी ज्यादा लगता है। ऐसा ही दावा पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री और इटावा से भाजपा सांसद प्रो. रामशंकर कठेरिया ने भी किया है कि सभी 80 सीटों पर सिर्फ भगवा फरचम फहरेगा। इटावा संसदीय सीट की मोदी राज के प्रभावी होने के साथ ही साल 2014 में अशोक दोहरे के संसद बनने के बाद भाजपा के खाते में बरकरार बनी हुई है। 2014 के संसदीय चुनाव में अशोक दोहरे ने इस सीट पर जीत हासिल की तो 2019 के संसदीय चुनाव में प्रो.रामशंकर कठेरिया जीत हासिल कर चुके है। 2024 के संसदीय चुनाव के लिए भाजपा ने एक बार फिर से प्रो. कठेरिया को इटावा संसदीय सीट से चुनाव मैदान में उतारा है जबकि सपा ने अभी तक अपना उम्मीदवार घोषित नहीं किया है। 2009 में सपा से प्रेमदास कठेरिया इटावा संसदीय सीट से निर्वाचित हुए थे। उसके बाद से लगातार भाजपा का भगवा इटावा संसदीय सीट पर फहरा रहा है।

मैनपुरी संसदीय सीट भी इटावा की ही तरह समाजवादी पार्टी के लिए प्रमुख आधार स्तंभ की श्रेणी में मानी जाती है लेकिन इस सीट पर मोदी लहर का कोई असर होता हुआ नहीं दिखाई दे रहा है।

## मैनपुरी सीट पर आज तक जीत हासिल नहीं कर पाई भाजपा

मैनपुरी संसदीय सीट पर आज तक भाजपा जीत हासिल नहीं कर पाई है हालांकि पार्टी निरंतर अपने जनमत में इजाफा करते हुए जरूर देखी जा रही है। फिलहाल मैनपुरी सरस्वती सीट के चुनाव के लिए भाजपा अभी तक अपना कोई उम्मीदवार घोषित नहीं कर रखी है जिसका हर किसी को इंतजार है। यादव लैंड की फिरोजाबाद संसदीय सीट भी बेहद महत्वपूर्ण मानी जाती है । 2014 के मोदी लहर में हुए चुनाव में फिरोजाबाद संसदीय सीट से सपा से प्रो.रामगोपाल यादव के बेटे अक्षय यादव चुनाव मैदान में विजयी हुए लेकिन 2019 के संसदीय चुनाव में सपा के अक्षय यादव भारतीय जनता पार्टी के चंद्रसेन यादव उनके मुकाबले पराजित हो गए। अक्षय यादव की पराजय के पीछे ऐसा कहा गया है कि प्रगतिशील समाजवादी पार्टी लोहिया के उम्मीदवार के रूप में शिवपाल सिंह यादव के चुनाव मैदान में उतरने से अक्षय की हार हो गई लेकिन शिवपाल की भी जमानत जब्त हो गई।

# अपने चुनावी वादे पूरे करने में विफल रही केंद्र की मोदी सरकार : स्टालिन



**चेन्नई,** 10 मार्च (एजेंसियां)। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री और द्रमुक अध्यक्ष एम.के. स्टालिन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर हमला बोलते हुए कहा कि वह अपने वादों को पूरा करने में विफल रहे हैं। मुख्यमंत्री ने अपने एक बयान में कहा कि पीएम मोदी ने 10 साल पहले जो वादे किए थे, वे अभी तक पूरे नहीं हुए हैं। द्रमुक प्रमुख ने कहा कि हम भाजपा को हराने के लिए एकजुट हैं और हमारी यही भावना हमें 39 सीटों पर जीत दिलाएगी। स्टालिन ने दावा करते हुए कहा कि विपक्षी इंडिया

**■ भाजपा को किसी भी कीमत पर हराया जाना चाहिए**

गठबंधन लोगों को यह समझाने में कामयाब हुआ है कि भाजपा को किसी भी कीमत पर हराया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि गठबंधन के नेता विभिन्न राज्यों में आपस में बातचीत कर रहे हैं, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि भाजपा विरोधी वोट बंट न पाएं। स्टालिन ने कहा कि तमिलनाडु में द्रमुक के नेतृत्व वाले गठबंधन ने कांग्रेस, सीपीआई-एम, सीपीआई, वीसीके, एमडीएमके, आईयूएमएल और केएनएमडीके सहित अपने गठबंधन सहयोगियों के साथ सीट-बंटवारा पूरा कर लिया है। उनकी पार्टी राज्य के 39 लोकसभा क्षेत्रों में से 21 पर चुनाव लड़ेगी। सीएम ने बताया कि एमएनएम के संस्थापक और अभिनेता कमल हासन द्रमुक गठबंधन में शामिल हो गए हैं।

## हम भाजपा को हराने को एकजुट

द्रमुक अध्यक्ष एम.के. स्टालिन ने कहा कि हम भाजपा को हराने के लिए एकजुट हैं और हमारी यही भावना हमें 39 सीटों पर जीत दिलाएगी। स्टालिन ने द्रमुक कार्यकर्ताओं से तमिलनाडु और पुडुचेरी के सभी 40 निर्वाचन क्षेत्रों में गठबंधन की जीत पर काम करने के लिए कहा है। राजनीतिक परिवर्तन लाने के बारे में बात करते हुए कहा कि केंद्र में एक ऐसी सरकार बननी जरूरी है, जो सभी राज्य सरकारों को सम्मान दे। वह अब अपने उम्मीदवारों के लिए प्रचार करेंगे।

# भू-माफियाओं के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करेगी बिहार सरकार

**गया,** 10 मार्च (एजेंसियां)। बिहार के शिक्षा मंत्री एवं जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के वरिष्ठ नेता विजय कुमार चौधरी ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के भू-माफियाओं के खिलाफ कड़े तेवर के बाद आज कहा कि राज्य सरकार केंद्र की मदद से इन तत्वों के खिलाफ और भी कड़ी कार्रवाई करेगी। चौधरी ने यहां के विष्णुपद मंदिर के समीप स्थित फल्गु नदी में बने रबर डैंम का निरीक्षण करने के बाद पत्रकारों से बातचीत में कहा कि शाह ने कोई गलत बात नहीं कही है। जमीन के बदले नौकरी देना समेत कई मामले पहले से न्यायालय में चल रहा है। अगर उन्होंने कहा तो क्या गलत किया है, जो सही है वही उन्होंने बोला है। मंत्री ने कहा कि बिहार सरकार केंद्र की मदद से माफियाओं पर और भी कड़ी काईवाई करेगी। उन्होंने कहा कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अपराध के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की बात करते हैं। ऐसे तत्वों के खिलाफ बिहार सरकार हमेशा कार्रवाई करती है।

# तेलंगाना में बीआरएस के साथ गठबंधन को मायावती की मंजूरी

**हैदराबाद,** 10 मार्च (एजेंसियां)। बहुजन समाजवादी पार्टी (बसपा) के तेलंगाना प्रदेश अध्यक्ष आर एस प्रवीण कुमार ने रविवार को कहा कि पार्टी प्रमुख मायावती ने आगामी लोकसभा चुनाव के लिए राज्य में भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) पार्टी के साथ गठबंधन को मंजूरी दे दी है। बसपा प्रदेश अध्यक्ष ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हम आगामी आम चुनाव-2024 के लिए तेलंगाना में बीआरएस पार्टी (जिसका किसी राष्ट्रीय पार्टी के साथ गठबंधन नहीं है) के साथ गठबंधन पर अग्रिम बातचीत को मंजूरी देने के लिए बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती को हार्दिक धन्यवाद देते हैं। हमारे केंद्रीय समन्वयक, सांसद, रामजी, इस ऐतिहासिक प्रयास में पार्टी का मार्गदर्शन करने के लिए जल्द ही हैदराबाद पहुंचेंगे। (बीआरएस और बसपा) ने



**■ मायावती के परामर्श से सीट बंटवारे को दिया जाएगा अंतिम रूप**

यहां बीआरएस अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री के.चंद्रशेखर राव और बसपा के प्रदेश अध्यक्ष के बीच मंगलवार को एक बैठक के दौरान तेलंगाना में आगामी संसदीय चुनावों के लिए औपचारिक गठबंधन करने का फैसला किया गया था। बैठक के बाद दोनों नेताओं ने कहा कि गठबंधन दोनों पार्टियों के लिए सम्मानजनक होगा और जल्द ही मायावती के परामर्श से सीट बंटवारे को अंतिम रूप दिया जाएगा।

## सौगात — प्रधानमंत्री मोदी ने ग्वालियर को दी बड़ी सौगात

# मप्र में सबसे बड़ा एयर टर्मिनल जनता को किया समर्पित

**ग्वालियर, 10 मार्च (एजेंसियां)। देश के नागर विमानन इतिहास में सबसे कम समय में राजमाता विजयाराजे सिंधिया हवाई अड्डा ग्वालियर का नया टर्मिनल भवन बनकर तैयार हुआ है। इसमें ग्वालियर की सांस्कृतिक व ऐतिहासिक वैभव एवं वास्तुकला की झलक साफ दिखाई देती है। एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया द्वारा 498 करोड़ 50 लाख।**

रुपए की लागत से रिकॉर्ड लगभग 16 माह में टर्मिनल भवन का कार्य पूर्ण किया गया है। अत्याधुनिक उड्डयन सेवाओं से सुसज्जित यह टर्मिनल अंतरराष्ट्रीय स्तर की सुविधाओं से परिपूर्ण है। लगभग 20 हजार 230 वर्ग मीटर क्षेत्र में स्थापित इस टर्मिनल भवन एक साथ 1400 यात्रियों को सुविधाएं देने में सक्षम है। इसमें 16 चेक इन काउण्टर्स, 4 लिफ्ट, 4 पैसीजर ब्रिज, 6 एक्स-रे मशीन, 3



**■ 16 माह में बनकर तैयार हुआ टर्मिनल भवन**

एस्केलेटर एवं 700 वाहनों की पार्किंग क्षमता विकसित की गई है। हवाईअड्डे पर बुनियादी ढांचे के निर्माण के अलावा ग्वालियर को अधिक से अधिक शहरों से जोड़ने की क्षमता विकसित की गई है। वर्तमान में ग्वालियर से अहमदाबाद, बैंगलोर, दिल्ली, हैदराबाद, इंदौर, मुंबई व अयोध्या के लिए हवाई उड़ानें उपलब्ध हैं।

इस आयोजन का चुनावी लाभ लेने के लिए इसमें ग्वालियर चंबल संभाग के सभी जिलों से लगभग 110 बसों और निजी वाहनों से हजारों लोगों को लाया गया। सबको बिठाने के लिए मंच के सामने तीन विशाल और भव्य टेंट लगाए गए थे। इस समारोह में राज्य सरकार के मंत्री नारायण सिंह कुशवाह, तुलसी सिलावट, प्रद्युम्न सिंह तोमर, राकेश शुक्ला सांसद विवेक नारायण शेजवलकर बतौर विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

विधायकगण डॉ. सतीश सिकरवार, मोहन सिंह राठौर, सुरेश राजे व साहब सिंह गुर्जर एवं महापौर डॉ. शोभा सिकरवार सहित अन्य जनप्रतिनिधिगणों को इस भव्य आयोजन में आमंत्रित किया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि सिंधिया परिवार ग्वालियर-चंबल सहित उज्जैन के विकास को समर्पित रहा है। महाकाल मंदिर के संरक्षण में श्रीमंत महादजी सिंधिया के योगदान का उल्लेख करते हुए उन्होंने भारतीय संस्कृति और मूल्यों के संरक्षण में ग्वालियर घराने की भूमिका का स्मरण किया। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सर्जिकल स्ट्राइक से दुश्मन को धूल चटाने वाले विमानों ने भी उड़ान ग्वालियर से ही भरी थी। ग्वालियर क्षेत्र शौर्य के साथ ही प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर का प्रतीक है। केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी द्वारा एक साथ 15 हवाई अड्डों के लोकार्पण और शिलान्यास ने भारतीय विमानन के क्षेत्र में आज के दिन को ऐतिहासिक बना दिया है। ग्वालियर के हवाई अड्डे को मात्र 16 महीने में तैयार कर लोकार्पण भी ऐतिहासिक उपलब्धि है।

# 40 फीट गहरे बोरवेल में गिरे शख्स की मौत

- 14 घंटे चले रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद शव को निकाला
- अंदर गिरे शख्स के पास से कोई दस्तावेज नहीं मिला
- पुलिस कर रही मामले की जांच



**नई दिल्ली**, 10 मार्च (देशबन्धु)। वेस्ट डिस्ट्रिक्ट के विकासपुरी इलाके में स्थित केशोपुर में दिल्ली जल बोर्ड के वाटर ट्रीटमेंट प्लांट के 40 फीट गहरे बोरवेल में एक शख्स गिर गया। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर लोकल पुलिस, दमकल विभाग, एनडीआरएफ और अन्य विभाग पहुंच गए। 14 घंटे चले रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद शख्स को बाहर निकाला तो उसकी मौत हो चुकी थी। पुलिस ने उसके शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल की मोर्चरी में सुरक्षित रखवा दिया है। उसकी उम्र करीब 25-35 वर्ष बताई जा रही है। उसकी पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस मामला दर्ज कर जांच कर रही है।

दमकल विभाग के डायरेक्टर अतुल गर्ग ने बताया कि देर रात करीब एक बजे उनकी टीम को एक युवक के वाटर ट्रीटमेंट प्लांट में गिरने की सूचना मिली। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की पांच गाड़ियां मौके पर पहुंच गई। मौके पर पहुंची दमकल विभाग की टीम को पता चला कि बोरवेल करीब 40-50 फीट गहरा है। इसके बाद टीमें उसके बचाव में जुट गई। टीम ने प्लांट से कुछ दूरी पर एक गड्ढा खोदा और अंदर गिरे शख्स को बहार निकाला। लेकिन जब तक उसकी मौत हो गई। पुलिस को अंदर गिरे शख्स के पास से कोई दस्तावेज भी नहीं मिले है, जिससे उसकी पहचान हो सके। पुलिस मामला दर्ज कर युवक की पहचान करने के अलावा यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि युवक वहां क्यों आया था।

**देर रात मिली पुलिस को सूचना**

डीसीपी विचित्र वीर ने बताया कि विकासपुरी थाना पुलिस को देर रात केशोपुर जल बोर्ड ऑफिस के बोरवेल में एक युवक के गिरने की पीसीआर कॉल मिली। सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस, दमकल विभाग और एनडीआरएफ पहुंच गई। टीमें अंदर फंसे शख्स को बाहर निकाले में जुट गई। घंटों के रेस्क्यू के बाद उसे मृत बाहर निकाला गया।

उसकी उम्र 25-35 वर्ष है। उसकी पहचान करने का प्रयास जारी है। बताया जा रहा है कि शख्स वाटर ट्रीटमेंट प्लांट के अंदर साइड की दीवार से घुसा था। अंदर अंधेरे में वह अचानक नीचे गिर गया।

## आतिशी ने केशोपुर जल शोधन संयंत्र का किया दौरा

### जिम्मेदार अधिकारी पर कार्रवाई का दिया आश्वासन



**नई दिल्ली।** जल मंत्री आतिशी ने रविवार को केशोपुर में दिल्ली जल बोर्ड के जल शोधन संयंत्र का दौरा किया जहां एक व्यक्ति 40 फुट गहरे बोरवेल में गिर गया है। उन्होंने कहा कि इस जिम्मेदार अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। मंत्री को घटनास्थल पर तैनात दलों ने बचाव अभियान की जानकारी दी।

आतिशी ने कहा कि मैंने दिल्ली में सभी बोरवेल का अगले 48 घंटे में निरीक्षण करने का आदेश दिया है और इस एसटीपी ८७७सीवेज शोधन संयंत्र के लिए जिम्मेदार अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि जब बचाव दल घटनास्थल पर पहुंचे तो बोरवेल के आसपास का हिस्सा पूरी तरह बंद था और पुलिस मामले की जांच कर रही है। उन्होंने कहा कि जिस बोरेवल में व्यक्ति गिरा, उसके आसपास का हिस्सा पूरी तरह बंद था। बचाव अभियान चला रहे कर्मियों ने दरवाजे तोड़े और फिर अंदर प्रवेश किया। बोरवेल में बच्चा नहीं बल्कि एक वयस्क पुरुष गिरा है। पुलिस अभी मामले की जांच कर रही है। इलाके में प्रवेश करना संभव नहीं था या उसमें जाने की किसी को अनुमति भी नहीं थी। बहरहाल, पुलिस इसकी जांच कर रही है।

## महिला सशक्तिकरण को दर्शाती हुई बाइक रैली आयोजित

# रैली को स्मृति ईरानी, विनय कुमार सक्सेना व अंशुमन सिंघानिया ने दिखाई हरी झंडी



> आज की महिलाएं स्वतंत्र तथा सक्षम है और सामाजिक परिवर्तन का मार्ग प्रशस्त कर सकती है : अंशुमन सिंघानिया

**नई दिल्ली**, 10 मार्च (देशबन्धु)। राजधानी दिल्ली स्थित कनॉट प्लेस में रविवार को महिला सशक्तिकरण को दर्शाती हुई एक बाइक रैली का आयोजन किया गया। इस शानदार रैली को केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी, दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना और जेके टायर एंड इंडस्ट्रीज के प्रबंध निदेशक अंशुमन सिंघानिया ने हरी झंडी दिखाई। स्वयं सिद्ध थीम के साथ, यह रैली उन महिलाओं को प्रोत्साहित करने और सराहना करने पर केंद्रित है जो आत्मनिर्भर बनना चाहती हैं और अपने आप में पूर्ण हैं। इस पहल का लक्ष्य है, आत्मविश्वासी, सक्षम और खुशहाल महिलाओं को आगे बढ़ाना जो जीवन में बाधाओं को पार करती हैं। इस उद्देश्य-प्रेरित रैली में 2800 से अधिक राइडरों ने भाग लिया, ताकि इस संबंध में एकजुटता प्रदर्शित की जा सके और स्त्रीत्व का जश्न मनाया जा सके। यह रैली राष्ट्रीय राजधानी के विभिन्न क्षेत्रों, जैसे बाराखंभा रोड, मंडी हाउस सर्कल, इंडिया गेट सर्कल, लोदी रोड, पृथ्वीराज रोड और केजी मार्ग से होकर गुजरेगी और कनॉट प्लेस में उसी बिंदु पर समाप्त होगी जहां से शुरू हुई थी। विभिन्न आयु वर्ग की महिलाओं ने गर्व के साथ निर्धारित मार्ग पर अपनी-अपनी मोटरसाइकिल पर फर्राटे से रेस लगाई। इस दौरान अंशुमन सिंघानिया ने कहा जेके टायर एक दशक से अधिक समय से मोटरस्पोर्ट्स जैसे पुरुष-प्रधान पेशे में संभावनाएं पैदा कर महिलाओं की उन्नति के लिए आवाज उठा रही है। ऐसी ही एक प्रेरक पहल है ऑल वीमेन बाइक रैली, और जेके टायर को इस उद्देश्य के प्रसार के लिए एक प्रसिद्ध प्रकाशन के साथ साझेदारी करने पर गर्व है। हमारा दृढ़ विश्वास है कि आज की महिलाएं कुछ भी करने में सक्षम हैं और सामाजिक परिवर्तन का मार्ग प्रशस्त कर सकती हैं। इस रैली के साथ हमारा जुड़ाव हमारी महत्वपूर्ण उपलब्धि है, जो भारत में सभी महिलाओं के लिए अधिक जीवंत और विविधीकृत समुदायों के निर्माण के प्रति हमारे समर्पण की पुष्टि करता है।

## सार संक्षेप

### स्वास्थ्य शिविर में 250 लोगों ने कराई निःशुल्क जांच

**नई दिल्ली।** रोहन आरडब्ल्यूए वेस्ट चंदर नगर श्री माता मंदिर आस डायग्नोस्टिक निःशुल्क जांच करवाई ढाई सौ लोगों ने कराई जांच में इसमें आंखों की जांच हुई। शार्प सेंटर के द्वारा आज ढाई सौ लोगों ने कराई जहाज में ब्लड शुगर की भी जांच हुई और हड्डियों की भी जांच हुई। यहां के स्थानीय विधायक एसके बग्गा ने कहा ऐसे कैंप लगने चाहिए गरीब लोगों को बड़ा फायदा मिलता है और साथ में विकास बग्गा का जगह-जगह यह कैंप लगने चाहिए। गरीब आदमी हॉस्पिटल में नहीं जा सकता। इसलिए ऐसे काम ऑर्गेनाइज करना चाहिए और मैं धन्यवाद देता हूं यहां की संस्था को जिन्होंने यह कैंप लगवाया। इस कैंप के प्रधान किशन लाल अरोड़ा और कैसे संदीप पाठक, करण लूथरा, सनी सुशील बंसल, मुकेश प्रसाद व अजय मेहता लकी बलदेव छाबड़ा मुकेश बग्गा मौजूद रहे।



### अरुण गोयल के इस्तीफे पर 'आप' ने उठाए सवाल

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी ने चुनाव आयुक्त के पद से अरुण गोयल के इस्तीफे पर सवाल उठाए हैं। आप नेता और कैबिनेट मंत्री आतिशी ने इस मुद्दे पर प्रेसवार्ता कर कहा कि भाजपा द्वारा ही नियुक्त चुनाव आयुक्त ने लोकसभा चुनाव से ठीक पहले इस्तीफा दे दिया है। जबकि भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने सर्वोच्च न्यायालय में उनकी नियुक्ति का बचाव किया। उनके इस्तीफे के पीछे क्या वजह रही है, यह स्थिति चिंता पैदा करती है। उन्होंने आरोप लगाया कि आज पूरे देश का एक ही सवाल है कि भाजपा शासित केंद्र सरकार ने चुनाव में ऐसी क्या हेराफेरी करने को कह दिया जो उनका अपना व्यक्ति भी न कर सका और इस्तीफा देना ज्यादा बेहतर समझा। उन्होंने 2027 तक के अपने कार्यकाल को छोड़कर इस्तीफा दे दिया। आप नेता आतिशी ने कहा कि अरुण गोयल वही व्यक्ति हैं, जिन्हें भाजपा ने खुद नियुक्त किया था और इनकी स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति के 24 घंटे के अंदर-अंदर चुनाव आयुक्त बनाया गया था। जब इनकी नियुक्ति को कोर्ट में चुनौती दी गई थी, तब कोर्ट ने भी कहा था कि इन्हें नियुक्त करने की इतनी क्या हड़बड़ाहट है कि सिर्फ 24 घंटे में ही फाइल शुरू होकर अप्रूव भी हो जाती है। उन्होंने कहा कि एक ऐसा चुनाव आयुक्त जिसे भाजपा ने खुद नियुक्त करवाया, जो उन्हीं का व्यक्ति था, जिसकी नियुक्ति का बचाव करने के लिए भाजपा शासित केंद्र सरकार सुप्रीम कोर्ट तक चली गई, आज उस चुनाव आयुक्त ने इस्तीफा दे दिया।

### भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा द्वारा 'चाय पर चर्चा' आयोजित

**नई दिल्ली।** भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा हर वर्ग के लिए किए गए कार्यों के बलबूते भाजपा आज मुस्लिम समाज के बीच भी पहुंचने की हिम्मत रखती है। ज्ञात रहे मोदी जी के कार्यकाल में मदरसो का आधुनिकीकरण हुआ है तो उसके साथ विश्वकर्मा योजना के तहत मुस्लिम समाज के लोगो को आर्थिक रुप से मजबूत करने का भी काम किया गया है । उपरोक्त विचार भाजपा शाहदरा जिला (अल्पसंख्यक मोर्चा) अध्यक्ष विपिन जैन के संयोजन में बुलंद मस्जिद शास्त्री पार्क पर आयोजित चाय पर चर्चा के दौरान पार्टी के अनेक वक्ताओ ने प्रकट व्यक्त किए । इस अवसर पर भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष अनीस अब्बासी , प्रदेश महामंत्री शबाना रहमान , मोर्चे के जिला महामंत्री शुभम जैन , मोहम्मद शमीम व कार्यक्रम संयोजक नरेंद्र जैन , विनोद जैन व अन्य मौजूद रहे।

# आहार मेले में रविवार को पहुंची लोगों की भारी भीड़

- देश-विदेश के 1800 से ज्यादा एग्जीबिटर्स आए
- पांच दिवसीय मेला का आज आखिरी दिन



**नई दिल्ली**, 10 मार्च (देशबन्धु)। दिल्ली के प्रगति मैदान में चल रहे 38वें अंतरराष्ट्रीय खाद्य व आतिथ्य मेला 2024 (आहार) में रविवार को दर्शकों की भारी भीड़ पहुंची। पांच दिवसीय यह मेला 11 मार्च तक चलेगा। इसमें देश-विदेश के 1800 से ज्यादा एग्जीबिटर्स आए हैं। अलग-अलग राज्यों से खासतौर पर मसाले, सोया, दूध, चावल, मशरूम से बने विभिन्न उत्पाद, पैकेजिंग मैटेरियल और अन्य खाद्य पदार्थों को प्रदर्शित किया है। मेले रविवार को भारी भीड़ देखी गई। विशेष रूप से हॉल नम्बर चार में जहां खाने पीने से संबंधित स्टॉल लगाए गए थे। मेले में मसाला उद्योग में 94 साल की विरासत वाला प्रसिद्ध देवदत्त एक्सपोर्ट भारत प्राइवेट लिमिटेड बड़ी संख्या में लोगों को अपनी ओर खींच रहा है। यह स्टॉल पर प्रतिदिन लगभग 500 लोगों को अपनी ओर आकर्षित कर रहा है। कंपनी की टैगलाइन हर सुगंध में जुनून के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। प्रदर्शनी में मीनार मसाले ने अपनी 100 ग्राम की नई पैकेजिंग का अनावरण किया। कंपनी के बिरयानी मसाला को लोगों की सकारात्मक प्रतिक्रिया मिल रही है। देवदत्त एक्सपोर्ट भारत के बिजनेस डेवलपमेंट मैनेजर पंकज कुमार सिंह ने बताया कि हमारी कंपनी दिल्ली के पटपड़गंज में स्थित है।

हमारी कंपनी 1929 से मसालों के कारोबार में है खारी बावली से शुरू हुआ ये सफर आज देश विदेश में पहुंच चुका है। वह सूखे और पिसे हुए मसालों में कारोबार करते हैं। लेकिन उनकी ख्याति साबुत मसालों में है जोकि मीनार नाम से बाजार में जाना जाता है। इसके अतिरिक्त वह ड्राई फ्रूट्स में भी डील करते हैं। उन्होंने बताया कि हमारे पास देसी और विदेशी दोनों मसाले होते हैं। साथ ही ड्राई फ्रूट्स की बात की जाए तो उनके पास देश विदेश के ड्राई फ्रूट्स भी उपलब्ध हैं।

## ब्रह्मांड नव वर्ष उत्सव का होगा आयोजन



**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में 9-18 अप्रैल 2024 के बीच ब्रह्मांड नव वर्ष उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। ये 7 दिवसीय सांस्कृतिक उत्सव है, जो प्राचीन ज्ञान और अत्याधुनिक विज्ञान के अपने अद्वितीय सश्लेषण के साथ जीवन के सभी क्षेत्रों के लोगों को मंत्रमुग्ध करेगा। उत्सव एक रिकॉर्ड-सेटिंग प्रयास के साथ शुरू होगा। आध्यात्मिक रूप से प्रचंड स्वर में एक साथ बजाए जाने वाले 11,000 शंखों की शक्तिशाली गूंज, सम्पूर्ण ब्रह्माण्ड को गूंजायमान करेगी। श्रद्धेय ऋषिपुत्र ऋषिवर हरि प्रकाश कहते हैं, पवित्र शख की गूंज हमारे क्राऊनचक से बहती ऊर्जा को इसलोक व आयाम से पार ले जाने में सक्षम है।

## सरकार केशोपुर व अलीपुर में जलबोर्ड की लापरवाही से हुए हादसों के लिए मुआवजा दे : सचदेवा



> दुर्घटना के बाद मुख्यमंत्री व जल मंत्री का बोरवेल के कमरे को ट्वीट कर सुरक्षित बताना अपनी सरकार व जलबोर्ड अधिकारियों के बचाने की घिनौनी साजिश : वीरेन्द्र सचदेवा

**नई दिल्ली**, 10 मार्च (देशबन्धु)। दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने केशोपुर मंडी में दिल्ली जल बोर्ड के परिसर स्थित एक बोरवेल में एक व्यक्ति की गिरकर मृत्यु पर गहरा दुख व्यक्त किया है। उन्होने कहा है की दुर्घटना के बाद मुख्य मंत्री अरविंद केजरीवाल एवं जल मंत्री आतिशी का बोरवेल के कमरे को ट्वीट कर सुरक्षित बताना अपनी सरकार एवं जलबोर्ड अधिकारियों के बचाने की घिनौनी साजिश बताया है। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने कहा है की दिल्ली में जलबोर्ड द्वारा लापरवाही से छोड़े गड्डे या बोरवेल में गिरने के हादसे का मात्र 10 दिन में यह दूसरा मामला है। खेदपूर्ण है की गत 28 फरवरी को अलीपुर के मौहम्मदपुर में रमेश चन्द्र नामक युवक की लापरवाही से खुले छोड़े गए सीवर गड्ढे में गिरने से मौत हुई जिसे सरकार ने लीपापोती कर दबा दिया। आज केशोपुर मंडी जलबोर्ड कार्यालय की दुर्घटना की जानकारी पुलिस ने सार्वजनिक कर दी। भाजपा को भी मालूम हुई और हमारी प्रदेश महामंत्री और लोकसभा चुनाव प्रत्याशी कमलजीत सहरावत सहयोगी कार्यकर्ताओं के साथ घटनास्थल पर पहुंची और जांच-परख की तो पाया की बोरवेल एक पुराने खंडहर हाल कमरे में है।



हिसार में मल्लिकार्जुन खड़गे के सामने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण करते भाजपा सांसद बिजेन्द्र सिंह।
फोटो : इम्तियाज

## दिल्ली हाईकोर्ट ने की पति की तलाक वाली याचिका खारिज

**नई दिल्ली**, 10 मार्च (देशबन्धु)। तलाक देने से इनकार करने के पारिवारिक न्यायालय के निर्णय को बरकरार रखते हुए दिल्ली हाईकोर्ट ने कहा कि पति-पत्नी के बीच झगड़े का मुख्य कारण केवल समायोजन, समझ और साथ रहने की इच्छा की कमी है। न्यायमूर्ति सुरेश कुमार कैत और न्यायमूर्ति नीना बंसल कृष्णा की पीठ ने कहा कि पीठ ने कहा कि यह एक टूटी हुई शादी थी, जहां दोनों पक्ष करीब 30 साल से अलग-अलग रह रहे थे और उनके बीच पुनर्मिलन की कोई संभावना नहीं थी। हालांकि, अपीलकर्ता कोई कारण नहीं बता पाया कि वह कभी प्रतिवादी से मिलने क्यों नहीं गया या उसे वापस लाने का कोई प्रयास क्यों नहीं किया। अदालत ने कहा कि अपीलकर्ता (पति) ने अपने वैवाहिक दायित्वों को निभाने से एकतरफा इनकार कर दिया और वास्तव में प्रतिवादी (पत्नी) को बिना किसी गलती के वैवाहिक संबंध से वंचित करके उसके प्रति अपरिभाषित क्रूरता पैदा की है। पारिवारिक न्यायालय ने हिंदू विवाह अधिनियम-1955 के तहत पत्नी द्वारा क्रूरता और परित्याग के आधार पर तलाक की मांग करने वाली पति की याचिका को खारिज कर दिया गया था।

## नेहरू पार्क में 'म्यूजिक इन द पार्क' कार्यक्रम आयोजित



- दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र से आए श्रोताओं ने लिया आनंद

**नई दिल्ली**, 10 मार्च (देशबन्धु)। वसंत ऋतु समारोहों की श्रृंखला के अंतर्गत, नई दिल्ली नगरपालिका परिषद एनडीएमसी ने स्पिक मैके और एसआरएस फाउंडेशन के सहयोग से नेहरू पार्क चाणक्यपुरी में एक शास्त्रीय संगीत समारोह का आयोजन किया। म्यूजिक इन द पार्क कार्यक्रम में दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र से आए श्रोताओं ने शास्त्रीय का आनंद लिया। संगीत प्रेमी प्रतिष्ठित डॉ. एन. राजम परिवार की तीन पीढ़ियों के अद्भुत प्रदर्शन से मंत्रमुग्ध हो गए। हिंदुस्तानी शास्त्रीय वायलिन की प्रकाश स्तंभ डॉ. एन. राजम ने अपनी बेटी संगीता शंकर और पोतियों नंदिनी एवं रागिनी शंकर के साथ मिलकर संगीत की एक मनमोहक कशीदाकारी बुनी। प्रतिभाशाली तबला कलाकार अभिषेक मिश्रा ने अपने प्रदर्शन में लयबद्ध गहराई जोड़ी। शाम की शुरुआत प्रशंसित ओंकार दादरकर के भावपूर्ण गायन के साथ हुई, उनके साथ हारमोनियम पर उस्ताद विनय मिश्रा और तबले पर दुर्जय भौमिक थे। इस मनमोहक प्रदर्शन के बाद प्रसिद्ध तालवादक बिक्रम घोष ने मंत्रमुग्ध कर देने वाले ताल-वाद्य के साथ मंच संभाला।

# भाग दौड़ भरी जिंदगी में सेहत का ख्याल रखना बेहद जरूरी : मतीन

- स्वास्थ्य क्षेत्र में काम करने वालों को प्रोत्साहित करना जरूरी
- समाज के प्रभावशाली लोगों को भी जुड़ना चाहिए



> यूनानी दवाएं बिना किसी नुकसान के शरीर को फायदा पहुंचाने के साथ शरीर को नई ऊर्जा देती है : चौधरी मतीन अहमद

**नई दिल्ली**, 10 मार्च (देशबन्धु)। ऑल इंडिया यूनानी तिब्बी कांग्रेस यूनानी उपचार जनता के द्वार मिशन 2025 के तहत 80वां निःशुल्क यूनानी चिकित्सा शिविर शहीद अशफाकउल्लाह खान पार्क, न्यू सीलमपुर दिल्ली में आयोजित किया गया। जिसमें कांग्रेस के कद्दावर नेता और पूर्व विधायक चौधरी मतीन अहमद ने विशेष रूप से शिरकत की और शिविर का उद्घाटन किया। इस मौके पर मतीन अहमद ने कहा कि आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में सेहत का ख्याल रखना बहुत जरूरी है।

ऐसे शिविर लोगों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता पैदा करते हैं, तथा समय-समय पर निःशुल्क चिकित्सा शिविरों का आयोजन करने के लिए ऑल इंडिया यूनानी तिब्बी कांग्रेस के लोग बधाई के पात्र हैं। और यह लोग एक मिशन के तहत काम कर रहे हैं। यूनानी चिकित्सा पद्धति के बारे में मतीन अहमद ने कहा कि वैश्विक महामारी कोरोना वायरस के दौर में हम सभी ने अपनी आंखों से देखा कि लोग इम्यूनिटी बढ़ाने के लिए वर्षों से प्रयोग किए जा रहे जड़ी बूटी से बने जोशांदे पी रहे थे। उन्होनें कहा कि हमारे वैध और हकीमों के पास जो जड़ी बूटियां और जो हकीमी दवाएं है वो हर दौर में कारगर साबित होंगी। उन्होंने कहा कि यूनानी दवाएं बिना किसी नुकसान के शरीर को फायदा पहुंचाती हैं और शरीर को नई ऊर्जा देती है। इसलिए मैं एक बार फिर यूनानी से जुड़े सभी लोगों को इस पैथी को घर पहुंचने की महान सेवा करने के लिए बधाई देता हूं।

इस अवसर पर ऑल इंडिया यूनानी तिब्बी कांग्रेस के महासचिव डॉ. सैयद अहमद खान ने कहा कि शिविर से बड़ी संख्या में लोगों को लाभ हुआ है और सर्दी, जुकाम, पेट के रोग, जोड़ों के दर्द, मधुमेह, पीठ के रोग से पीड़ित, दर्द आदि के मरीज़ ज्यादा थे, मरीजों को देखा गया और इनकी बीमारी के ताल्लुक से दवाएं निःशुल्क प्रदान की गईं और स्वस्थ रहने के लिए बहुमूल्य सलाह दी गई। इस अवसर पर योग गुरु डॉ. बदरुल इस्लाम केरणवी ने लोगों को शरीर को स्वस्थ बनाने के लिए प्रोत्साहित किया और अलग व्यायाम के बारे में बताया। सीलमपुर विधानसभा क्षेत्र के युवा नेता सद्दाम प्रधान ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि स्वास्थ्य और फिटनेस सबसे बड़ा धन है और जो लोग स्वास्थ्य क्षेत्र में काम कर रहे हैं उन्हें न केवल प्रोत्साहित किया जाना चाहिए बल्कि जो काम वो कर रहे है उसमे समाज के प्रभावशाली लोगों को भी जुड़ना चाहिए ताकि बड़े पैमाने पर लोगों को सेहत के बारे में जागरूक किया जा सके। सद्दाम ने कहा कि डॉ. सैयद अहमद खान द्वारा शुरू किये गये शिविरों की श्रृंखला से लोगों को काफी लाभ मिल रहा है। शिविर के अंत में फेस ग्रुप के चेयरमैन डॉ. मुश्ताक अंसारी को उनकी सामाजिक सेवाओं के लिए शॉल ओढ़ाकर और मोमेंटो देकर स्वागत किया गया।

## भाजपा ने की वोटर जागरूकता अभियान की शुरुआत

**नई दिल्ली**, 10 मार्च (देशबन्धु)। देश भर में नशा मुक्ति अभियान के तहत युवाओं को जागरुक करने वाले समाजिक कार्यकर्ता मनोज कुमार जो कि गेट वे ऑफ इंडिया से इंडिया गेट तक दौड़कर आने का कीर्तिमान स्थापित कर चुके हैं ने आज दिल्ली के सभी विधानसभाओं में वोटर जागरुकता दौड़ करने का निर्णय लिया है। जिसकी आज शुरुआत दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने प्रदेश कार्यालय से हरी झंडी दिखाकर की। वीरेन्द्र सचदेवा ने इस सराहनीय कदम के लिए मनोज कुमार को साधुवाद दिया और साथ ही युवाओं को नशा मुक्त करने के साथ ही वोट देने के लिए जागरुकता की पहल की सराहना की।



इस मौके पर प्रदेश महामंत्री योगेन्द्र चंदौलिया, प्रदेश मंत्री नरेश एरॉन, युवा मोर्चा अध्यक्ष सागर त्यागी, कोच अनिल कुमार और विभिन्न स्कूलों के बच्चे उपस्थित थे जिन्होंने इस दौड़ के प्रथम चरण में भाग भी लिया। इस मौके पर वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा कि दिल्ली की सभी 70 विधानसभाओं में मनोज कुमार नशा मुक्ती दिल्ली के साथ ही वोटर जागरूकता का संदेश देगे।

# कैपिटल ज़ोन

उवाच

जरूरत और आधुनिकता को देखते हुए स्टेडियम निर्माण का बजट बढ़ गया है। बीते नौ सालों के दौरान क्रिकेट स्टेडियम के निर्माण की लागत में लगभग 25 फीसदी का इजाफा हुआ है। अर्थात शुरुआत में जहां निर्माण लागत साढ़े तीन सौ करोड़ आ रही थी, अब वह बढ़कर साढ़े चार सौ करोड़ पहुंच गई है।

**राकेश मिश्रा, गाजियाबाद क्रिकेट एसोसिएशन अध्यक्ष**

## आज होगा गाजियाबाद 311 ऐप का शुभारंभ

### एकल ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर शहरवासियों को मिलेगी सुविधा

**गाजियाबाद,** 10 मार्च (देशबन्धु)। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के नेतृत्व में गाजियाबाद नगर निगम द्वारा भव्य कार्यक्रम का आयोजन करते हुए गाजियाबाद 311 ऐप लॉन्च करने की तैयारी की हुई है। गाजियाबाद नगर निगम द्वारा प्रदत्त विभिन्न जन सेवाओं को प्रदान करने तथा जनता की विभिन्न समस्याओं के त्वरित समाधान हेतु एकल ऑनलाइन प्लेटफॉर्म गाजियाबाद 311 ऐप की शुरुआत सोमवार को होगी, जिसके लिए लोहिया नगर स्थित हिंदी भवन में कार्यक्रम 4:30 बजे प्रारंभ होगा। कार्यक्रम में शहर के अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित होंगे। गाजियाबाद 311 ऐप सभी शहरवासियों तथा गाजियाबाद नगर निगम टीम के लिए भी सुविधाजनक होगी। एक ही प्लेटफार्म पर अनेक समस्याओं का समाधान शहर को मिलेगा।

नगर आयुक्त ने बताया गया कि गाजियाबाद 311 ऐप की शुरुआत होगी।



जिसकी औपचारिक शुरुआत के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय राज्य मंत्री जनरल डॉ. वीके सिंह उपस्थित होंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में कैबिनेट मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार सुनील शर्मा तथा राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार उत्तर प्रदेश सरकार नरेंद्र कश्यप उपस्थित होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महापौर सुनीता दयाल करेंगी। माननीय सांसद राज्यसभा अनिल अग्रवाल, मुरादनगर विधायक अजीत पाल त्यागी, शहर विधायक अतुल गर्ग, गाजियाबाद भाजपा महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा तथा समस्त क्षेत्रीय पार्षद भी उपस्थित रहेंगे। गाजियाबाद 311 ऐप को शहर वासियों के लिए सरल और सुविधाजनक तैयार किया गया है। जिससे त्वरित कार्रवाई के अंतर्गत शहर की समस्याओं का निस्तारण किया जाएगा।

गाजियाबाद नगर निगम शहर हित में लगातार कार्य कर रहा है। इसी क्रम में नगर आयुक्त द्वारा गाजियाबाद 311 ऐप बनाया गया है इस ऐप के माध्यम से लगभग 66 समस्याओं के निस्तारण पर कार्य होगा, सभी विभागीय अधिकारियों की मॉनिटरिंग में ऐप का कार्य पूर्ण कराकर प्रशिक्षण भी किया गया है इसी माध्यम से जन समस्याओं का समाधान सरलता से हो सकेगा, कार्यक्रम के दौरान सभी उपस्थित जनों को गाजियाबाद 311 की विस्तृत जानकारी दी जाएगी तथा ऐप डाउनलोड कर कर शुरुआत की जाएगी।

## अवकाश दिवसों में शहर में लगे 22 हाउस टैक्स वसूली कैंप

**गाजियाबाद,** 10 मार्च (देशबन्धु)। गाजियाबाद नगर निगम द्वारा शहर में करदाताओं की सहूलियत का ध्यान रखते हुए अवकाश दिवस में भी कैंप लगाई गई जिसमें लगभग 549 करदाताओं ने अवकाश में अपना हाउस टैक्स जमा कराया, सभी जोनल कार्यालय भी खुले रहे अलग-अलग स्थान पर कैंप लगे लगभग 22 स्थान पर गाजियाबाद नगर निगम द्वारा कैंप लगाए गए एक करोड़ 86 लाख की वसूली गाजियाबाद नगर निगम को अवकाश दिवस में हुई, अवकाश दिवस में कैंप लगने पर क्षेत्रवासियों ने गाजियाबाद नगर निगम टीम का धन्यवाद भी किया, सभी जोन में जोनल प्रभारी के नेतृत्व में कर वसूली कैंप लगाए गए तथा मेहनत सफल हुई। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के नेतृत्व में सभी जोनल कार्यालय में अवकाश दिवस में भी हाउस टैक्स वसूली को लेकर कार्रवाई की गई सभी टीम उपस्थिति रही तथा सभी क्षेत्रों में



- **549 करदाताओं ने उठाया लाभ, वसूल हुए 1.86 करोड़**
- **कर वसूली में रहा मोहन नगर जोन सबसे आगे, नगर आयुक्त ने की प्रशंसा**

बृहद स्तर पर अभियान के रूप में कार्रवाई हुई तथा करदाताओं की सहूलियत को ध्यान में रखते हुए 22 स्थान पर कैंप लगाए गए जिसमें मोहन नगर जोन सबसे आगे रहा। लगभग 150 करदाताओं ने अपना हाउस टैक्स कैंप पर आकर जमा कराया 60 लाख की वसूली हुई, विजयनगर के अंतर्गत 50 करदाताओं ने कैंप का लाभ उठाया लगभग 3 लाख 50 हजार की वसूली हुई। वसुंधरा के अंतर्गत 35 लाख की वसूली हुई तथा कैंप पर 110 लोगों ने अपना हाउस टैक्स जमा किया, सिटी जोन के अंतर्गत 153 करदाताओं ने अपना हाउस टैक्स जमा किया जिसमें 11 लाख 15 हजार की वसूली हुई, कवि नगर के अंतर्गत 86 करदाताओं ने लाभ उठाया तथा 12 लाख की वसूली हुई। गाजियाबाद नगर निगम के खाते में एक करोड़ 86 लाख तीन अवकाश दिवस में आए तथा सम्मानित करदाताओं द्वारा अपना कर जमा किया गया लगने वाले 12 प्रतिशत ब्याज से बचाव किया गया।

अवकाश दिवसों में लगने वाले हाउस टैक्स कैंप के दौरान करदाताओं ने अपना हाउस टैक्स जमा किया तथा गाजियाबाद नगर निगम को धन्यवाद भी प्रेषित किया नगर आयुक्त द्वारा टीम को मोटिवेट किया गया मुख्य कर निर्धारण अधिकारी डॉक्टर संजीव तथा अन्य जोनल प्रभारी के कार्यों की भी प्रशंसा की। अवकाश दिवसों में मोहन नगर जोन में सबसे अधिक वसूली हुई जिसके लिए उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों की सरहाना की गई, आरडब्ल्यूए पदाधिकारी, क्षेत्रीय पार्षदों, द्वारा गाजियाबाद नगर निगम का विशेष सहयोग किया गया।

### सार संक्षेप

#### मोहित पहलवान ने प्रथम कुश्ती में मारी बाजी

**बुलंदशहर।** कोतवाली ककोड़ छेत्र के गांव वैलना में प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर राधा



कृष्ण मंदिर के उपलक्ष में 46वें कुश्ती दंगल का आयोजन किया गया। इस दंगल के मुख्य अतिथि विधायक लक्ष्मी राज के भाई सचिन राज, ठाकुर कृषक किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमन ठाकुर और ककोड़ के चैयरमैन मोहित सिंगल ने फीता काटकर इस दंगल का शुभ आरंभ किया। इस दंगल में छोटी से लेकर बड़ी कुश्ती का आयोजन किया गया दंगल में छोटे पहलवान और बड़े पहलवान ने अपने जौहर दिखाएं प्रथम कुश्ती दिल्ली के हरियाणा हिंद केसरी और दानिश पहलवान अनवरगढ़ के बीच मुकाबला हुआ जिसमें मोहित पहलवान हिंद केसरी हरियाणा ने बाजी मारी और उन्हें 11000 और एक शील्ड देकर नवाजा गया दूसरी कुश्ती 7100 और तीसरी कुश्ती 5100 रुपए की कराई गई दिन रात के चले इस दंगल में दर्शकों की भी अहम भूमिका रही जिन्होंने इस दंगल का खूब लुफ्त उठाया और स्टेडियम दर्शकों से खचाखच भरा रहा।

#### जिला बदर तस्कर चढ़ा पुलिस के हत्थे

**नोएडा।** जिला बदर होने के बावजूद जनपद की सीमा में रहने वाले वाले आरोपी को सेक्टर-63 पुलिस ने रविवार को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी राकेश कुमार को वाजिदपुर गांव में उसके घर से ही दबोचा गया है। राकेश पर मादक पदार्थों की तस्करी करने का आरोप है और अलग-अलग थाने में उसके खिलाफ आठ केस दर्ज हैं। थाना प्रभारी ने बताया कि मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले राकेश कुमार को सेंट्रल नोएडा पुलिस द्वारा जिला बदर घोषित किया गया था। उसके खिलाफ फेज तीन थाने में कई केस दर्ज हैं। फेज तीन पुलिस ने ही उसके खिलाफ गुंडा एक्ट के तहत भी कार्रवाई की गई थी। इसके बाद अपर पुलिस आयुक्त कानून एवं व्यवस्था गौतमबुद्धनगर के आदेश पर उसे सात फरवरी 2024 को जिला बदर घोषित कर दिया गया। राकेश को जिला बदर का नोटिस तामील कराने के बाद जनपद की सीमा से बाहर छोड़ा गया था। जिला बदर के आदेश का उल्लंघन करते हुए आरोपी घर पर ही रह रहा था। मुखबिर से मिली सूचना पर रविवार को उसे घर से ही दबोच लिया गया।

#### आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में पति गिरफ्तार

**नोएडा।** पत्नी को आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में आरोपी पति को सेक्टर-63 पुलिस ने रविवार को गिरफ्तार कर लिया। पत्नी के आत्महत्या के बाद आरोपी पति फरार हो गया था। मृतक महिला के मां की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया और मुखबिर से मिली सूचना पर उसे दबोच लिया। थाना प्रभारी ने बताया कि शाहजहांपुर का हारून शाह चोटपुर कॉलोनी स्थित अबू बकर मस्जिद के पास किराये का कमरा लेकर पत्नी गुलफ्शां और दो बच्चों के साथ रहता था। वह एक फैक्ट्री में काम करता था। पांच मार्च को हारून और गुलफ्शां के बीच बात को लेकर बहस हो गई। इसके बाद हारून ने उसके साथ मारपीट की। आरोप है कि हारून ने पत्नी को आत्महत्या के लिए उकसाया और उसने फंदे से लटककर आत्महत्या कर ली।

## निषाद पार्टी के सिंबल पर सीट चाहिए : संजय निषाद

- **नोएडा में नेक्सजेन एनर्जिया कंपनी के एमडी से की मुलाकात**



**नोएडा,** 10 मार्च (देशबन्धु)। लोकसभा चुनाव 2024 से पहले उत्तर प्रदेश में योगी सरकार के मंत्री और निषाद पार्टी के अध्यक्ष संजय निषाद ने एक बड़ी मांग कर दी है। यूपी में एनडीए गठबंधन में टिकट बंटवारे पर कैबिनेट मंत्री संजय निषाद की नाराजगी सामने आई है। यूपी के कैबिनेट मंत्री संजय निषाद ने कहा कि हमें निषाद पार्टी के सिंबल पर सीट चाहिए, नहीं तो हमारे कार्यकर्ता नाराज हो जाएंगे। ये बात उन्होंने नोएडा के सेक्टर-63 में नेक्सजेन एनर्जिया कंपनी में एक कार्यक्रम के दौरान कही। इस दौरान कंपनी के एमडी पीयूष द्वीवेदी से मुलाकात की। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि अगर ऐसा नहीं हुआ तो कार्यकर्ताओं को संभालना मुश्किल हो जाएगा। जब अपना दल को दे रहे हैं, आरएलडी को दे रहे हैं, राजभर की पार्टी को तो हमे क्यों नहीं योगी सरकार में मंत्री संजय निषाद के बेटे प्रवीण निषाद संतकबीर नगर से सांसद हैं। भाजपा ने प्रवीण निषाद को दूसरी बार संतकबीर नगर से लोकसभा का टिकट दिया है। संजय निषाद ने पार्टी सिंबल पर सीट की मांग की है। उन्होंने निषाद मतदाताओं की संख्या को देखते हुए एक सीट मिलना चाहिए। संजय निषाद ने कहा कि प्रवीण निषाद को बीजेपी ने दोबारा लोकसभा का उम्मीदवार बनाया है। ऐसे में निषाद मतदाता खुश नहीं हैं। उन्होंने कहा कि सीट बंटवारे पर बीजेपी आलाकमान से बातचीत चल रही है। निषाद पार्टी के कार्यकर्ताओं को शांत रहने के लिए कहा है। उन्होंने जोर देकर कहा कि एनडीए गठबंधन में शामिल अन्य दलों को भी खुद के सिंबल पर सीटें आवंटित की गई हैं। ऐसे में निषाद पार्टी के सिंबल पर एक सीट नहीं मिलने से कार्यकर्ता नाराज हो जाएंगे।

## छह अंडरपास में फसाड लाइटिंग से होगा सौंदर्यकरण

**नोएडा,** 10 मार्च (देशबन्धु)। छह अंडरपास में फसाड लाइटिंग लगाकर उनका सौंदर्यीकरण कराया जाएगा। ये अंडरपास सेक्टर-60, 33, 37, 71, 93 एवं सेक्टर-32 सिटी सेंटर हैं। इन अंडरपास में पेंटिंग का काम भी होगा। नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों ने बताया कि सीईओ डॉ. लोकेश एम के निर्देश के तहत शहर के सभी अंडरपास में फसाड लाइटिंग लगाई जानी हैं। अभी तक सेक्टर-61 एलिवेटेड रोड, फिल्म सिटी फ्लाईओवर, महामाया फ्लाईओवर आदि जगह फसाड लाइट लगाने का काम पूरा किया जा चुका है। कुछ साल पहले एक-दो अंडरपास में भी ये लाइटें लगाई गईं थीं लेकिन सफल नहीं हुई। अब नए सिरे से फसाड लाइट लगाने का निर्णय प्राधिकरण ने लिया है। प्राधिकरण अधिकारियों ने बताया कि सेक्टर-60, 33, 37, 71, 94 एवं सेक्टर-32 सिटी सेंटर आदि अंडरपास में पेंटिंग कर फसाड लाइट लगवाई जाएंगी। नोएडा प्राधिकरण के एसीईओ संजय खत्री ने बताया कि इन जगह लाइट लगाने के लिए टेंडर जारी करने की प्रक्रिया चल रही है। जल्द ही जारी कर दिए जाएंगे। एक अंडरपास में पेंटिंग व फसाड लाइट लगवाने पर करीब एक करोड़ रुपए का खर्चा आएगा। ऐसे में पहले चरण में छह अंडरपास का सौंदर्यीकरण के लिए छह करोड़ के बजट को मंजूरी दी गई है।

- **एक अंडरपास में खर्च आएगा करीब 1 करोड़**

## प्रदर्शनी से महिला समेत तीन का बैग चोरी

**नोएडा,** 10 मार्च (देशबन्धु)। सेक्टर-62 में लगी प्रदर्शनी में शामिल होने आई महिला समेत तीन लोगों का बैग चोरी कर चोर फरार हो गए। एक ही दिन में तीनों का बैग चोरी हुआ है। बैग में लाखों की नगदी, लैपटॉप और मोबाइल समेत अन्य सामान था। सेक्टर-58 पुलिस को दी शिकायत में सेक्टर-78 स्थित अंतरिक्ष गोल्फ व्यू सोसाइटी निवासी सत्यवीर चौहान ने बताया कि छह मार्च को वह डायमंड इंजीनियरिंग वर्क्स कंपनी द्वारा सेक्टर-62 में लगाई गई प्रदर्शनी में आए थे। यहां से सत्यवीर का बैग चोरी कर युवक फरार हो गया। शिकायतकर्ता के मुताबिक बैग में एक लाख 50 हजार रुपए, पासपोर्ट, आधार और पैन कार्ड, वोटर आईडी कार्ड, पासबुक और चेकबुक, लॉकर की चाबी और परिवार के अन्य लोगों के दस्तावेज समेत अन्य सामान रखा हुआ था। इसके अलावा चोरों ने प्रदर्शन से ही बलप्रीत कौर नामक महिला का भी बैग चोरी कर लिया। बैग में बलप्रीत का मोबाइल और नकदी समेत अन्य सामान था। साथ ही चोरों ने यहीं से सुहैल गुगलानी का बैग भी चोरी कर लिया। बैग में एप्पल का लैपटॉप समेत अन्य सामान था। काफी तलाश करने के बाद भी तीनों को जब उनका बैग नहीं मिला तो उन्होंने मामले की शिकायत पुलिस से की। सेक्टर-58 थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़ितों की शिकायत पर पुलिस मामले की जांच कर रही है। सत्यवीर का बैग चोरी कर ले जाते हुए युवक सीसीटीवी कैमरे में दिखा है। फुटेज के आधार पर पुलिस चोरों की पहचान कर रही है।

## राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन से जुड़े प्रदेश भर के कर्मचारी 11 व 12 को रहेंगे हड़ताल पर

**गाजियाबाद,** 10 मार्च (देशबन्धु)। एमएचएम (राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन) से जुड़े तमाम संविदा कर्मचारी 11 व 12 मार्च को ऑनलाइन रिपोर्टिंग ठप (डिजिटल स्ट्राइक) पर रहेंगे।

संगठन के जिला महामंत्री चंद्र प्रकाश गौड़ ने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा प्रदेश सरकार को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन 0 अंतर्गत कार्यरत संविदा कर्मचारियो के वेतन विसंगति को दूर करने के लिए वर्ष 2018 से अतिरिक्त धनराशि प्रदान की जा रही है, लेकिन राज्य सरकार और उनके अधिकारियों की उदासीनता के कारण संविदा कर्मचारियों की वेतन वृद्धि नहीं की जा रही है।



जिससे संविदा कर्मचारियों में बहुत रोष है वेतन विसंगति दूर करने के लिए संयुक्त राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कर्मचारी संघ संबद्ध भारतीय मजदूर संघ के आवाह्न पर प्रदेश के सभी संविदा कर्मचारियों ने मुख्यमंत्री को गत फरवरी माह में अपनी पीड़ा से पत्र भेज कर अवगत कराया था लेकिन कोई समुचित कार्रवाई न होने के कारण, प्रदेश संगठन के आव्हान पर आगामी दिनांक 11 और 12 मार्च 2024 को पूरे प्रदेश में ऑनलाइन रिपोर्टिंग ठप (डिजिटल स्ट्राइक) करने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने बताया कि जिसके अनुपालन में जनपद गाजियाबाद के कर्मचारियों द्वारा भी जनहित और राष्ट्रीय हित में अपने ड्युटी स्थल पर मरीजो की जांच, इलाज और दवा देने का कार्य तो किया जाएगा परंतु अपनी उचित मांगों के निराकरण के लिए ऑनलाइन रिपोर्टिंग का कार्य आगामी दो देशों की में नहीं किया जाएगा। इस प्रकार सांकेतिक डिजिटल स्ट्राइक कर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन गाजियाबाद के सभी कर्मचारी प्रदेश संगठन के आंदोलन को सफल बनाने का प्रयास करेंगे तथा अपने परिवार की सामाजिक सुरक्षा एवं भरण पोषण हेतु डिजिटल स्ट्राइक में शत-प्रतिशत भाग लेंगे।

## 19 लोस चुनाव लड़ाएगा राष्ट्रवादी जनसत्ता दल, समीक्षा बैठक में लिया निर्णय

**गाजियाबाद,** 10 मार्च (देशबन्धु)। राष्ट्रवादी जनसत्ता दल ने एलान किया है कि लोकसभा चुनाव में पश्चिमी उत्तर प्रदेश में 19 सीटों पर अपना प्रत्याशी उतरेगी और मजबूती के साथ चुनाव लड़ेगी।

पार्टी की समीक्षा बैठक के बाद पार्टी के राष्ट्रीय जनसत्ता दल के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक त्यागी व उत्तर प्रदेश स्वास्थ प्रकोष्ठ के प्रभारी डॉ. बीपी त्यागी ने बताया कि समीक्षा बैठक में यह निर्णय लिया गया है। उन्होंने बताया कि बैठक में कार्यकर्ता में जोश भर कर जीत का मंत्र दिया गया। गांव-गांव में राष्ट्रवादी जनसत्ता दल की चौपाल व फर्स्ट ऐड हेल्थ सेंटर बनाने का निर्णय लिया गया। 817 गांव में प्रभारी व सहप्रभारी बनाए गए जो गांव स्तर पर कार्य में लग गए है। बैठक में पार्टी के संस्थापक सदस्य नरेंद्र त्यागी व सभी जिलो के अध्यक्ष उपस्थित रहे। सभी ने अपनी कारगुजारी दी। उन्होंने बताया कि एक ज़िले में 13 प्रकोष्ठ बनाये गए। जिसमें महिला मोर्चा, किसान मोर्चा, अधिवक्ता मोर्चा, छात्र मोर्चा, युवा मोर्चा, चिकित्सा प्रकोष्ठ, मजदूर मोर्चा, सांस्कृतिक मोर्चा, एससी/एसटी, अल्पसंख्यक मोर्चा व व्यापार संघ है।




- **मजबूती के साथ लड़ेगी चुनावी दंगल में उतरेगा दल : बीपी त्यागी**

उससे अलग त्यागी भूमिहार समाज की 3670 शाखाओ को भी चुनाओ की तैयारी के लिए जोड़ा गया। राजपाल सिंह गौतम क्षेत्रीय अध्यक्ष राष्ट्रवादी जनसत्ता दल एससीएसटी मोर्चा नियुक्ति की गई। इस्लामुद्दीन (दादरी) को अल्प संख्यक समाज का क्षेत्रीय अध्यक्ष बनाया गया। वीरेंद्र सिंह गौतम को ख़रख़ोदा विधान सभा का अध्यक्ष बनाया गया। विवेक त्यागी को अधिवक्ता प्रकोष्ठ रास्ट्र वादी जनसत्ता दल ग़ाज़ियाबाद का अध्यक्ष बनाया गया। विवेक त्यागी कौशाम्बी को साहिबाबाद विधान सभा का अध्यक्ष बनाया गया।

## आईपीओ में निवेश कराने का झांसा देकर इंजीनियर से 81 लाख ठगे

**नोएडा,** 10 मार्च (देशबन्धु)। साइबर अपराधियों ने सेक्टर 75 में रहने वाले एक मैकेनिकल इंजीनियर को आईपीओ और शेयर बाजार में निवेश कराने का झांसा देकर उनके साथ 81 लाख 59 हजार 434 रुपए की ठगी कर ली है। जालसाजों ने पीड़ित को एक व्हाट्सएप ग्रुप में जोड़कर ठगी की वारदात को अंजाम दिया है। वारदात के बाद से पीड़ित इंजीनियर सदमे में चला गया है। इसको लेकर उन्होंने साइबर क्राइम थाने में केस दर्ज कराया है।

पुलिस को दी गई शिकायत में हरीकुमार वेंगापल्ली ने बताया कि वह सेक्टर 75 स्थित गोल्फ सिटी सोसाइटी में रहते हैं। उन्होंने बताया कि वह शहर के एक निजी कंपनी में मैकेनिकल इंजीनियर के पद पर काम करते हैं। उनके पास कुछ समय पहले व्हाट्सऐप पर मैसेज आया, जिसमें घर बैठे डिजिटल मार्केटिंग और ऑनलाइन ट्रेडिंग करके लाखों रुपए कमाने की बात कही गई थी। उन्होंने जब उक्त नंबर पर संपर्क किया तो उनको व्हाट्सऐप के एक ग्रुप में जोड़ दिया गया। ग्रुप में पहले से 100 लोग जुड़े हुए थे। इसके बाद आरोपियों ने उनको ऑनलाइन पेज की रेटिंग और रिव्यू का टास्क दिया, जिसको उन्होंने पूरा किया। इससे उनको कुछ फायदा हुआ। जालसाजों ने उनको दूसरे टास्क में ऑनलाइन ट्रेडिंग आईपीओ में निवेश करने के लिए टास्क दिया। जिसके लिए उन्होंने ज्योति सीएनसी कंपनी के साथ ही कई कंपनियों का लाखों में आईपीओ खरीद लिया। इस दौरान ग्रुप में आरोपियों के द्वारा उनको लगातार इन कंपनियों के ज्यादा मुनाफा होने की बात कही गई। जिसके कारण लगातार वह रुपए लगाते गए। आरोपियों के द्वारा दिए गए ऐप में लगातार उनके निवेश किए गए रुपए बढ़ते हुए दिख रहे थे। जिसकी वजह से वह कुल 81 लाख 59 हजार 434 रुपए निवेश कर दिए। इस दौरान उनका निवेश

- **लोन लेकर इंजीनियर ने 60 लाख किया शेयर बाजार में निवेश**
- **ठगी की वारदात के बाद पीड़ित इंजीनियर सदमे में गया**

और मुनाफा दोनों जोड़ कर कुल एक करोड़ 43 लाख 57 हजार 841 रुपए हो गए। वह जब अपने मुनाफे की रकम को वापस लेने लगे। तो जालसाजों ने उनके ट्रेडिंग अकाउंट को बंद कर दिया। इस दौरान जब उन्होंने उनसे वापस से अकाउंट को खोलने के लिए कहा तो जालसाजों ने उनसे और रुपए निवेश करने के लिए कहने लगे। जब उन्होंने जालसाजों से अपने निवेश के रुपए वापस मांगने लगे तो उनको व्हाट्सएप ग्रुप से बाहर कर दिया गया। पीड़ित ने बताया कि उन्होंने कई बैंकों से 60 लाख रुपए लोन लेकर शेयर बाजार में निवेश किया था। पीड़ित ने बताया कि ठगी की वारदात में उनके मुनाफे के साथ ही जालसाजों ने निवेश के 81 लाख 59 हजार 434 रुपए हड़प लिए हैं। थाना प्रभारी ने बताया कि मामले में युवक की दी गई शिकायत दर्ज कर ली गई है। पुलिस की एक टीम मामले की जांच कर रही है।

## गाजियाबाद में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम का शिलान्यास

- **वीके सिंह व राजीव शुक्ला ने संयुक्त रूप से रखी आधारशिला**
- **450 करोड़ की आएगी लागत, दो साल में हो जाएगा पूरा**

**गाजियाबाद,** 10 मार्च (देशबन्धु)। देश के क्रिकेट प्रेमियों के लिए रविवार का दिन ऐतिहासिक उपलब्धि लेकर आया। दिल्ली से सटे गाजियाबाद में आज केंद्रीय मंत्री जनरल वीके सिंह व राज्यसभा सांसद व बीसीसीआई के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम का शिलान्यास किया। अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम बनाने के लिए पिछले 9 वर्षों से संघर्ष चल रहा था। स्टेडियम के लिए भूमि भी चिन्हित की जा चुकी थी। लेकिन कई कारणों से इस स्टेडियम में 55 हजार दर्शकों के बैठने की क्षमता होगी। प्रथम चरण के दौरान चार सौ करोड़ तथा द्वितीय चरण के दौरान 50 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। अगले दो वर्ष 2026 तक स्टेडियम के निर्माण कार्य



को पूरा कर लिया जाएगा।

इस दौरान जनरल वीके सिंह ने कहा कि स्टेडियम के आरंभ होने से लाखों युवाओं को रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। बल्कि गाजियाबाद में आईपीएल मैच का आयोजन भी होगा। गाजियाबाद क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष राकेश मिश्रा ने बताया कि जरूरत और आधुनिकता को देखते हुए स्टेडियम निर्माण का बजट बढ़ गया है। बीते नौ सालों के दौरान क्रिकेट स्टेडियम के निर्माण की लागत में लगभग 25 फीसदी का इजाफा हुआ है। अर्थात शुरुआत में जहां निर्माण लागत साढ़े तीन सौ करोड़ आ रही थी, अब वह बढ़कर साढ़े चार सौ करोड़ पहुंच गई है।

इस कार्यक्रम में पूर्व विधायक सुरेंद्र कुमार, रियासत अली, राकेश मिश्रा, उमेश चौपड़ा, मनोज माकड़ जी, श्री धीरेंद्र चौधरी, अजय शर्मा, अंकित रंजन, निशांत सिसोदिया जी, अजीत तोमर, क्रिकेट एसोसिएशन से जुड़े लोग, भाजपा के वरिष्ठ एवं स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

## संसार बिना महिलाओं के नहीं चल सकता : अनिमा

**नोएडा,** 10 मार्च (देशबन्धु)। नोएडा के सेक्टर-40 स्थित बोथरा भवन में साध्वी अनिमा के सानिध्य में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। तेरापंथ महिला मंडल के द्वारा गीतिका के माध्यम से और नुक्कड़ नाटक के माध्यम से महिलाओं का संसार में वर्चस्व दिखाया गया। साध्वी श्री श्री ने कहा कि संसार बिना महिलाओं के नहीं चल सकता। यदि आप नौ देवियों की पूजा करते हैं आप नवरात्रि करते हैं महालक्ष्मी को मानते हैं और यदि आप अपने घर में अपने समाज में स्त्री का सम्मान नहीं करते हैं तो वो सब बेकार है। बिना महिला के सम्मान के भगवान भी ख़ुश नहीं होते हैं। उन्होंने आगे कहा नारी शक्ति स्वरूपा है। आज नारी समाज से कदम से कदम मिलाते हुई हर कार्य में बढ़ चढ़कर भाग ले रही है। एक मां के रूप में एक बेटी के रूप में एक बहन के रूप में एक पत्नी के रूप में एक महिला समाज को अपना सर्वस्व दे रही है। आज समाज सेवा में भी महिलाएं पीछे नहीं है। डॉक्टर साध्वी



सुधा प्रभा ने कहा कि नारी गुणों का ख़ान है। आनंद और उल्लास की बहती हुई गंगा है। अनुकूल और प्रतिकूलता के तटों के बीच बहने वाली धारा का नाम है नारी। इस मौके पर जैन समाज द्वारा डॉक्टर आरती कोचर को प्रेरणा सम्मान देकर सम्मानित किया गया। उत्तर प्रदेश युवा व्यापार मंडल द्वारा 2023 में किए गए कार्यों के लिए नोएडा महिला मंडल को प्रदेश अध्यक्ष विकास जैन ने विशेष सम्मान देकर सम्मानित किया गया।

उवाच "

ग्रेटर नोएडा वेस्ट के ट्रैफिक की समस्या को दूर करने के लिए कई परियोजनाओं पर काम चल रहा है। उन्होंने ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार की सराहना करते हुए कहा कि सीईओ नियमित रूप से ग्रेटर नोएडावासियों से मिलते हैं और उनकी समस्याओं को हल करते हैं।

डॉ. महेश शर्मा



# गांव की बाउंड्री के अंदर किसानों को आवंटित किए जाएंगे आबादी भूखंड

- यमुना प्राधिकरण ने शुरू की तैयारी
- अवैध कॉलोनी बसने से बचेगी
- लगभग 4500 किसानों को दिए जाने हैं आबादी भूखंड

**किसानों को गांव के चारों तरफ स्थित सड़क के अंदर आबादी के भूखंड आवंटित किए जाने का निर्णय लिया गया है। इसकी तैयारी शुरू कर दी गई है। आबादी भूखंड के लिए जमीन चिन्हित करने और उसे विकसित करने के लिए नियोजन व परियोजना विभाग को निर्देश दिए गए हैं : डॉ. अरुणवीर सिंह, सीईओ यमुना प्राधिकरण।**

**ग्रेटर नोएडा,** 10 मार्च (देशबन्धु)। यमुना प्राधिकरण जमीन अधिग्रहण से प्रभावित किसानों को गांव के पास पेरिफेरल (चारों तरफ स्थित सड़क) के अंदर ही सात फीसदी आबादी भूखंड देने की तैयारी कर रहा है। इससे जहां अवैध कालोनी बसने से बचेगी, वहीं किसानों का गांव से नाता भी जुड़ा रहेगा। इस संबंध में नियोजन व परियोजना विभाग के अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए हैं। ले-आउट प्लान तैयार किया जा रहा है। क्षेत्र के 16 गांवों के लगभग 4500 किसानों को भूखंड दिए जाने हैं। ग्रेटर नोएडा वेस्ट के शाहबेरी सहित कई अन्य गांवों की जमीन पर हुए अवैध कब्जे की समस्या को देखते हुए प्राधिकरण ने यह निर्णय लिया है।

दरअसल जमीन अधिग्रहण से प्रभावित किसानों को मुआवजे के साथ 7 फीसदी आबादी भूखंड का लाभ दिया जाता है। यमुना प्राधिकरण अगले तीन माह में रौनीजा, सलारपुर, फतेहपुर अट्टा, धनौरी, रुस्तमपुर, उस्मानपुर, चांदपुर, रामपुर, मूंजखेड़ा, खेरलीभाव, अच्छेजा बुजुर्ग, मोहम्मदपुर बुजुर्ग, पचोकरा, कादरपुर, निलौनी शाहपुर व जगनपुर, अफजलपुर सहित 16 गांवों के लगभग 4500 किसानों को 7 फीसदी आबादी भूखंड आवंटित करने की तैयारी कर रहा है। किसान पिछले कई साल से आबादी भूखंड के लिए भटक रहे हैं। प्राधिकरण सभी पात्र किसानों को गांव के चारों तरफस्थित सड़क के अंदर आबादी भूखंड आवंटित करेगा। किस गांव में कितने किसानों को आबादी के भूखंड दिए जाने हैं, उसके हिसाब से गांव के पास जमीन छोड़कर चारों तरफ सड़क का निर्माण किया जाएगा। पेरिफेरल के अंदर ही आबादी भूखंड आवंटित किए जाएंगे। इससे अवैध कब्जे की समस्या हमेशा के लिए खत्म हो जाएगी। एक ही जगह पर सभी किसानों के आबादी भूखंड होने से कोई बाहरी व्यक्ति अवैध निर्माण नहीं कर पाएगा। साथ ही गांव के चारों तरफ सड़क होने से विकास को भी गति मिलेगी।

# ग्रेनो वेस्ट के निवासियों को पहले एफओबी की सौगात







**ग्रेटर नोएडा,** 10 मार्च (देशबन्धु)। ग्रेटर नोएडा वेस्ट में एक मूर्ति गोलचक्कर पर पहला फुट ओवर ब्रिज बनकर तैयार हो गया है। रविवार को सांसद डॉ. महेश शर्मा और विधायक तेजपाल नागर ने प्राधिकरण की एसीईओ श्रीलक्ष्मी वीएस की मौजूदगी में इसका शुभारंभ किया। रविवार शाम से ही इसे पब्लिक के लिए से खोल दिया गया है।

फुटओवर ब्रिज के शुभारंभ के मौके पर डॉ. महेश शर्मा ने कहा कि ग्रेटर नोएडा वेस्ट के ट्रैफिक की समस्या को दूर करने के लिए कई परियोजनाओं पर काम चल रहा है। उन्होंने ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार की सराहना करते हुए

- सांसद डॉ. महेश शर्मा व दादरी विधायक ने रविवार को किया उद्घाटन
- एक मूर्ति गोलचक्कर पर 5.39 करोड़ की लागत से तैयार

कहा कि सीईओ नियमित रूप से ग्रेटर नोएडावासियों से मिलते हैं और उनकी समस्याओं को हल करते हैं। दादरी विधायक तेजपाल नागर ने कहा कि ग्रेटर नोएडा वेस्ट के विकास को कोई रोक नहीं सकता। यहां के निवासियों के सभी उम्मीदों को पूरा किया जाएगा। बता दें कि 130 मीटर चौड़ी सड़क पर एक मूर्ति गोलचक्कर के पास 5.39 करोड रुपए के लागत से रिकॉर्ड समय में तैयार हुआ है। चौराहे पर भीड़भाड़ को देखते हुए पैदल चलने वालों को सड़क पार करने में दिक्कत हो रही थी, इस फुट ओवरब्रिज के बनने से यह दिक्कत खत्म हो गई है। यह फुट ओवरब्रिज विगत 15 दिसम्बर को बनना शुरू हुआ है और 3 माह से भी कम समय में इसे पूरा कर दिया गया। रविवार को उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के ओएसडी हिमांशु वर्मा, वरिष्ठ प्रबंधक विजय बाजपेई, प्रबंधक प्रशांत समाधिया, प्रभारी प्रबंधक प्रभात शंकर समेत अधिकारी मौजूद रहे।

**एक एफओबी बना, सात और जल्द बनेंगे**

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण कुल 8 जगहों पर फुटओवर ब्रिज बनवा रहा है, जिसमें से एक मूर्ति गोलचक्कर पर बनकर तैयार हो गया है।

बाकी 7 फुट ओवरब्रिज सूरजपुर-कासना रोड पर कैलाश अस्पताल के सामने, गामा शापिंग कॉम्प्लेक्स के सामने, ओमेगा शापिंग कॉम्प्लेक्स, दुर्गा टॉकीज जंक्शन, कलेक्ट्रेट के सामने, निराला एस्टेट टाउनशिप के सामने और सुपरटेक इकोविलेज के सामने बनने हैं। पीपीपी के अंतर्गत डीबीएफओटी (डिजाइन, बिल्ट, फंड, आपरेट एंड ट्रांसफर) के पैटर्न पर बनने वाले इन फुटओवर ब्रिजों से प्राधिकरण को हर माह करीब नौ लाख रुपए की आमदनी भी होगी।

# सार्वजनिक परिवहन की मांग को लेकर ग्रेनो वेस्ट में किया प्रदर्शन

**ग्रेटर नोएडा,** 10 मार्च (देशबन्धु)। ग्रेनो वेस्ट में मेट्रो की मांग पर लगातार हर रविवार को आंदोलन जारी है। बड़ी संख्या




में रेजीडेंट्स हर हफ्ते आंदोलन में शामिल हो रहे हैं और मेट्रो प्रोजेक्ट में देरी पर सवाल उठा रहे हैं। नेफावा अध्यक्ष अभिषेक कुमार और मिहिर गौतम ने कहा है कि ये निराशाजनक है कि आम जनता से जुड़ी मेट्रो प्रोजेक्ट को ग्रेटर नोएडा वेस्ट लाने में लगातार देरी की जा रही है। उनका कहना है कि हर मुद्दे पर जनता को सड़क पर उतरना पड़ रहा है, बावजूद इसके सिर्फ वादा किया जाता है, उसे पूरा नहीं किया जाता है। वहीं फुटओवर ब्रिज की मांग 2015 से कर रहे हैं, एक जगह फुटओवर ब्रिज बनाने में 9 साल लग गए, अब बाकी जगह जल्द से जल्द फुटओवर ब्रिज बनाया जाए।

आंदोलन में अहम भूमिका निभा रहे महेश यादव, रवींद्र सिन्हा, अनुराग खरे, आरसी भट्ट, शैलेश कुमार सिंह, रोहित मिश्रा ने कहा है कि हर बार चुनाव के वक्त मेट्रो लाने का वादा किया जाता है और चुनाव के बाद नेता भूल जाते हैं। सार्वजनिक परिवहन का कोई इंतजाम तक नहीं है। आंदोलन में हर हफ्ते शामिल हो रहे रंजना सिंह, अनुपमा मिश्रा, दीपक गुप्ता, डॉ. सुहैल खघन, एसपी गुप्ता, एलडी शर्मा, वीरेंद्र बत्रा, आशीष रंजन, अखिलेश झा, सीसी झा, राकेश रुहेला, अरुण सिन्हा, अजय कुमार का कहना है कि आंदोलन लगातार जारी रहेगा। हमारा राजनीति से कोई लेना-देना नहीं है। हमें बस मेट्रो से मतलब है और जल्द से जल्द मेट्रो ट्रेन, ग्रेटर नोएडा वेस्ट में आनी चाहिए।

# घर खरीदार लोकसभा चुनाव में जनप्रतिनिधि प्रत्याशियों का करेंगे विरोध

**ग्रेटर नोएडा,** 10 मार्च (देशबन्धु)। यूपीसीडा अंतर्गत सूरजपुर साइट सी ग्रुप हाउसिंग विस्तार 2, ग्रेटर नोएडा के बिल्डर सोसाइटीज शिवालिक होम्स, मिगसून ग्रीन मेंशन, ओएसिस वेनेसिया हाइट्स एवं न्यूटेक ला गैलेक्सिया सोसाइटी के फ्लैट बायर्स जो पिछले 8 वर्षों से अपने फ्लैट्स की सीसी, ओसी एवं रजिस्ट्री की लड़ाई लड़ते आ रहें हैं, लेकिन न ही यूपसीडा प्राधिकरण ने और न ही यहां के स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने और न ही योगीजी की डबल इंजन की सरकार ने इस समस्या के समाधान के लिए कभी कोई सार्थक प्रयास किया है। पिछले 8 वर्षों में 2 विधानसभा एवं एक लोकसभा का चुनाव हुआ और हर बार हमें हमारे जनप्रतिनिधियों ने वादा किया कि हम आप लोगों की समस्या का जल्द से जल्द समाधान निकलवाएंगे, लेकिन 8 वर्ष बाद भी समस्या ज्यों की त्यों बनी हुई हैं। इस क्षेत्र में अन्य समस्याएं भी है जैसे सीवर लाइन का न होना, सड़कों की साफ सफाई एवं कूड़ा निष्पदन की व्यवस्था का आभाव एवं पार्कों का रखरखाव एवं पार्कों में बच्चों के खेलने की सुविधा का होना इत्यादि मुख्य हैं। अबकी बार फिर से लोकसभा

- पिछले आठ वर्ष से घर खरीदार ओसी व सीसी व रजिस्ट्री की कर रहे हैं मांग

का चुनाव होने वाला हैं और इसलिए इस बार सूरजपुर साइट सी ग्रुप हाउसिंग विस्तार 2, ग्रेटर नोएडा के सभी फ्लैट बायर्स ने यह निश्चय किया है कि इस बार लोकसभा चुनाव का वहिष्कार करेंगे। अगर चुनाव से पहले हमारी सोसाइटीज को सीसी एवम ओसी नहीं मिलता है। हमलोग अब केवल मोदी एवं योगी के नाम पर किसी ऐसे व्यक्ति को अपना वोट देकर जनप्रतिनिधि नहीं बनाएंगे, जिन्होंने पिछले 8 वर्षों में हमारी समस्यायों के समाधान के लिए कोई सार्थक प्रयास नहीं किया। एक बार फिर से हम सभी यह दोहराते हैं कि नो सीसी-ओसी, नो वोट। इस दौरान हिमांशु शेखर झा, शिवालिक होम्स, सुजीत शर्मा, मिगसन ग्रीन मेंशन, अविनाश सिंह, ओएसिस वेनेसिया हाइट्स, अमित झा, न्यूटेक ला गैलेक्सिया सोसाइटी, सूरजपुर साइट सी ग्रुप हाउसिंग विस्तार 2, ग्रेटर नोएडा आदि नो विरोध किया है।

# पीएम कुसुम योजना के तहत चयनित किसानों को वितरित किया गया प्रमाण-पत्र

**ग्रेटर नोएडा,** 10 मार्च (देशबन्धु)। विकास भवन, सूरजपुर के सभागार में पीएम कुसुम योजनान्तर्गत चयनित कृषकों को प्रमाण-पत्र वितरित किये गए। महात्मा बुद्ध कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, कुशीनगर के शिलान्यास अवसर पर कृषि विभाग के पीएम कुसुम योजनान्तर्गत पूरे प्रदेश की भांति गौतम बुद्ध नगर जिले में भी कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में दुष्यन्त शर्मा-चॉचली, विक्रम-विश्नूली, सोहनलाल-चिपियाना, अनीस खॉ-कुरैब, रामपाल शर्मा-माडलपुर, रामखिलाडी- गोपालगढ़ आदि 81 कृषकों को भाजपा मण्डल अध्यक्ष एवं विकसित भारत संकल्प यात्रा के जिला प्रभारी रवि जिन्दल द्वारा चयन प्रमाण पत्र वितरित किए गए। इस अवसर पर रवि जिन्दल ने कहा कि मुख्यमन्त्री जी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार किसानों एवं अन्य




सभी नागरिकों के लिए बहुत सारी कल्याणकारी योजनाएं संचालित हो रही है, जिनका सीधा लाभ प्रदेश के किसानों तक पहुंच रहा है। जिला कृषि अधिकारी विनोद कुमार ने सभी कृषकों को विभाग की संचालित योजनाओं की जानकारी देते हुए लाभ प्राप्त करने अनुरोध किया गया।

# राष्ट्र चिन्तना की गोष्ठी में विलुप्त होती भारतीय व सामाजिक परम्पराओं पर चर्चा

**ग्रेटर नोएडा,** 10 मार्च (देशबन्धु)। राष्ट्रचिंतना की 13वीं मासिक गोष्ठी प्रोफेसर आर एन शुक्ला, पूर्व विंग कमांडर भारतीय वायु सेवा की अध्यक्षता में विलुप्त होती भारतीय और सामाजिक परंपराएं-भाग-2 विषय पर ईशान इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के सभागार में आयोजित की गई। भारत नवनिर्माण ट्रस्ट के सचिव तथा राष्ट्रचिंतना के संगठन सचिव, प्रोफेसर विवेक कुमार ने कहा कि वेदों का ज्ञान और परंपराएं पुन स्थापित हों। प्राचीन ऋषि मुनिओं और हमारे पूर्वजों का ज्ञान परिवार में पुन: व्यवहार में लाया जाए। डॉ. डी. के. गर्ग, मुख्य वक्ता एवं ईशान इंस्टीट्यूट



ऑफ टेक्नोलॉजी व ईशान आयुर्वेदिक कॉलेज के संस्थापक और चेयरमैन, ने अपने संबोधन में कहा कि व्यवहारिक ज्ञान हमें बहुत से संभावित खतरों से बचा सकता है। उन्होंने भावप्रकाश निखंटू तथा दिनचर्या प्रकरणम से उद्धृत कर अनेक जीवन उपयोगी बातें साझा की। उन्होंने कहा कि अगर शरीर पर गर्म पानी न डालें तो एलर्जी या 50 से 60 बार छींकने की उनकी बहुत पुरानी समस्या हल हो गई। स्नान करते समय साधारण जल में एक चम्मच नमक भी डालकर स्नान करें। नाक के बाल नहीं काटने चाहिए इससे अंधता या आंख के जाले की संभावना हो सकती है। ग्रामीण परिवेश में सर पर बांधने का साफा, रोग आदि से बचाता था और पूजा अर्चना के पश्चात शंख को बजाने से हमारे फेफड़े मजबूत होते थे। प्राणायाम के दौरान कुंभक, रेचक, पूरक की प्रक्रिया में बलपूर्वक श्वास को बाहर निकलने से गायत्री मंत्र बोलने या गिनती बोलने के पश्चात हार्ट की प्रॉब्लम नहीं होती। प्रोफेसर बलवंत सिंह राजपूत, पूर्व कुलपति कुमाऊं और गढ़वाल विश्वविद्यालय ने अपने संबोधन में कहा कि विज्ञान आधारित ज्ञान के बल पर प्राचीन परंपराओं की व्याख्या नहीं कर सकते। गोष्ठी में राजेन्द्र सोनी, उमेश पांडे, अश्वनी त्रिपाठी, सरोज अरोरा, अधिवक्ता अजेय कुमार गुप्ता, डॉ. बी के श्रीवास्तव, डॉ. उमेश, डॉ. नीरज कौशिक, सरोज तोमर, जूली, धर्म पाल भाटिया, निधी माहेश्वरी, मीनाक्षी आदि लोग मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में 523899 वादों का हुआ निस्तारण : जिला जज

**ग्रेटर नोएडा,** 10 मार्च (देशबन्धु)। राष्ट्रीय लोक अदालत का उद्घाटन अवनीश सक्सेना जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने किया, जिसमें सभी न्यायिक अधिकारीगण शामिल हुए। ऋचा उपाध्याय, अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने राष्ट्रीय लोक अदालत में निस्तारित हुये वादों से संबंधित जानकारी उपलब्ध कराई। राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन मुख्यालय व तहसील स्तर पर जनपद न्यायाधीश अवनीश सक्सेना की अध्यक्षता एंव दिशा-निर्देशन में दीवानी न्यायालय गौतमबुद्धनगर में किया गया। जिसमें जनपद न्यायालय में कार्यरत न्यायिक अधिकारीगण द्वारा कुल 81002 वाद तथा प्री-लिटिगेशन स्तर पर राजस्व न्यायालय द्वारा 80070 मामले, बैंक द्वारा 237 मामलें, एनपीसीएल द्वारा 28 मामलें व यूपीपीसीएल के 1260 मामलें तथा श्रम न्यायालय द्वारा 287 मामलें व धनराशि 9346381 है, पुलिस विभाग द्वारा 6456 मामलों का निस्तारण किया गया। बीएसएनएल द्वारा 52 मामलें तथा तथा यातायात विभाग द्वारा 351265 मामलों का



निस्तारण हुआ इस प्रकार प्री-लिटिगेशन के 442897 मामलें निस्तारित हुए। ऋचा उपाध्याय, अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा बताया कि जिला गौतमबुद्धनगर में राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 523899 वाद निस्तारित हुए। राष्ट्रीय लोक अदालत के अन्तर्गत पुलिस विभाग द्वारा 6456 मामलों का निस्तारण किया गया। राष्ट्रीय लोक अदालत के अन्तर्गत जिलाधिकारी गौतमबुद्धनगर, अपर जिलाधिकारी, उप जिलाधिकारी व तहसीलदार आदि समस्त विभागों से प्राप्त विवरण के अनुसार राजस्व के 80070 वाद निस्तारित हुए। राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल-523899 मामलों का निस्तारण हुआ। जिसमें समझौता धनराशि 1419286985 है।

# सड़क हादसे में पिता की मौत, पुत्र घायल

**रबूपुरा,** 10 मार्च (देशबन्धु)। कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत बाजार से समान लेकर घर लौट रहे पिता-पुत्र की बाइक में अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे दोनों गम्भीर रूप से घायल हो गए। उपचार को ले जाते समय रास्ते मे पिता की मौत हो गई जबकि पुत्र निजी अस्पताल में उपचाराधीन है। जानकारी अनुसार गांव आकलपुर निवासी हरीश शनिवार को अपने पुत्र देवेश के साथ कस्बा झाझर गए थे। बताया जाता है वहां से लौटते समय कलूपुरा के समीप किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर दी। जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गए। बताया जाता है कि रास्ते मे हरीश की मौत हो गई। उधर पुलिस मामले में शिकायत मिलने पर जांचोपरांत कारवाई की बात कह रही है।

पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
पश्चिमी उत्तर प्रदेश ब्यूरो कार्यालय
209 कृष्णा अपरा प्लाजा अल्फा कॉमर्शियल बेल्ट, ग्रेटर नोएडा
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के लिए संपर्क करें
खोया-पाया/ सूचना/ नाम परिवर्तन/ आवश्यकता
फोनः- 0120-4270009

पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के संपर्क करें
क्षेत्रिय कार्यालय रबुपुरा
Mob: 9411492655

Shiv Mahima Enterprises
सभी प्रकार के विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
नाम परिवर्तन, खोया पाया, सूचना, अवश्यकता
Mob.: 9910280173
Off-221, 2nd Floor, Meridian View Plaza, Alpha Comm. Belt, Gr. Noida

# अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर अलग-अलग क्षेत्रों की महिलाएं हुई सम्मानित




**ग्रेटर नोएडा,** 10 मार्च (देशबन्धु)। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलध्य में आयोजित कार्यक्रम में ब्रिटिश कोलंबिया कॉलेज ऑफ मैनेजमेन्ट में महिला सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें प्रदेश के अलग अलग क्षेत्रों की करीब 30 महिलाओं को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व लोकसभा सदस्य अनिता आर्या, सुषमा सिंह, उपाध्यक्ष महिला आयोग उत्तर प्रदेश एवं राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य बेटी पढ़ावो बेटी बचाओ, वैज्ञानिक डॉ ललिता गुप्ता, भारत सरकार रक्षा मंत्रालय ने चयनित महिलाओं को शॉल व मोमेन्टो देकर सम्मानित किया। अतिथियों का स्वागत दमन बांगा, डॉ. हिमांशी तिवारी ने किया। इसके साथ ही कार्यक्रम की एंकरिंग रुपल झा ने की। बीसीसीएम एवं सीआईएचएम कॉलेज द्वारा आयोजित इस सम्मान समारोह में शिक्षा, साहित्य, सोशल एक्टिविस्ट्स, खेल, पत्रकारिता, राजनीतिक, कला व सांस्कृतिक क्षेत्र से जुड़े नामचीन महिलाओं को सम्मानित किया गया।

# विषाक्त भोजन करने पर बीमार छात्र हुए डिस्चार्ज

**ग्रेटर नोएडा,** 10 मार्च (देशबन्धु)। बैक्सन अस्पताल, नॉलेज पार्क-एक में आर्यन रेजीडेंसी के 38 छात्र जो खाने के विषाणु से प्रभावित हुए थे, उन्हें भर्ती करवाया गया। बैक्सन अस्पताल में पहुंचने वाले कुछ छात्रों की स्थिति गम्भीर थी, उन्हें तत्कालीन उपचार के लिए आपातकालीन वार्ड में रखा गया। अस्पताल के प्रबंधक, डॉ. विशाल सिंह ने बताया कि खाने के विषाणु के प्रभाव को कम करने के लिए हमने आपातकालीन उपचार और प्राकृतिक चिकित्सा के साथ होम्योपैथी उपचार भी दिया। नेचुरोपैथी और होम्योपैथिक दवाईयों की प्रभावशीलता को बढ़ाने के लिए, छात्रों को सत्विक आहार दिया गया। 24 घंटे के भीतर ही सभी छात्रों में सुधार देखने को मिला। 30 छात्रों को दवाईयां और सलाह देकर रविवार दोपहर को छोड़ दिया गया और अभी 8 छात्र डॉक्टर्स की देखभाल में हैं, जिन्हें सोमवार जिस्चार्ज कर दिया जाएगा। बैक्सन हॉस्पिटल के डॉ. प्रशांत राज का मानना है कि इस तरह की संकट स्थितियों में, विभिन्न चिकित्सा पद्धतियों के संगठनात्मक उपचार से त्वरित और बेहतर परिणाम मिल सकते हैं।

- बैक्सन अस्पताल में संगठनात्मक उपचार से दिखा बेहतरीन परिणाम

# अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में वॉकथॉन का आयोजन

**ग्रेटर नोएडा,** 10 मार्च (देशबन्धु)। यथार्थ अस्पताल ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में महिला सशक्तिकरण और उनके स्वास्थ्य के प्रति कदम उठाया। इस पहल का उद्देश्य लैंगिक समानता के बारे में

- यथार्थ अस्पताल की तरफ से आयोजित कार्यक्रम में महिलाओं ने उत्साह के साथ लिया हिस्सा
- महिलाओं में होने वाली बीमारी के प्रति जागरुकता व स्वास्थ्य चर्चा का हुआ आयोजन

जागरूकता बढ़ाना, महिलाओं को निवारक स्वास्थ्य देखभाल के बारे में ज्ञान से लैस करना और उन्हें अपने स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने के लिए प्रोत्साहित करना था। इसी के तहत महिला वॉकथॉन का आयोजन हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि मोना पंवार, एडिशनल जिला एवं सत्र न्यायधीश ने हरी झंडी दिखाकर वॉकथॉन की



शुरुआत की। रविवार को सुबह ग्रेटर नोएडा स्थित यथार्थ हॉस्पिटल कार्यक्रम में 400 से अधिक महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस दौरान साजिदा मंसूरी ने एक शांत और कायाकल्पकारी योग सत्र शुरू किया, इसके बाद सुबह 6 बजे जुम्बा डांस सत्र ने प्रतिभागियों को ऊर्जा से भर दिया। उच्च ऊर्जा और सचेतन गतिविधियों के इस संयोजन ने दिन के लिए सही लय निर्धारित की, जो महिलाओं के लिए शारीरिक और मानसिक दोनों तरह से स्वस्थ रहने के महत्व पर बल देता है। डॉक्टर मंजू त्यागी ने सभी महिलाओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि सभी महिलाएं आज सभी क्षेत्रों में उपस्थिति दर्ज करा रही है तथा देश की तरक्की में अपना योगदान दे रही है, जिसे सुनकर महिलाओं में उत्साह भर दिया। इस अवसर पर मुख्य अथिति ने कहा कि महिलाओं के बिना समाज का उत्थान असंभव है। समाज में महिलाओं की भागीदारी को बढ़ाने के लिए यथार्थ हॉस्पिटल के द्वारा उठाया गया यह कदम बहुत ही सराहनीय है और यथार्थ समूह समय-समय पर महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए तत्पर है। 3 किलोमीटर के वॉकथॉन में एकजुटता और सशक्तिकरण के एक शक्तिशाली प्रतीक के रूप में कार्य करता है, क्योंकि सैकड़ों महिलाएं अपनी शक्ति और एकता का जश्न मनाने के लिए एक साथ आईं। समापन पर ज्ञानवर्धक स्वास्थ्य वार्ता के साथ हुआ। डॉ. नीलम बनर्जी और डॉ. सुमन महला ने महिलाओं के स्वास्थ्य से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर प्रकाश डाला, जिससे प्रतिभागियों को निवारक स्वास्थ्य देखभाल प्रथाओं के बारे में जानकारी से लैस किया गया।

# दादरी विधायक ने 1.80 करोड़ की परियोजनाओं का किया लोकार्पण

**ग्रेटर नोएडा,** 10 मार्च (देशबन्धु)। दादरी नगर में लगभग 1 करोड़ 80 लाख की विभिन्न परियोजनाओं का लोकार्पण कर दादरी विधायक तेजपाल नागर ने क्षेत्रवासियों को समर्पित किया। दादरी विधायक नागर निरंतर पूरे क्षेत्र में विकास कार्य रहे है फिर गांव हो या शहर उनकी प्राथमिकता दोनों के लिए बराबर है। इस दौरान दादरी विधायक तेजपाल नागर ने कहा कि



उनकी प्राथमिकता क्षेत्र का विकास है, क्षेत्र के विकास के लिए लगातार काम करता रहूंगा। केन्द्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में सभी का विकास हो रहा है। क्षेत्र के विकास के लिए हमारी सरकार प्रतिबद्ध है। लोकापर्ण कार्यक्रम में आदेश भाटी, संजय रावल, सविता, सीमा, सचिन नागर, पीयूष गर्ग, जितेन्द्र कुमार, सरजीत एवं कविता सहित क्षेत्र के लोग शामिल हुए।

{ संपादकीय }

नई दिल्ली, सोमवार 11 मार्च 2024

*संस्थापक-सम्पादक* : स्व. मायाराम सुरजन

# पूरी दाल ही काली है

2024 के आम चुनाव में पारदर्शिता और निष्पक्षता को लेकर पहले से ही कई सवाल खड़े हो रहे थे और अब चुनाव आयुक्त अरुण गोयल के अचानक हुए इस्तीफे ने इन चुनावों पर संदेह की कालिमा को कुछ और गाढ़ा कर दिया है। भारत के लोकतंत्र की मजबूती में पारदर्शी तरीके से हुए चुनावों की अहम भूमिका रही है। चुनाव में जीत के लिए राजनैतिक दल कई तरह की तिकड़मों को आजमाते हैं, मतदाताओं को लुभाने के लिए भ्रष्ट तरीके अपनाए जाते हैं। मतदान केंद्रों पर गुंडागर्दी, मतदाता सूची में फर्जी नामों को जोड़ना, मतदाताओं को धमकाना, अपने राजनैतिक प्रतिद्वंदंवियों पर अनेक तरह के हमले करना, शराब या उपहारों के बदले मतों को खरीदने की कोशिश करना, सत्ता के लिए पाला बदल लेना, ऐसी बुराइयों की एक लंबी सूची है, जो चुनाव के वक्त खुलकर दिखाई देती हैं। ऐसा नहीं है कि इन बुराइयों का जन्म हाल-फिलहाल में हुआ है, बल्कि शुरुआत से ही राजनैतिक दल सत्ता में आने के लिए बेईमानी तरीकों से परहेज नहीं करते, लेकिन इसके बावजूद भारत में लोकतंत्र की साख बची रही तो इसका एक बड़ा कारण हमारी मजबूत संवैधानिक संस्थाएं थीं। यहां 'हैं' कि जगह 'थीं' का इस्तेमाल इसलिए करना पड़ रहा है, क्योंकि अब संवैधानिक व्यवस्था को मजबूत करने के नाम पर बनी इन संस्थाओं की उपयोगिता संदिग्ध हो चुकी है। राजनैतिक दल चाहे जितने भ्रष्ट तरीके अपनाते रहें, निर्वाचन आयोग ने उन पर अंकुश लगाने का काम हमेशा किया। आचार संहिता, चुनाव में खर्च, निष्पक्ष मतदान इन सब का ख्याल निर्वाचन आयोग रखता था। इनमें कुछ गड़बड़ियां हुईं भी तो विपक्ष की शिकायत को पूरी जगह दी गई। सत्ता का खुलकर साथ देने का दुस्साहस नहीं किया गया।

लेकिन अब हालात पूरी तरह बदल चुके हैं। अब न्यायपालिका से लेकर जांच एजेंसियों और संवैधानिक संस्थाओं तक किसी की निष्पक्षता कायम नहीं रही है। कोलकाता हाईकोर्ट से इस्तीफा देकर भाजपा के साथ जाने वाले अभिजीत गंगोपाध्याय से जब एक साक्षात्कार में पूछा गया कि गांधी या गोडसे में से किसे चुनेंगे, तो पूर्व जस्टिस इसका कोई जवाब देने की जगह गहरी सांस लेकर सोचते दिखे। यह उदाहरण समझने के लिए काफी है कि हमारा लोकतंत्र किस दुर्दशा को प्राप्त हो चुका है, जहां संविधान की रक्षा की जिम्मेदारी निभाने वाले शख्स को राष्ट्रपिता या उनके हत्यारे में किसी एक का चुनाव करना मुश्किल हो गया है। इसके बाद यह सवाल उठेगा ही कि न्याय की आसंदी पर बैठकर जो फैसले उन्होंने लिए क्या वो निष्पक्ष थे, या तब भी एक राजनैतिक दल की विचारधारा से प्रेरित होकर काम किया जा रहा था। यही सवाल अब अरुण गोयल के इस्तीफे के बाद भी उठ रहे हैं। क्योंकि एक ओर इस्तीफे के पीछे निजी कारणों का हवाला दिया जा रहा है, दूसरी ओर चर्चा हो रही है कि श्री गोयल राजनीति में आना चाहते हैं और चुनाव लड़ने के लिए उन्होंने इस्तीफा दिया है। इस कारण की कोई पुष्टि अभी नहीं हुई है, लेकिन अगर इसमें जरा भी सच्चाई है तो यह बेहद गंभीर बात है।

बतौर चुनाव आयुक्त अरुण गोयल का कार्यकाल साल 2027 तक था और अभी तीन साल उन्हें इस पद पर रहना था। उनकी नियुक्ति भी बड़े संदिग्ध तरीके से हुई थी। पंजाब कैडर के आईएएस रहे अरुण गोयल ने 31 दिसंबर 2022 को सेवानिवृत्त होने वाले थे, लेकिन उन्होंने 18 नवंबर 2022 को स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति ले ली थी। और फिर तीन दिन बाद 21 नवंबर 2022 को वे चुनाव आयुक्त बनाए गए। उनकी इस तरह नियुक्ति पर भी सवाल उठे थे और अब इस्तीफे पर भी सवाल उठ रहे हैं। मौजूदा मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार की सेवानिवृत्ति के बाद अगले साल फरवरी में अरुण गोयल मुख्य निर्वाचन आयुक्त बन सकते थे। लेकिन उन्होंने अभी ही आनन-फानन में इस्तीफा राष्ट्रपति को भेजा, जिसे मंजूर भी कर लिया गया है। चुनाव की तैयारियों के लिए चुनाव आयोग की टीम अलग-अलग राज्यों का दौरा कर रही थी और अभी अरुण गोयल इस टीम के साथ पश्चिम बंगाल में दो दिवसीय दौरे पर थे। लेकिन आयोग ने इसके बाद जो प्रेस वार्ता की, उसमें वे शामिल नहीं हुए थे। तभी से ये कयास भी लग रहे थे कि या तो अरुण गोयल और राजीव कुमार के बीच कोई मतभेद है, या फिर ईवीएम पर उठते सवाल और चुनाव के लिए तय किए जा रहे चरणों को लेकर वे सहज नहीं थे। सरकार से किसी न किसी किस्म की असहमति उनकी थी और इस वजह से दबाव में आकर उन्होंने इस्तीफा दिया।

अरुण कुमार के इस्तीफे का सही कारण क्या है, इसका खुलासा उन्हें खुद ही फौरन कर देना चाहिए, अन्यथा सवालों और कयासों की सूची बढ़ती जाएगी। संदेह का यह कुहासा लोकतंत्र के लिए बिल्कुल अच्छा नहीं होगा। जनता अब भी यही मानती है कि वो अपने मताधिकार का इस्तेमाल कर जिन लोगों को वोट डालकर आती है, उन्हीं में से बहुमत प्राप्त उम्मीदवार को विजेता माना जाता है। इस तरह जनता अपने पसंदीदा उम्मीदवार की जीत में अपनी जीत मानती है। लेकिन अगर पर्दे के पीछे कोई अलग खेल चल रहा हो, तो इसमें जनता को पता भी नहीं चलेगा कि वह कितनी चालाकी से ठगी गई है। ठगी का यह खेल तभी रुकेगा, जब संवैधानिक संस्थाओं की स्वायत्तता बरकरार रहेगी और सरकार के दबाव से मुक्त रहेगी।

फिलहाल अरुण कुमार के इस्तीफे के बाद अब निर्वाचन आयोग में मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ही शेष हैं। कायदे से वे अकेले भी लोकसभा चुनाव की घोषणा करने में सक्षम हैं। संविधान का अनुच्छेद 324 चुनाव आयोग के एकल सदस्य के प्रदर्शन यानी कार्य करने की अनुमति देता है। लेकिन इसमें पहले की तरह तीन सदस्य रहें तो जांच और संतुलन की गुंजाइश बरकरार रहती है। इसमें किसी को मन की बात करने की खुली छूट नहीं होती। सरकार ने पहले ही अपनी मर्जी के चुनाव आयुक्त को रखने का नियम बना लिया था। अरुण कुमार गोयल के इस्तीफे के बाद इस मनमानी के और बढ़ने की आशंका है। निष्पक्ष चुनाव की दाल में कुछ काला नहीं है, पूरी दाल ही काली है।

# चुनाव आयोग निष्प्राण : चुनाव सुप्रीम कोर्ट करवाए !

इस चुनाव आयोग का कभी नाम था। आज बदनाम है। कई देश अपने यहां निष्पक्ष और स्वतंत्र चुनाव करवाने के लिए इससे निवेदन करते थे। नेहरू ने 1950 में चुनाव आयोग का गठन किया था। और उसके तत्काल बाद सूडान ने अपने यहां चुनाव करवाने के लिए नेहरू की सहायता मांगी थी। भारतीय चुनाव आयोग वहां गया और निष्पक्ष एवं स्वतंत्र चुनाव करवा कर पूरी दुनिया में भारत की चुनाव प्रणाली का डंका पीट दिया। विश्व गुरु ऐसे होते थे।

इन्दिरा गांधी द्वारा बांग्ला देश बनाने के बाद वहां के चुनावों में भारतीय चुनाव आयोग ने पर्यवेक्षक की भूमिका अदा की। अरब देशों सहित कई देशों की चुनाव प्रणाली में सुधार के लिए भारतीय चुनाव आयोग को बुलाया जाता रहा है।

मगर अब यह सब दादी नानी की कहानियां हैं। बेटा एक समय था जब हमारे देश का इतना नाम हुआ करता था! आज की हकीकत यह है कि भारतीय चुनाव आयोग में केवल एक सदस्य रह गया है। एक अनूप पांडे पिछले महीने रिटायर हो गए थे। उनकी जगह भरी नहीं गई। और एक अरुण गोयल ने अभी इस्तीफा दे दिया। बचे अकेले मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार हैं। एक सदस्यीय चुनाव आयोग।

यही समय है विपक्ष को जोरदार आवाज उठाना चाहिए कि इन एक बचे साहब को भी राहुल के बयानों में किस किस का नाम आया है किस का नहीं गिनने में लगाओ और चुनाव सुप्रीम कोर्ट की देखरेख में करवाओ।

और खबरदार किसी बाहर के आब्जर्रवर को घुसने मत देना। भारत ने नाम कमाया है विदेशों में जाकर चुनाव करवाने में, अपने यहां वह स्थिति नहीं होने देना कि अमेरिका युरोप इंग्लैंड जो पिछले कुछ समय से हमें लोकतंत्र पर उपदेश देने लगे थे अब हस्तक्षेप भी करने लगें।

वैसे तो लोकतंत्र बचाने की जिम्मेदारी सत्ता की है। सरकार के पास ही सब साधन होते है कि वह लोकतंत्र मजबूत करे या उसे जैसा आज खतरे में दिख रहा है वैसा पतन के मुहाने तक ले जाएं। मगर इस बार वक्त ने जिसके लिए कहा जाता है 'समय बड़ा बलवान ने विपक्ष को मौका दिया है और जिम्मेदारी भी कि वह भारत के लोकतंत्र को बचाने के लिए ऐलान कर दे कि अब इस अविश्वसनीय हो गए चुनाव आयोग के नियंत्रण में चुनाव नहीं हो सकते। पूरी तरह अस्वीकार्य।

सुप्रीम कोर्ट व्यवस्था बनाए। अपनी निगरानी में चुनाव करवाए। बेलेट पेपर से हों। किसी बाहर के आब्जर्वर को सोचने कहने की भी जरूरत न पड़े इतना फुल प्रूफ इंतजाम सुप्रीम कोर्ट करवाए।

हमारे चुनावों पर तो कभी किसी ने शक किया ही नहीं। 1975 की इमरजेन्सी के बाद इन्दिरा गांधी चाहतीं तो 77 के चुनाव चाहे जैसे करवा सकती थीं। मगर पूरी तरह निष्पक्ष और स्वतंत्र करवाए। और उसके बाद उतनी ही शांति से सत्ता हस्तांतरण किया। अभी अमेरिका में देखा दुनिया का सबसे पुराना लोकतंत्र वहां हारने के बाद डोनाल्ड ट्रंप ने किस तरह सत्ता छोड़ने से इनकार कर दिया था। वहां भी भक्त होते हैं। वे वहां की संसद में घुस गए थे। इसलिए वहां अभी के राष्ट्रपति बाइडन ने कहा कि लोकतंत्र खतरे में है। पूरी दुनिया में और अमेरिका में भी।

मगर भारत में उसे बचाने का एक मौका विपक्ष के पास है। अमेरिका में तो जनता इतनी जागरूक है कि वह वहां किसी भी आधुनिक मूल्य को जिनमें लोकतंत्र सर्वोपरि है कमजोर नहीं होने देगी। मगर हमारे यहां की जनता जल्दी डर जाती है। उसका भय और साहस इस पर निर्भर करता है कि कौन सा पक्ष ज्यादा ताकतवर है। अगर डराने वाला है तो वह डर जाती है। हिम्मत दिलाने वाला है तो उठ खड़ी होती है। इसलिए राहुल को इतनी ज्यादा मेहनत करना पड़ रही है। डर के खिलाफ राहुल बहुत दिनों से अभियान चला रहे हैं। मगर हमारे यहां डर की जड़ें भी बहुत गहरी हैं। प्रधानमंत्री मोदी इसी का उपयोग कर रहे हैं। और एक काल्पनिक डर दिखाकर ध्रुवीकरण करते रहते हैं। इसलिए अमेरिका और युरोप की तरह हमारी जनता खुद लोकतंत्र को बचाने के लिए पहल नहीं करेगी। यह काम विपक्ष को ही करना होगा।



शकील अख्तर

वैसे तो लोकतंत्र बचाने की जिम्मेदारी सत्ता की है। सरकार के पास ही सब साधन होते है कि वह लोकतंत्र मजबूत करे या उसे जैसा आज खतरे में दिख रहा है वैसा पतन के मुहाने तक ले जाएं। मगर इस बार वक्त ने जिसके लिए कहा जाता है 'समय बड़ा बलवान ने विपक्ष को मौका दिया है और जिम्मेदारी भी कि वह भारत के लोकतंत्र को बचाने के लिए ऐलान कर दे कि अब इस अविश्वसनीय हो गए चुनाव आयोग के नियंत्रण में चुनाव नहीं हो सकते। पूरी तरह अस्वीकार्य।

और समय ने उसे मौका दे दिया। चुनाव से ठीक पहले नई नियुक्तियां निष्पक्ष नहीं हो सकतीं। इसलिए नई नियुक्तियों का सवाल ही नहीं। चुनाव आयोग में पूरा प्रशासन तंत्र है। बस उसका संचालन सुप्रीम कोर्ट से होना चाहिए।

विपक्ष को अड़ जाना चाहिए। राजनीति में जो भी मौके का सही उपयोग नहीं करता उसे फिर कोई नहीं पूछता है। राजनीति में मौके बार बार नहीं मिलते। यह अवसर खुद समय ने दिया है। शायद कुछ चाहता है। देश का, जनता का भला। विपक्ष एक माध्यम है। उसे यह समझना होगा कि अभी नहीं तो कभी नहीं। नियम कानून, संविधान सब उसके पक्ष में हैं। मगर उन्हें इन्टरप्रेट (व्याख्या) करना होगा।

जोरदार ढंग से एकजुट होकर आवाज उठाना होगा। सुप्रीम कोर्ट स्वत: संज्ञान ले। किसी को कोर्ट में जाने की जरूरत नहीं है। नहीं तो वहां से तो बहुत दिनों से यह तरीका चल रहा है कि जनहित, देशहित, लोकतंत्रहित की ऐसी ही किसी याचिका के जाते ही उसे निरस्त करके खबर बना दी जाती है कि कोर्ट ने ठुकराया। विपक्ष को चोट।

सुप्रीम कोर्ट स्वत: संज्ञान ले। देश के लोकतंत्र की उसे भी कुछ चिंता होना चाहिए। उसी लोकतंत्र और संविधान से यह न्यायपालिका बची है। नहीं तो जैसे आरोप लगना शुरू हो गए हैं कि उसके पास लिख कर फैसले पहुंचने लगे हैं। वह फिर सबको दिखने भी लगेंगे।

देश में अगर न्याय नहीं है तो फिर कुछ नहीं है। राहुल की न्याय यात्रा का नाम और उद्देश्य यही है। सबसे जरूरी बात। राजतंत्र से लेकर और उससे पहले कबीलों में भी इंसाफ हमेशा रहा है। या उसकी आवाज रही है। वह एक सबसे पुराना शासन का मूल्य है। जिसकी अवहेलना कभी कोई निरकुंश ताकत भी नहीं कर सकी है। जनता सब सह लेती है एक न्याय की उम्मीद में। और अगर वही खत्म हो जाती है तो फिर जनता नहीं सह पाती।

सुप्रीम कोर्ट यह सब जानता है। हम पत्रकारों से बहुत ज्यादा जानता है। मगर जैसा कहा कि डर व्यक्ति, संस्थाओं की सारी खुबियों को हर लेता है। डरा हुआ व्यक्ति कितना ही गुणवान हो किसी काम का नहीं होता। इसलिए राहुल का सबसे बड़ा नारा है – 'डरो मत!'

खबरें दब नहीं सकतीं। गोयल की खबर भी आ रही है। जल्दी पूरी खबर आ जाएगी। उनसे पहले ही ऐसे ही एक और चुनाव आयुक्त अशोक लवासा इस्तीफा दे चुके हैं। दरअसल चुनाव आयोग जिस हद तक गिरने को तैयार है उतना सब अधिकारी नहीं गिर सकते। बहुत सीनियर आईएएस अधिकारी होते हैं। अपने पूरे कैरियर में नाम कमाने वाले। किसी गलत बात का पार्ट बनकर अपना नाम खराब करना कोई नहीं चाहता है। हर आदमी को डर या लालच से काबू में नहीं किया जा सकता है। हर क्षेत्र में कुछ लोग हमेशा होते हैं जो गलत बात से समझौता नहीं कर पाते। चुनाव आयोग आज निष्प्राण, निष्प्रभावी हो गया है। वह निष्पक्ष चुनाव नहीं करा सकता। गेंद अब विपक्ष के पाले में है। देखना है वह इसका कैसे उपयोग करता है।

**( लेखक वरिष्ठ पत्रकार है )**

# भाजपा ने अपने अलग हुए सहयोगी पार्टियों के लिए खोले दरवाजे

■ **अरुण श्रीवास्तव**

ठीक 13 महीने पहले, 10 फरवरी, 2023 को, नरेंद्र मोदी ने राज्यसभा में दुस्साहसिक दावा किया था, 'एक अकेला सब पर भारी। उन्होंने यहां तक कहा था कि 'एक व्यक्ति कई लोगों के लिए बहुत ज्यादा साबित हो रहा है'। उन्हें अपनी क्षमताओं, निपुणता और राजनीतिक शक्ति पर इतना भरोसा है कि उन्हें आम लोगों को 'मोदी की गारंटी' की पेशकश करते हुए सुना गया था।

अपने दस साल के शासन के दौरान उन्होंने अपने सहयोगियों को वस्तुत: अप्रासंगिक बना दिया और उन्हें राजनीतिक दायरे से बाहर कर दिया। दुर्भाग्यवश, उसी व्यक्ति, भारतीय राजनीति के लौह पुरुष, को इंडिया गुट की चुनौती से लड़ने के लिए, अपने पूर्व सहयोगियों से वापस आने, उनके साथ शामिल होने की भीख मांगते हुए देखकर वास्तव में दया आती है। मोदी को किसी अन्य व्यक्ति की सलाह और सुझाव सुनने से नफरत है। वह सबसे बुद्धिमान व्यक्ति हैं।

यह एक खुला रहस्य है कि 2014 का आम चुनाव जीतने के बाद उन्होंने तेलुगु देशम के चंद्रबाबू नायडू और अकाली दल के सुखबीर सिंह बादल जैसे नेताओं को किनारे कर दिया था, जो कभी दोनों भाजपा के सबसे मजबूत सहयोगी थे। यहां तक कि उन्होंने ओडिशा के नवीन पटनायक के नेतृत्व वाले बीजेडी को भी नजर अंदाज कर दिया था। मोदी ने उनके साथ बेहद क्रूर व्यवहार किया। मोदी ने एक स्पष्ट संदेश दिया कि उन्हें ऐसे सहयोगियों की परवाह नहीं है और वह अकेले दम पर चुनाव जीतने में सक्षम हैं, चाहे राज्य में हों या केंद्र में।

हालांकि अकालियों ने तीन विवादास्पद और अब रद्द किये गये कृषि कानूनों को लेकर भाजपा से नाता तोड़ लिया था, लेकिन सच्चाई यह है कि बादल निराश महसूस कर रहे थे। 2014 के राज्य के विभाजन के बाद आंध्र से किये गये वादों को पूरा करने में केंद्र की विफलता के विरोध में तेलुगु देशम ने 2019 के लोकसभा चुनावों से पहले वॉकआउट कर दिया था। नवीन भाजपा के प्रति दोहरा रवैया अपनाये हुए थे। चंद्रबाबू नायडू और उनके सहयोगी जन सेना पार्टी के प्रमुख पवन कल्याण पहले ही भाजपा नेतृत्व के साथ सीट बंटवारे पर बातचीत शुरू कर चुके हैं। दरअसल नायडू के साथ कई दौर की चर्चा हो चुकी है। मोदी बादलों की आहत भावनाओं को मनाने में भी सफल रहे हैं। उनके साथ सीटों पर बातचीत भी चल रही है।

मोदी विपक्ष के प्रति इतने तिरस्कृत भाव से परिपूर्ण थे कि उन्होंने कांग्रेस की चुनौती को कभी गंभीरता से नहीं लिया। आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत द्वारा बनायी गयी अलौकिक दुनिया में घूमते हुए, उन्होंने सोचा कि राहुल गांधी और गांधी परिवार के खिलाफ उनके कटाक्ष कांग्रेस को निरर्थक बना देंगे। उन्होंने कांग्रेस मुक्त भारत बनाने के लिए अपना अभियान भी चलाया।

जरा सोचिए, जिस पार्टी (कांग्रेस) को प्रधानमंत्री मोदी ने महज दस साल में देश के राजनीतिक पटल से गायब कर दिया था, वह आक्रामक अंदाज में उभरने लगी है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि जमीनी स्तर पर लोग राहुल गांधी के आह्वान और कदमों पर अनुकूल प्रतिक्रिया दे रहे हैं, जिन्हें सही मायनों में अभी एक विकल्प के रूप में उभरना बाकी है। सबसे दिलचस्प बात यह है कि कांग्रेस के पास उनके अलावा कोई दूसरा चेहरा नहीं है जो मोदी के नेतृत्व में भगवा दिग्गजों की एक श्रृंखला का मुकाबला कर सकें। इसे डिकोड करना भागवत और मोदी पर निर्भर है। लेकिन एक बात तो तय है कि राहुल एक नये राजनीतिक दर्शन के प्रतीक हैं। अपनी भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान वह भारतीय संविधान के मूल मूल्यों और उसकी रक्षा कैसे की जाये, इस पर बात कर रहे हैं।

मोदी विपक्ष के प्रति इतने तिरस्कृत भाव से परिपूर्ण थे कि उन्होंने कांग्रेस की चुनौती को कभी गंभीरता से नहीं लिया। आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत द्वारा बनायी गयी अलौकिक दुनिया में घूमते हुए, उन्होंने सोचा कि राहुल गांधी और गांधी परिवार के खिलाफ उनके कटाक्ष कांग्रेस को निरर्थक बना देंगे। उन्होंने कांग्रेस मुक्त भारत बनाने के लिए अपना अभियान भी चलाया।

प्रधानमंत्री मोदी का अपने ही पूर्वानुमानों और अनुमानों पर से भरोसा उठना भाजपा के एक वरिष्ठ नेता की टिप्पणी से झलकता है। 'हम उन सभी एनडीए सहयोगियों को वापस लाने की कोशिश कर रहे हैं जिन्होंने हमें छोड़ दिया था। सत्ता में बने रहने के लिए यह जरूरी है कि हमें कम से कम मौजूदा सदन में मौजूद सीटें तो मिलें। मोदी का ध्यान एनडीए के 400 का आंकड़ा पार करने पर है, जाहिर तौर पर इसे हासिल करने के लिए हमें अपने पुराने सहयोगियों को साथ लेना होगा।' उनके मुताबिक भाजपा नेताओं को सहयोगी दलों पर धौंस नहीं जमानी चाहिए।

प्रधान मंत्री मोदी और भाजपा नेतृत्व का मुख्य ध्यान दक्षिणी राज्यों पर केन्द्रित प्रतीत हो रहा है। पूर्व और उत्तर भारत के राज्य पहले से ही संतृप्ति स्तर पर पहुंचने के साथ, पार्टी दक्षिणी राज्यों में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाने की उम्मीद कर सकती है। इसे पाने के लिए जरूरी है कि उसके पास ओडिशा, तेलंगाना और आंध्र प्रदेश में सीटों का बड़ा हिस्सा हो। भाजपा विधानसभा चुनाव में क्षेत्रीय दलों के लिए जगह खाली रखने के फॉर्मूले पर काम कर रही है।

बिहार में भाजपा को बड़ी चुनौती का सामना करना पड़ रहा है। चिराग पासवान और जीतन राम मांझी को अपने ऑफर पर सहमत कराना मुश्किल हो रहा है। जद (यू) 2019 में जीती गयी अपनी16 सीटों में से कुछ सीटों पर दावा छोड़ने के भाजपा नेताओं के सुझाव से भी सहमत नहीं है। इलाज के लिए नीतीश के ब्रिटेन जाने से भाजपा नेतृत्व को उम्मीद है उनकी वापसी के बाद जद (यू) भाजपा के दबाव के आगे झुक जायेगा।

## पावन प्रसंग

# सफल जीवन की दिशाधारा

सफलता हर व्यक्ति का जन्मसिद्ध अधिकार है। जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्धियों से मिलकर सफलता बनती हे, जिसके साथ में संतुष्टि का भाव भी जुड़ा होता है। इसके साथ एक ऐसी विरासत को अगली पीढ़ी के लिए छोड़ना भी सफलता का हिस्सा है, जिसमें एक श्रेष्ठ जीवन की प्रेरक महक विद्यमान हो।

हर व्यक्ति एक सफल जीवन का अधिकारी हो सकता है, यदि वह कुछ जांचे-परखे सूत्रों को जीवन में धारण करता है, उनका अनुसरण करता है। इनमें सर्वप्रथम है- जीवन लक्ष्य की स्पष्टता। इसमें एक तो अपने कर्तव्य कर्मों से जुड़ा, नौकरी पेशे से जुड़ा लक्ष्य है, जिसके साथ आर्थिक सुरक्षा से लेकर परिवार-समाज के प्रति दायित्वबोध का भाव पूरा होता है।

इसके साथ अपनी मौलिकता एवं क्षमता के अनुरूप कुछ विशिष्ट योगदान की बारी आती है, जो एक प्रकाशपूर्ण जीवन के रूप में सबके लिए प्रेरणा एवं अनुगमन का स्त्रोत हो। हालांकि यह क्रमिक रूप से ही संभव होता है और दीर्घकालीन प्रयास-पुरूषार्थ का फल रहता है। इसके लिए नियमित रूप से कार्य करना पड़ता है।

जीवनलक्ष्य एक दिन में सिद्ध नहीं होता, इसके लिए नियमित रूप से कार्य करना पड़ता है। कार्य कितना भी बड़ा क्यों न हो, शुरूआत छोटे-छोटे कदमों से करनी पड़ती है। ऐसे ही बड़े लक्ष्य को छोटे-छोटे टुकड़ों में तोड़कर नियमित रूप से हासिल करना पड़ता है।

इसक साथ काम आता है वह अध्यवसाय, जो तब तक साथ नहीं छोड़ता, जब तक कि लक्ष्य प्राप्त न हो जाए- जो तमाम विफलताओं, बाधाओं के बावजूद प्रयास को जारी रखता है व कार्य को पूरा करके ही दम लेता है। इसके लिए अपने दीर्घकालिक और तात्कालिक लक्ष्यों को सूचीबद्ध करना पड़ता है। जिसके साथ महत्तवाकांक्षी लक्ष्य भी व्यावहारिक स्वरूप से पाता है और इसकी उपलब्धि सुनिश्चित हो जाती है।

इसके लिए समय को साधना पड़ता है, समय सीमा में कार्य करने की आदत डालनी पड़ती है। क्योंकि समय पर किए गए कार्य का ही महत्व होता है। इसके लिए कुछ मिनट से लेकर घंटों में विषयों या कार्यों को विभाजित किया जा सकता है। कार्य को बहुत कठिन बनाने की अपेक्षा नियमित रूप से करने का अभ्यास अधिक महत्वपूर्ण रहता है।

हार्डवर्क की अपेक्षा स्मार्टवर्क अधिक उपयुक्त रहता है, जिससे कम परेशाली में बेहतरीन परिणाम हासिल होते हों। छोटी-छोटी सफलताओं व उपलब्धियों के साथ हासिल हो रही मंजिल, बड़े लक्ष्य के लिए आवश्यक उत्साह को बनाए रखती हे। साथ ही हर कदम के साथ मिल रहे सबको को सीखने व आजमाने से आगे की सफलता सरल होती जाती है।

इस सबके लिए स्मार्ट लक्ष्य की बात कही गई है, जिसके पांच आयाम है वो स्पेसिफिक, मेजरेबल, अटेनेबल, रेलिवेंट और टाइम-बेस्ड हों अर्थात वह स्पष्टता लिए हो, जिनकी प्रगति को मापा जा सके, जो प्राप्य हो, साथ तथा समय आधारित हो। इन सबके साथ लक्ष्य के संबंध में अपनी रूचि का होना भी एक महत्वपूर्ण कारक रहता है। इससे मंजिल की ओर बढ़ता हर कदम, चाहे वो कितना ही कठिन व दुष्कर क्यों ने हो, व्यक्ति को गतिशील रखता है।

**-अखण्ड ज्योति**

## आपके पत्र

# शिक्षा के नाम पर बचपन निगला जा रहा

हम और हमारा समाज यह मानता आ रहा है कि जीवन का आधार शिक्षा ही है। बिना शिक्षा के मनुष्य का जीवन अर्थहीन होने के साथ दिशाहीन हो जाता है। आज की शिक्षा ही सुनहरे कल का निर्माण करती है। वर्तमान समय में बच्चों के माता – पिता तथा स्कूल संचालकों की सोच पर विचार करता हूं तो पाता हूं कि अपने बच्चों के भविष्य के प्रति माता – पिता चिंतित नहीं हैं ! दूसरी ओर सेवा के मार्ग से भटक चुके शिक्षा मंदिरों के संचालक धन अर्जन की मंशा के साथ बच्चों के बचपन को निगलने आतुर हैं ! बच्चों के पैदा होने के साथ ही उनकी शिक्षा की दिखावटी चिंता करते हुए स्कूल चलाने वाले पूंजीपति घरों तक पहुंचकर पंजीयन में औरों की तुलना में बाजी मारना चाहते हैं ! इस बात की चिंता या भय किसी को नहीं कि शासकीय नियमों को अंगूठा दिखाते हुए कम उम्र में स्कूल दाखिला अपराध से कम नहीं है। शालाओं में बच्चों के प्रवेश को लेकर यह बहस का मुद्दा हमेशा से रहा है कि वास्तव में कितनी उम्र में उन्हें अक्षर ज्ञान से जोड़ा जाए ? हम यदि अपने देश की सरकार द्वारा बनाए गए नियमों का हवाला दें, तो राष्ट्रीय शिक्षा नीति स्पष्ट रूप से निर्देशित करती है कि बच्चों की शाला प्रवेश की उम्र छह वर्ष से कम नहीं होनी चाहिए। प्रवेश की यह उम्र कक्षा पहली से संबंध रखती है। वर्तमान में अधिक कमाई का ग्राफ खींच रहे निजी शाला संचालकों ने प्री – नर्सरी जैसी कक्षाएं शुरू कर दो वर्ष की उम्र में शाला प्रवेश शुरू किया हुआ है ! ऐसे ही शाला संचालकों द्वारा पहली कक्षा में पांच वर्ष या साढ़े पांच वर्ष में प्रवेश दिया जा रहा है !

हमारे देश में जितने प्रदेश उतने कानून वाली स्थिति बच्चों के शाला प्रवेश को लेकर देखी जा रही है ! शिक्षा का विषय संविधान की समवर्ती सूची में शामिल है तथा यह राज्यों के अधिकार क्षेत्र में आता है। पिछले वर्ष लोकसभा में राज्य सरकार ने इसे लेकर एक रिपोर्ट पेश की। सरकार ने सदन को बताया कि चौदह राज्य और केंद्र शासित प्रदेशों में बच्चों को पांच साल की उम्र में कक्षा पहली में प्रवेश दिया जा रहा है ! बाइस राज्य और केंद्र शासित प्रदेशों में छह वर्ष के उपरांत कक्षा पहली में प्रवेश हो रहा है। दिल्ली, राजस्थान, ओडिसा, आंध्रप्रदेश, तमिलनाडु और तेलंगाना में प्रवेश के लिए न्यूनतम आयु पांच साल है, जबकि उत्तरप्रदेश, महाराष्ट्र और पश्चिम बंगाल में प्रवेश की उम्र छह वर्ष है। इन शासकीय नियमों की सबसे ज्यादा धज्जियां हमारा प्रदेश छत्तीसगढ़ उड़ा रहा है ! यहां कोई नियम काम नही आ रहा है ! मां के आंचल में दूध पीने वाले बच्चे के हाथ में दूध की बोतल पकड़ाकर उसे प्री – नर्सरी में प्रवेश दिया जा रहा है ! कारण यह कि बहुत से राजनेताओं द्वारा भी ऐसे स्कूलों का संचालन किया जा रहा है ! इस तरह बचपन को निगल रहे लोगों में राजनीतिक संरक्षण के साथ शालाओं का संचालन कर रहे रसूखदार आगे देखे जा रहे हैं ! शिक्षा के प्रारंभिक चरण के विषय में यदि हम अन्य देशों की स्थिति पर नजर डालें, तो सुखद चित्रण सामने आता है।

हमारे देश के केरल, तेलंगाना और आंध्र प्रदेश जैसे राज्य अभी भी पहली कक्षा में दाखिले की उम्र पांच वर्ष अथवा साढ़े पांच वर्ष को लेकर अड़े हुए हैं ! सरकार ने स्कूली शिक्षा को 10+2 के ढांचे से निकालकर 5 प्लस 3 प्लस 3 प्लस 4 में तब्दील किया है। स्कूल शिक्षा के इस ढांचे को बुनियादी स्तर नाम दिया गया है। सरकार को नई शिक्षा नीति का सभी से पालन कराने हेतु सख्त रवैया अपनाना होगा। नियम का उल्लंघन कर बच्चों के बचपन के साथ खिलवाड़ करने वालों को अपराधी मानते हुए सजा की व्यवस्था भी मेरी नजर में गलत नहीं होगी। ऐसी शैक्षणिक संस्थाएं जो तीन वर्ष से पूर्व बच्चों को प्री – नर्सरी में प्रवेश दे रही हों उनके संचालन पर प्रतिबंध ही एकमात्र उपचार हो सकता है। साथ ही कानून में यह व्यवस्था भी बना दी जानी चाहिए कि यदि कोई माता – पिता अपने बच्चे को तीन वर्ष से कम उम्र में किसी भी स्तर की स्कूल में प्रवेश दिलाता है, तो वह भी सजा का भागी होगा।

**डॉ सूर्यकांत मिश्रा**

*प्रकाशक, मुद्रक : राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लि. के लिए 506, आई.एन.एस. बिल्डिंग, 9, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित एवं बीएफएल इंफोटेक लि., सी 9, सेक्टर-3, नोएडा से मुद्रित। सम्पादक : राजीव रंजन श्रीवास्तव, (पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार)। आर.एन.आई. नं. DELHIN/2008/24216. दिल्ली कार्यालय :फोन: 011-23718195,23357784, फैक्स: 011-43581404, नोएडा कार्यालय: फोन: 0120-4114404 फैक्स: 0120-4273770*

*ई-मेल: deshbandhudelhi@gmail.com वेब: www.deshbandhu.co.in*

## कमल दहल ने फिर किया मंत्रिमंडल का विस्तार

**काठमांडू।** नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल ने नयी गठबंधन सरकार के तहत अपने नए मंत्रिमंडल को पूर्ण आकार देने के प्रयासों के तहत रविवार को दो और मंत्रियों को नामित किया। राष्ट्रपति कार्यालय से जारी एक बयान में कहा गया कि जनता समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष उपेन्द्र यादव ने उप प्रधानमंत्री एवं स्वास्थ्य एवं जनसंख्या मंत्री के रूप में शपथ ली। इसी पार्टी के ही नवल किशोर साह सुदी को वन एवं पर्यावरण मंत्री बनाया गया है।

# देश विदेश

# हिजबुल्लाह ने इजराइल पर 35 रॉकेट दागे : आईडीएफ

**यरुशलम,** 10 मार्च (एजेंसियां)। हिजबुल्लाह आतंकवादियों ने रविवार को उत्तरी इजरायल पर करीब 35 रॉकेट दागे। आईडीएफ ने कहा है कि इससे इजरायली हमलों का एक और दौर शुरू हो गया।

इजरायल रक्षा बल (आईडीएफ) ने एक बयान में कहा, 'रॉकेट ऊपरी गलील में मेरोन क्षेत्र की ओर दागे गए। सात प्रक्षेपणों को इजरायल की वायु रक्षा प्रणालियों ने रोक दिया था।' समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, हमलों में किसी के हताहत होने की तत्काल कोई रिपोर्ट सामने नहीं आई है। रिपोर्ट में कहा गया हे कि रॉकेटों के बाद इजरायल ने हेब्बारियाह, कौनीन और दक्षिणी लेबनान के शहरों पर तोपखाने से हमला किया। हिजबुल्लाह ने हमले की जिम्मेदारी ली है। उसने एक बयान में कहा, 'शनिवार को खेरबेट सेल्म क्षेत्र में एक घर पर घातक इजरायली हवाई हमले के जवाब में दर्जनों रॉकेट दागे गए। हमले में एक ही परिवार के चार लोगों सहित कम से कम पांच लोग मारे गए और नौ घायल हो गए। आईडीएफ के अनुसार, खेरबेट सेल्म पर हवाई हमले में एक सैन्य ढांचे को निशाना बनाया गया, जिसमें हिजबुल्लाह आतंकवादियों की पहचान की गई थी। इसके अलावा रात में इजरायली युद्धक विमानों ने अयता एश शब के क्षेत्र में हिजबुल्लाह के बुनियादी ढांचे और मारून एल रास के क्षेत्र में एक एंटी-टैंक मिसाइल लॉन्च पोस्ट पर हमला किया। यह हिंसा इजराइल और हिजबुल्लाह के बीच सीमा पार लड़ाई में नई थी, जो इजरायल पर हमास के अचानक हमले और गाजा पर इजराइली हमले के बाद 7 अक्टूबर को शुरू हुई थी।



### इजरायल के आवासीय टावर पर बमबारी करने से राफा में भय व्याप्त

**काहिरा।** इजरायल ने दक्षिणी गाजा पट्टी के राफा में सबसे बड़े आवासीय टावरों में से एक पर हमला किया है जिससे एन्क्लेव के आखिरी क्षेत्र पर दबाव बढ़ गया तथा लोगों में भय व्याप्त हो गया। समाचारपत्र डॉन ने रविवार को यह जानकारी दी। रिपोर्ट में कहा गया इजरायल ने शनिवार को जिस इलाके में हमला किया उस पर उसने अभी तक आक्रमण नहीं किया था।

### लेबनान में इजराइली हवाई हमले में तीन की मौत, नौ घायल

**बेरूत।** लेबनानी सैन्य अधिकारियों के अनुसार, उसके देश के दक्षिण में गांव खारबेट सेल्म में इजराइली हवाई हमले में तीन नागरिकों की मौत हो गई और नौ घायल हो गए। मृतक एक ही परिवार के सदस्य थे। घायलों को टेब्निन सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, इजराइल ने शनिवार को दक्षिणी लेबनान के नौ कस्बों और गांवों में 15 हवाई हमले किए। इस दौरान आठ मकान नष्ट हो गए और 28 अन्य क्षतिग्रस्त हो गए।

## शी जिनपिंग जरदारी के साथ मिलकर काम करने को तैयार

**बीजिंग,** 10 मार्च (एजेंसियां)। चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने पाकिस्तान के साथ द्विपक्षीय संबंधों के बढ़ते रणनीतिक महत्व को रेखांकित करते हुए कहा है कि वह नवनिर्वाचित राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी के साथ काम करने को तैयार हैं। जियो न्यूज ने बताया कि चीन के राष्ट्रपति ने पाकिस्तान पीपल्स पार्टी (पीपीपी) के दिग्गज नेता को राष्ट्रपति के रूप में दूसरा कार्यकाल हासिल करने पर बधाई देते हुए कहा, '(चीन) विभिन्न क्षेत्रों में (पाकिस्तान के साथ) सहयोग को आगे बढ़ाने के लिए (निर्वाचित राष्ट्रपति) जरदारी के साथ काम करने के लिए तैयार है।' उन्होंने आपसी हित के मामलों पर दोनों देशों द्वारा प्रदर्शित द्विपक्षीय समर्थन को याद करते हुए, दोनों देशों के बीच रणनीतिक संबंधों के बढ़ते महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने पड़ोसी देशों की ऐतिहासिक साझेदारी और सहयोग पर जोर देते हुए कहा, 'दोनों देशों ने सीपीईसी की स्थापना के जरिए सार्थक परिणाम हासिल किए हैं।' चीन के राष्ट्रपति का बयान आया है ऐसे समय आया है जब जरदारी राष्ट्रपति के रूप में शपथ लेंगे। समारोह में प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ, तीनों सेनाओं के प्रमुख और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित होंगे।

पाकिस्तान के सीजेपी काजी फैज ईसा जरदारी को राष्ट्रपति पद की शपथ दिलाएंगे। जरदारी ने



अपने प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान तनवनिर्वाचित राष्ट्र प्रमुख कोहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) समर्थित एसआईसी के खिलाफ 411 इलेक्टोरल वोट हासिल करके शीर्ष पद हासिल किया। एसआईसी उम्मीदवार महमूद खान अचकजई को 181 वोट मिले। ऐतिहासिक दूसरी बार राष्ट्रपति पद के लिए निर्वाचित होने वाले जरदारी की जीत तब हुई जब उन्हें पीएमएल-एन एवं अन्य पार्टीयों का समर्थन मिला।

## दैनिक पंचांग

mypandit.com
24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : सोमवार 11 मार्च, 2024 फाल्गुन शुक्ल पक्ष 1

### राशिफल

मेष - आप का दिन अस्वस्थता और चिंता में गुजरेगा। सर्दी, कफ और बुखार आपको हो सकता है। किसी का भला करने की जगह आज अपने काम में ही व्यस्त रहें। किसी से पैसों का लेन-देन न करें।

वृषभ - आज का दिन शुभ फलदायी है। धन वृद्धि तथा पदोन्नति होने के योग हैं। व्यापार के लिए किए गए सौदे में सफलता मिल सकती है। परिजनों तथा मित्रों के साथ बाहर जाने का कार्यक्रम बन सकता है।

मिथुन - आज का दिन शुभ तथा अनुकूलता से भरा होगा। ऑफिस में सहकर्मचारी तथा अधिकारी के साथ संबंध अच्छे रहेंगे। सामाजिक दृष्टि से आपके मान-सम्मान में वृद्धि होगी। पदोन्नति के योग हैं।

कर्क - आज आप धार्मिक काम और पूजा-पाठ में व्यस्त रहेंगे। मंदिर या किसी धार्मिक आयोजन में जाने का प्रसंग बन सकता है। परिजनों के साथ आनंदपूर्वक समय गुजरेगा। स्वास्थ्य अच्छा बना रहेगा। मन भी चिंता रहित होगा।

सिंह - आज आपको हर काम संभलकर करना चाहिए। स्वास्थ्य के प्रति ध्यान दें। स्वास्थ्य बिगड़ने से आकस्मिक खर्च आ सकता है। परिजनों के साथ वाद-विवाद हो सकता है। नियम विरुद्ध कोई काम आज ना करें।

कन्या - आपका आज का दिन अनुकूलता से भरा रहेगा। जीवनसाथी के साथ आप निकटता के क्षण का आनंद उठा सकेंगे। दांपत्यजीवन में मधुरता रहेगी। किसी नए व्यक्ति की ओर से आकर्षण अनुभव करेंगे।

तुला - घर में शांति और आनंद का वातावरण रहेगा। सुखदायक घटनाएं घटेंगी। कार्य में यश और सफलता मिलेगी। स्वास्थ्य बना रहेगा। आवश्यक काम के पीछे धन खर्च होगा। नौकरी में सिद्धि और सफलता मिलेगी।

वृश्चिक - आप के गृहस्थ जीवन में शांति एवं आनंद का वातावरण होगा। शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य अच्छा बना रहेगा। बीमार लोगों के स्वास्थ्य में सुधार हो सकता है। दफ्तर में सहकर्मियों का पूरा सहयोग मिलेगा।

धनु - आज आप यात्रा प्रवास टालें, क्योंकि पेट संबंधी बीमारी और समस्या हो सकती है। संतान के स्वास्थ्य और पढ़ाई की चिंता बनी रहेगी। किसी काम में सफलता नहीं मिलने से मन व्याकुल रहेगा।

मकर - आज आप का शारीरिक स्वास्थ्य और मनोदशा अच्छी नहीं होगी। परिवार में झगड़े के वातावरण से खिन्नता होगी। शरीर में ताजगी और स्फूर्ति का अभाव होगा। रिश्तेदारों से मनमुटाव हो सकता है।

कुंभ - आज आप मानसिक रूप से अपने आपको बहुत हलका महसूस करेंगे। मन में छाए हुए चिंता के बादल दूर हो जाने से उत्साह में वृद्धि होगी। घर में भाई-बहनों के साथ मिलकर कोई नया काम करेंगे।

मीन - आनंद- उत्साह और तन-मन की प्रसन्नता आपमें चेतना और स्फूर्ति का संचार करेंगे। नए कार्य हाथ में लेंगे, तो उसमें सफलता मिलेगी। धार्मिक मांगलिक प्रसंगों में जाएंगे। मन में कोई निर्णय लेते समय दुविधा की स्थिति रहेगी।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## रूसी छात्र को यूक्रेन समर्थक वाई फाई का नाम रखने के लिए जेल



**मॉस्को,** 10 मार्च (एजेंसियां)। रूस की राजधानी मॉस्को में एक छात्र को अपने वाई-फाई नेटवर्क का नाम बदलकर कीव समर्थक रखने के लिए 10 दिनों की जेल की सजा सुनाई गई है।

मॉस्को स्टेट यूनिवर्सिटी के छात्र ने नेटवर्क का नाम 'स्लावा यूक्रेनी' रखा था, जिसका मतलब 'यूक्रेन की जय' होता है। मॉस्को की एक अदालत ने छात्र को गुरुवार को चरमपंथी संगठनों के प्रतीकों का प्रदर्शन करने का दोषी पाया। यूक्रेन-रूस युद्ध की शुरुआत के बाद से, रूस के आक्रमण की आलोचना करने या यूक्रेन का समर्थन करने के लिए हजारों लोगों को जेल भेजा गया है या जुर्माना लगाया गया है। छात्र को बुधवार सुबह मॉस्को में गिरफ्तार किया गया था। पुलिस अधिकारियों को नेटवर्क के नाम की सूचना प्राप्त हुई थी। अधिकारियों ने विश्वविद्यालय के छात्रावास में उसके कमरे का निरीक्षण किया और उसका निजी कंप्यूटर और एक वाई-फाई राउटर प्राप्त किया।

### रूस के कुर्सक क्षेत्र में यूक्रेन की गोलाबारी से महिला की मौत

**मॉस्को।** रूस के कुर्सक क्षेत्र के एक गांव में रविवार को यूक्रेन की गोलाबारी के कारण घर में आग लगने से एक महिला की मौत हो गई जबकि उसका पति गंभीर रूप से झुलस गया। कुर्सक के गवर्नर रोमन स्टारोवोइट ने यह जानकारी दी। स्टारोवोइट ने टेलीग्राम पर लिखा कि यूक्रेन ने ग्लुशकोवस्की जिले के कुलबाकी गांव के खिलाफ गोलीबारी की। एक गोले के सीधे प्रहार के परिणामस्वरूप एक आवासीय भवन में आग लग गई, जिसमें एक महिला की मृत्यु हो गई। उसके पति बुरी तरह जल गए और उसका चल रहा है। मैं पीड़िता के परिजनों और करीबियों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं। मैं घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। उन्होंने कहा कि गांव में आंशिक रूप से बिजली गुल है और दमकलकर्मी घटनास्थल पर पहुंच रहे हैं।

## शी जिनपिंग ने दी पाकिस्तान के नए राष्ट्रपति को बधाई

**बीजिंग,** 10 मार्च (एजेंसियां)। चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने 10 मार्च को आसिफ अली ज़रदारी को पाकिस्तान का राष्ट्रपति चुने जाने पर बधाई संदेश भेजा।

शी जिनपिंग ने बताया कि चीन और पाकिस्तान अच्छे पड़ोसी, अच्छे दोस्त, अच्छे साझेदार और अच्छे भाई हैं। दोनों देशों की मजबूत दोस्ती एक ऐतिहासिक फैसला और दोनों देशों की जनता की बहुमूल्य संपत्ति है। हाल के वर्षों में, दोनों देशों ने घनिष्ठ उच्च-स्तरीय आदान-प्रदान बनाए रखा है, एक-दूसरे के मूल हितों और प्रमुख चिंताओं से जुड़े मुद्दों पर एक-दूसरे का समर्थन किया है, चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे के निर्माण में सार्थक परिणाम प्राप्त किए हैं, और दोनों देशों के संबंधों में उच्च स्तरीय विकास कायम है। शी जिनपिंग ने इस बात पर ज़ोर दिया कि तेज़ी से बदलते विश्व में चीन-पाकिस्तान संबंधों का रणनीतिक महत्व और भी अधिक प्रमुख हो गया है। उन्होंने कहा कि मैं चीन-पाकिस्तान संबंधों के विकास को बहुत महत्व देता हूं।

## नेपाल में उपेंद्र यादव ने ली उपप्रधानमंत्री पद की शपथ

**काठमांडू,** 10 मार्च (एजेंसियां)। जनता समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष उपेंद्र यादव ने रविवार को नेपाल के उपप्रधानमंत्री पद की शपथ ली। राष्ट्रपति कार्यालय से जारी एक बयान में कहा गया कि पार्टी से ही नवल किशोर साह सुदी को वन एवं पर्यावरण मंत्री बनाया गया है। 'द हिमालयन' की रिपोर्ट के अनुसार इस अवसर पर नेपाल के उपराष्ट्रपति राम सहाय प्रसाद यादव, प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल 'प्रचंड', अध्यक्ष देवराज घिमिरे, पूर्व प्रधानमंत्री और सीपीएन अध्यक्ष के.पी. शर्मा ओली और पूर्व प्रधानमंत्री और सीपीएन अध्यक्ष माधव कुमार नेपाल मौजूद थे। समाचार एजेंसी शिन्हुआ के अनुसार, नेपाल की कम्युनिस्ट पार्टी के अध्यक्ष पुष्प कमल दहल ने बुधवार को नेपाली कांग्रेस के साथ गठबंधन तोड़ने और दो दिन पहले सीपीएन और दो अन्य दलों के साथ एक नया गठबंधन बनाने के बाद अपने मंत्रिमंडल में 20 मंत्रियों को शामिल किया था। वह अभी भी तीन राज्यमंत्रियों को कैबिनेट में शामिल कर सकते हैं। दहल ने दिसंबर 2022 में सीपीएन-यूएमएल वाली गठबंधन सरकार के प्रमुख के रूप में पदभार संभाला, क्योंकि उस साल नवंबर में हुए आम चुनावों में किसी भी एक पार्टी ने निचले सदन में बहुमत सीटें नहीं जीती थी।



■ नवल किशोर साह सुदी को बनाया वन व पर्यावरण मंत्री

## चीन हमेशा एक विश्वसनीय साझेदार रहा : जूलियस

■ सीएमजी के साथ सिएरा लियोन के राष्ट्रपति बायो का विशेष साक्षात्कार

**बीजिंग,** 10 मार्च (एजेंसियां)। हाल ही में सिएरा लियोन के राष्ट्रपति जूलियस माडा बायो ने चीन की छह दिवसीय राजकीय यात्रा की। इस दौरान उन्होंने चाइना मीडिया के साथ एक विशेष बातचीत की। उन्होंने कहा कि सिएरा लियोन और चीन लोक गणराज्य के बीच राजनयिक संबंध की स्थापना को 52 साल हो गये हैं। चाहे अनुकूल परिस्थिति हो या प्रतिकूल, चीन हमेशा एक विश्वसनीय साझेदार रहा है। जब चीन वादा करता है, तो वह अपना वादा पूरा करता है और अतिरिक्त मांग नहीं करता। जब हमें चीन से मदद की जरूरत होती है, तो चीन हमेशा सक्रिय प्रतिक्रिया देता है । उन्होंने कहा कि पिछले कुछ साल में दोनों राष्ट्राध्यक्षों के नेतृत्व में चीन-सिएरा लियोन राजनीतिक विश्वास निरंतर बढ़ रहा है, व्यावहारिक सहयोग का स्थिर विकास हो रहा है और अंतरराष्ट्रीय मंच पर पारस्परिक समन्वय अधिक घनिष्ठ हो रहा है, जिसने दोनों देशों की परंपरागत मित्रता में नयी शक्ति डाली है। उन्होंने कहा कि सिएरा लियोन की राजधानी में कई लैंडमार्क चीन से घनिष्ठ रूप से जुड़े हैं, जैसे चीन-सिएरा लियोन मित्रता भवन, चीन सिएरा लियोन मित्रता मार्ग। चीन ने सिएरा लियोन के कृषि विकास की सहायता के लिए मशीनरी प्रदान करने के अलावा धान के रोपण तकनीक प्रोमोशन केंद्र स्थापित किए और कृषि प्रतिभाएं भी तैयार की।

**आरोप** मुख्यमंत्री मरियम नवाज के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी की गई थी

## पाकिस्तान की संघीय जांच एजेंसी ने पीटीआई नेता को किया तलब

**इस्लामाबाद, 10 मार्च (एजेंसियां)। पाकिस्तान में पंजाब की मुख्यमंत्री मरियम नवाज के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी करने के लिए पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) नेता शांदाना गुलजार को संघीय जांच एजेंसी (एफआईए) ने तलब किया है। 'द न्यूज' ने रविवार को यह जानकारी दी। राज्य और सरकारी हस्तियों के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी करने और कथित तौर पर अपने सोशल मीडिया पोस्ट के माध्यम से लोगों को विद्रोह के लिए उकसाने के आरोप में सुश्री गुलज़ार को 14 मार्च को लाहौर में एफआईए के साइबर क्राइम सर्कल द्वारा तलब किया गया है।**

पीटीआई नेता पर एक मृत पीटीआई कार्यकर्ता ज़िले शाह का जिक्र करते हुए सुश्री मरियम को ऑडियो लीक घोटाले में फंसाने का आरोप है। सुश्री गुलजार के खिलाफ ये आरोप पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के कार्यकर्ता शोएब मिर्जा ने लगाए थे, जिन्होंने उन पर सरकारी अधिकारियों और संस्थानों के खिलाफ अपमानजनक गतिविधियों में शामिल होने का आरोप लगाया था। एफआईए ने इन आरोपों को स्वीकार किया और मामले में आगे की पूछताछ करने के लिए सुश्री गुलज़ार से पूछताछ करेगी।

इससे पहले पंजाब के सूचना मंत्री आजमा बुखारी ने भी इस मामले पर टिप्पणी करते हुए कहा था कि विधानसभा की पवित्रता की रक्षा करना हर सदस्य का कर्तव्य है। उन्होंने कहा, 'शंदाना गुलज़ार पाकिस्तान का अपमान कर रही हैं। ये पीटीआई के राजनीतिक गिद्धों की हरकतें हैं।' बुखारी ने कहा कि पीटीआई का दुखद घटनाओं का राजनीतिकरण करने का इतिहास रहा है और उन्होंने इस तरह की कार्रवाइयों को समाप्त करने की मांग की। उन्होंने मुख्यमंत्री के खिलाफ गुलजार के आरोपों का समर्थन करने वाले सबूत की मांग की। उन्होंने कहा, 'शंदाना गुलज़ार के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के लिए एक आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अब, न तो महिला कार्ड और न ही राजनीतिक कार्ड खेलने की अनुमति दी जाएगी।' मंत्री ने मांग की कि पीटीआई नेता मुख्यमंत्री को फंसाने वाले कथित ऑडियो के सबूत पेश करें।




**पीटीआई का दुखद घटनाओं का राजनीतिकरण करने का इतिहास रहा है : बुखारी**

## आज का इतिहास

1669 - इटली में एटना ज्वालामुखी फटने से 15,000 लोगों की मौत।
1689 - औरंगजेब ने शिवाजी के पुत्र संभाजी की हत्या की।
1779 - अमेरिकी सेना ने कोर ऑफ़ इंजीनियर्स की स्थापना की।
1810 - नेपोलियन ने ऑस्ट्रिया की मैरी-लुईस से शादी की।
1881 - रामनाथ टैगोर की प्रतिमा कलकत्ता के टाउन हॉल में स्थापित हुई, वह पहले भारतीय हैं जिनकी प्रतिमा टाउन हॉल में लगाई गई।
1895 - स्पैनिश जहाज रीना रेजेंटा जिब्राल्टर में डूबने से 400 यात्रियों की मौत।
1915 - क्रिकेट खिलाड़ी विजय हजारे का जन्म।
1917 - ब्रिटिश फौजों ने बगदाद पर कब्जा किया।
1918 - मास्को रूस की राजधानी बनी।
1931 - डेविड सैमनाज ओकाम्पो पेरू के राष्टपति बने।
1948 - देश के पहले आधुनिक पोत जल उषा का विशाखापत्तनम में जलावतरण।
1963 - सोमालिया ने ब्रिटेन के साथ राजनयिक संबंध तोड़े।
1978 - इजरायली शहर तेल अवीव में हुए आतंकी हमले में 45 लोगों की मौत।
1981 - चिली में संविधान लागू हुआ, राष्टपति पिनोशे का दूसरा कार्यकाल शुरू।
1985 - राष्टपति मिखाइल गोर्बाचेव सोवियत संघ के सर्वोच्च नेता बने।
1990 - लिथुआनिया ने स्वतंत्रता की घोषणा की।
1999 - इंफोसिस नेस्डैक स्टाक एक्सचेंज में सूचीबद्ध होने वाली पहली भारतीय कंपनी बनी।

## सुडोकू 6492

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 5 | | 4 | |
| | | 5 | | 4 | | 6 | | |
| 4 | 3 | 8 | 2 | | | | | |
| | | | | 2 | | | 6 | |
| 7 | | 3 | | | | 1 | | 2 |
| | 4 | | | 8 | | | | |
| | | | | | 2 | 7 | 9 | 4 |
| | | 2 | | 3 | | 5 | | |
| | 6 | | 7 | | | | | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम, कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## वर्ग पहेली 6492



**बायें से दायें:-**

१. अनुपस्थिति, गैर-हाजिरी
४. नामुमकिन
६. रक्तपान करने वाला
७. जिसके नेत्र लाल रंग के हों
८. रूपवती, कोमलांगी (उर्दू)
१०. पराजित होना
११. प्रशासन, राजा, हुकूमत
१३. एक खट्टे-मीठे स्वाद वाला फल
१४. आदेश, हुक्म
१५. किसी आकृति तल के ठीक ऊपरी भाग में बना कोण
१७. अनाथ (उर्दू)
१९. ऊपर उठना, उन्नति, युद्ध, सेना
२१. मशविरा, राय (उर्दू)
२२. केसर (उर्दू)
२४. लकड़ियां काटकर जीवनयापन करने वाला

**ऊपर से नीचे:-**

१. प्रेमी, आसक्त, संतुष्ट, लाल
२. अप्रत्यक्षकर
३. कत्लेआम
४. स्वीकार करना, अपना बनाना
५. बहन
९. शहर में प्रवेश करना
११. खुशी के साथ, प्रसन्नतापूर्वक
१२. वजह
१३. वहम, भ्रम, शंका
१४. नि:शस्त्र, जिसके हाथ में कुछ न हो
१५. सिर के बल खड़े होने का आसन
१६. शोरगुल
१८. तृतीय
१९. वीरान, जनशून्य
२०. दृश्य (उर्दू)
२३. पर्वत

### वर्ग पहेली-6491

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ मि | थ्या | २ व | च | ३ न | ■ | ४ हि | रा | ५ स | त |
| थ्या | ■ | शी | ■ | ६ व | र्जि | त | ■ | रा | ■ |
| ७ चा | त | क | ■ | यु | ■ | ८ क | मा | य | ९ ज |
| री | ■ | र | ■ | १० व | जी | र | ■ | ■ | न्म |
| ■ | ११ आ | ण | १२ वि | क | ■ | ■ | १३ त | ड़ | प |
| ■ | स | ■ | स्म | ■ | १४ वि | हा | न | ■ | त्रि |
| १५ नि | रा | १६ म | य | ■ | श्रा | ■ | १७ या | १८ चि | का |
| यं | ■ | हा | ■ | १९ त | म | २० स | ■ | ड़ि | ■ |
| २१ त्रि | भु | ज | ■ | ड़ | ■ | २२ फ | रि | या | २३ द |
| त | ■ | २४ न | र | का | सु | र | ■ | ■ | शा |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## दुनिया को जानें

### गाजा में फिलीस्तीनी मृतकों की संख्या 31,000 से अधिक

**गाजा,** 10 मार्च (एजेंसियां)। गाजा पट्टी में जारी इजरायली हमलों में मरने वाले फिलीस्तीनियों की संख्या 31,000 से अधिक हो गई है। हमास द्वारा संचालित स्वास्थ्य मंत्रालय ने रविवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय के अनुसार पिछले 24 घंटों के दौरान इजरायली सेना ने तटीय क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों में 85 फिलिस्तीनियों को मार डाला और 130 अन्य को घायल कर दिया। जिससे मरने वालों की कुल संख्या 31,045 हो गई और 72,654 लोग घायल हो गए।

बयान में कहा गया कि भारी बमबारी और नागरिक सुरक्षा और एम्बुलेंस कर्मचारियों की कमी के बीच कुछ पीड़ित मलबे में दबे हुए हैं। दक्षिणी इजरायली सीमा के माध्यम से सात अक्टूबर 2023 को युद्ध का जवाब देने के लिए इजरायल गाजा पट्टी में हमास के खिलाफ बड़े पैमाने पर हमला कर रहा है, जिसके दौरान लगभग 1,200 लोग मारे गए और 240 से अधिक को बंधक बना लिया गया।

# प्रादेशिकी

### कश्मीर घाटी में रात का तापमान शून्य से नीचे

**श्रीनगर।** कश्मीर घाटी में कई स्थानों पर रात का तापमान शून्य से नीचे दर्ज किया गया। मौसम विज्ञान केंद्र (आईएमडी) के मुताबिक जम्मू-कश्मीर में रविवार तक कोई विशेष मौसमी हलचल होने के आसार नहीं हैं लेकिन इसके बाद अगले तीन-चार दिनों कुछ स्थानों पर हल्की बारिश या हिमपात हो सकते हैं। वहीं 15 से 18 मार्च के बीच मौसम शुष्क रहने का अनुमान है। मध्य कश्मीर के सोनमर्ग का रिसॉर्ट शून्य से 07 डिग्री सेल्सियस नीचे सबसे दर्ज किया गया, जो सबसे ठंडा रहा। राजधानी श्रीनगर में न्यूनतम तापमान शून्य से कम 0.2 डिग्री सेल्सियस, गुलमर्ग में शून्य से कम 06 डिग्री सेल्सियस, पहलगाम में शून्य से कम 3.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

# मुख्यमंत्री ने हरी झंडी दिखाकर किया टनकपुर एक्सप्रेस ट्रेन का शुभारंभ

## प्रदेश सरकार रेल विभाग की मदद से उत्तराखंड में रेल सेवाओं के विकास व विस्तार व आधुनिकीकरण के लिए प्रयासरत

- प्रधानमंत्री एवं रेलमंत्री का जताया आभार
- टनकपुर से खटीमा तक रेल में किया सफर




**देहरादून,** 10 मार्च (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रेलवे स्टेशन टनकपुर से टनकपुर-देहरादून साप्ताहिक एक्सप्रेस ट्रेन का हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया मुख्यमंत्री ने टनकपुर से देहरादून के लिए पहली एक्सप्रेस ट्रेन संचालन के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का आभार जताते हुए इसेएक स्वप्न का पूरा होना भी बताया क्योंकि आजादी से पहले बने टनकपुर रेलवे स्टेशन से देहरादून के लिए यह पहली एक्सप्रेस ट्रेन संचालित हुई है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि टनकपुर एक्सप्रेस के संचालन में टनकपुर से देहरादून तक अनेक महत्वपूर्ण शहरों को सीधे जोड़ा गया है, जिससे लोगों को सुविधा होगी। इस एक्सप्रेस के माध्यम से बनबसा, खटीमा, पीलीभीत, भोजीपुरा, बरेली सिटी, बरेली जंक्शन, चंदोसी, मुरादाबाद, नजीबाबाद, लक्सर, हरिद्वार रेलवे स्टेशन से जुड़े लोगों को यात्रा करने का आसानी से विकल्प भी मिलेगा और उनका समय भी बचेगा। इसके साथ ही यह ट्रेन सेवा इन शहरों से मां पूर्णागिरी के दर्शन करने आने वाले श्रद्धालुओं के लिए यातायात का एक बेहतर विकल्प भी बनेगी। मुख्यमंत्री ने स्वयं भी ट्रेन से टनकपुर से खटीमा तक की यात्रा की तथा ट्रेन में यात्रियों से मुलाकात कर उनका फीडबैक लिया तथा सभी को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय रेल स्वर्णिम युग की ओर बढ़ रही हैं। पिछले 10 वर्षों में भारतीय रेलवे को नए भारत की आकांक्षाओं तथा आत्मनिर्भर भारत की अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए तैयार किया जा रहा है। 2014 के बाद से भारतीय रेल एक नए रूप में हमारे सम्मुख है। आज जहां एक ओर ब्रॉड गेज रेल लाइनों से मानव रहित रेल क्रॉसिंग को ख़त्म करके भारतीय रेलवे को पहले से कहीं अधिक सुरक्षित बनाया गया है। वहीं दूसरी ओर आज भारतीय रेलवे की रफ्तार भी पहले से कहीं अधिक बढ़ चुकी है। आत्मनिर्भरता और आधुनिकता के प्रतीक चिन्ह के रूप में वंदे भारत जैसी मेड इन इंडिया ट्रेनें रेल नेटवर्क का हिस्सा बन रही हैं।

## धामी ने किया जिला सूचना कार्यालय चंपावत की प्रकाशित विकास पुस्तिका 2024 का विमोचन

### कुमाऊनी लोक गायक हरु जोशी द्वारा यूसीसी पर बने गीत को किया लांच



- कैम्प कार्यालय में सुनी जनता की समस्याएं

**देहरादून,** 10 मार्च (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी शनिवार को सायं टनकपुर स्थित मुख्यमंत्री कैम्प कार्यालय में स्थानीय जनता से मिलकर उनकी समस्याओं को सुना। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने सूचना एवं लोक संपर्क विभाग चंपावत द्वारा प्रकाशित विकास पुस्तिका 2024 का भी विमोचन करने के साथ कुमाउनी लोक गायक हरु जोशी द्वारा यूसीसी पर बनाए गए गीत को भी लांच किया।

सीएम ने कहा कि जन समस्याओं का त्वरित निराकरण राज्य सरकार की प्राथमिकता है। आम जनता को उनकी समस्याओं के समाधान के लिए अनावश्यक रूप से कठिनाई का सामना न करना पड़े, इसके लिए सरलीकरण समाधान एवं निस्तारण की भावना के साथ जन समस्याओं को प्राथमिकता से निस्तारित किये जाने के निर्देश सभी संबंधित अधिकारियों को दिये। इस दौरान मुख्यमंत्री ने सूचना एवं लोक संपर्क विभाग चंपावत द्वारा प्रकाशित विकास पुस्तिका 2024 का भी विमोचन करते हुए पुस्तिका प्रकाशन पर विभाग की सराहना भी की। इसके पूर्व मुख्यमंत्री ने वन विकास निगम के अध्यक्ष कैलाश गहतोड़ी के आवास पर जाकर उनके परिजनों से मिले। मुख्यमंत्री ने वरिष्ठ भाजपा नेता रोहतास अग्रवाल के आवास पर जाकर उनका भी हालचाल जाना। इसके अलावा सीएम ने कुमाउनी लोक गायक हरु जोशी द्वारा यूसीसी पर बनाए गए गीत को भी लांच किया।

इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष निर्मल महरा, प्रदेश भाजपा मंत्री हेमा जोशी, जिलाधिकारी नवनीत पाण्डे, पुलिस अधीक्षक अजय गणपति, सहित विभिन्न जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

## धामी ने उत्तराखण्ड को दी 8275 करोड़ की योजनाओं की सौगात

अमरनाथ तिवारी

**देहरादून,** 9 मार्च (देशबन्धु)। लोकसभा चुनाव 2024 सिर पर है। ऐसे में आचार संहिता लगने से पहले ताबड़तोड़ योजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया जा रहा है। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने देहरादून सीएम कैंप कार्यालय से 8275.51 करोड़ रुपए की विभिन्न विकास योजनाओं का वर्चुअली उद्घाटन और शिलान्यास किया। इस दौरान सीएम धामी ने करीब 7227.36 करोड़ रुपए की योजनाओं का शिलान्यास और 1048.15 करोड़ रुपए की योजनाओं का उद्घाटन किया। वहीं सीएम धामी ने कहा कि इन योजनाओं से उत्तराखंड प्रगति के पथ पर तेजी से आगे बढ़ेगा। मुख्य सेवक सदन में विभिन्न विकास योजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास करते हुए सीएम पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि सरकार का लक्ष्य उत्तराखंड को देश का सर्वश्रेष्ठ राज्य बनाना है, इसके लिए दिन रात काम किया जा रहा है। आज प्रदेश की विकास से जुड़ी 8275.51 करोड़ रुपये की योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया गया है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में नई कार्य संस्कृति आई है। जिससे प्रदेश में लोगों का जीवन स्तर ऊपर उठ रहा है। ये विकास कार्य उत्तराखंड को अग्रणी राज्य बनाने में अहम भूमिका अदा करेंगे। सीएम धामी ने कहा कि उत्तराखंड का चहुंमुखी विकास करने के लिए सरकार विकल्प रहित संकल्प के साथ काम कर रही है। बोलने से ज्यादा काम करने पर यकीन रख रहे हैं। यही वजह है कि बीते दो महीने में सभी जिलों में 18 हजार करोड़ से ज्यादा की योजनाओं का शिलान्यास किया जा चुका है।

### सार संक्षेप

#### शैक्षणिक गुणवत्ता से उज्जवल हो रहा बच्चों का भविष्य

**शिमला।** ज्ञान और अनुसंधान के इस युग में हर बच्चे का जीवन ज्ञान से प्रकाशित हो, यह सुनिश्चित करने के लिए प्रदेश सरकार ने नवोन्मेषी कदम उठाए हैं। प्रदेश सरकार बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान कर, उनका सर्वांगीण विकास सुनिश्चित करने की दिशा में कार्य कर रही है। प्रारम्भिक शिक्षा से लेकर महाविद्यालय स्तर तक शिक्षा के विभिन्न गुणात्मक आयामों के सुधार के लिए नवीन कदम उठाए गए हैं। प्रदेश सरकार द्वारा सरकारी स्कूलों में पहली कक्षा से इंग्लिश माध्यम से शिक्षा प्रदान की जाएगी। प्रदेश सरकार द्वारा राज्य में वर्ष 2024-25 में 850 शिक्षण संस्थानों को इंस्टीट्यूशन ऑफ एक्सीलेंस के रूप में विकसित किया जाएगा, इसमें 500 प्राईमरी, 100 हाई, 200 सीनियर सकैण्डरी स्कूल और 50 डिग्री कॉलेज शामिल हैं। इन संस्थानों में अध्यापकों के सभी स्वीकृत पदों को भरने के साथ-साथ स्मार्ट कक्षाओं सहित अन्य सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएंगी। हिमाचल के बच्चे धन के अभाव में उच्च शिक्षा ग्रहण करने से वंचित न रहें इसके लिए प्रदेश सरकार ने महत्वाकांक्षी डॉ. यशवंत सिंह परमार विद्यार्थी ऋण योजना शुरू की है।

#### मनीषा दत्ता ने क्रैनियो मैक्सिलोफेशियल विकृति पर पहला पुरस्कार हासिल किया

**शिमला।** शिमला की डेंटल डॉक्टर मनीषा दत्ता ने जबलपुर में क्रैनियो मैक्सिलोफेशियल विकृति पर संपन्न कार्यशाला में पहला पुरस्कार हासिल कर प्रदेश का नाम रोशन किया है। डॉ. मनीषा दत्ता हिमाचल मेडिकल सर्विसेज में नियामित दन्त चिकित्सक के स्थाई पद पर अपनी सेवाएं दे रही हैं और वर्तमान में हिमाचल सरकार के राजकीय दंत महाविद्यालय से ओरल एंड मैक्सिलोफेशियल सर्जरी में मास्टर डिग्री कर रही हैं। जबलपुर में आयोजित कार्यशाला में उन्होंने देश भर के 150 से अधिक चिकित्स्कों की उपस्थति में वैज्ञानिक शोध पत्रों की श्रेणी में प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया। शोध पत्र में डॉ मनीषा दत्ता ने गर्भवती महिलाओं द्वारा ली जाने वाली विभिन्न अवसादरोधी दवाओं के प्रभाव पर प्रकाश डाला, जो क्रैनियो मैक्सिलोफेशियल विकृतियों जैसे विकृत आकार के छोटे बढ़े सिर और चेहरे, कटे होंठ और तालु नवजात शिशुओं में असामान्य रूप से विरूपित सिर एवम चेहरे का कारण बनती हैं। इस कार्यशाला का विषय क्रैनियो मैक्सिलो फेशियल विकृति था, जो मानव चेहरे की विकृतियो का अध्ययन करता है। जैसे सड़क़ दुर्घटनाओं से मानव चेहरे पर हुये आघात और कुछ अन्य आनुवंशिक दोषों के कारण उत्पन्न विकृतियाँ जैसे कटे होंठ और तालुए हड्डियों का समय से पहले जुड़ना और कभी कभी ना जुड़ पाना, खोपड़ी में गंभीर विकृति आ जानाए मस्तिष्क पर दबाव पढ़ना जिससे गंभीर दर्द और कभी-कभी अँधेपन की स्थिति भी उत्पन्न हो जाती है।

#### सुडोकू 6492 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 2 | 7 | 1 | 9 | 5 | 8 | 4 | 3 |
| 1 | 9 | 5 | 8 | 4 | 3 | 6 | 2 | 7 |
| 4 | 3 | 8 | 2 | 7 | 6 | 9 | 5 | 1 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 7 | 4 | 6 | 5 |
| 7 | 5 | 3 | 9 | 6 | 4 | 1 | 8 | 2 |
| 2 | 4 | 6 | 5 | 8 | 1 | 3 | 7 | 9 |
| 3 | 8 | 1 | 6 | 5 | 2 | 7 | 9 | 4 |
| 9 | 7 | 2 | 4 | 3 | 8 | 5 | 1 | 6 |
| 5 | 6 | 4 | 7 | 1 | 9 | 2 | 3 | 8 |

## रावत पहुंचे अयोध्या, किए राम लल्ला के दर्शन



**देहरादून,** 10 मार्च (देशबन्धु)। पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के कद्दावर नेता हरीश रावत अयोध्या पहुंचे। जहां उन्होंने राम लला के दर्शन किए। इस दौरान अयोध्या राम मंदिर की भव्यता देख गदगद नजर आए। भगवान राम के दर्शन को लेकर हरीश रावत पहले से ही काफी उत्साहित नजर आ रहे थे। जिसकी जानकारी हरीश रावत लगातार अपने सोशल मीडिया पर दे रहे थे। बता दें कि बीती 22 जनवरी 2024 को अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा हुआ था। उस वक्त कांग्रेस नेता हरीश रावत ने राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में न जाने का निर्णय लिया था। हरीश रावत ने साफतौर पर कहा था कि वो भगवान श्री राम के दर्शनों के लिए अयोध्या जरूर जाएंगे, लेकिन प्राण प्रतिष्ठा के दिन बीजेपी के निमंत्रण पर कतई नहीं जाएंगे। इतना ही नहीं उन्होंने बीजेपी पर राम प्राण प्रतिष्ठा समारोह को हाईजैक करने का आरोप भी लगाया था। अब जाकर कांग्रेस नेता हरीश रावत अयोध्या पहुंचे और भगवान राम के दर्शन किए। जहां भगवान राम और मंदिर की भव्यता देख हरीश रावत गदगद नजर आए। उन्होंने अपने सोशल मीडिया पर अयोध्या राम मंदिर दर्शन के जुड़ी तस्वीरें भी साझा की हैं। जिसमें हरदा भगवान राम के दर्शन करते नजर आ रहे हैं।

## तिब्बती समुदाय ने चीन की दमनकारी नीतियों के खिलाफ निकाली रैली




**देहरादून,** 10 मार्च (देशबन्धु)। चीन के खिलाफ रविवार को दुनिया भर के अलग-अलग देशों में विरोध प्रदर्शन किया गया। भारत में भी चीन के खिलाफ प्रदर्शन किया गया। ये प्रदर्शन कई प्रमुख शहरों समेत उत्तराखंड के देहरादून- मसूरी में भी तिब्बती लोगों के द्वारा किया गया। तिब्बती समुदाय के लोग हर साल 10 मार्च को राष्ट्रीय विद्रोह दिवस के रूप में मनाकर चीन के खिलाफ रैली निकालते हैं।

देहरादून-मसूरी में तिब्बत के 65वें राष्ट्रीय विद्रोह दिवस पर तिब्बती सुमदाय के लोगों ने चीन के खिलाफ रैली निकाली। मसूरी हैप्पी वैली से शुरु हुई रैली में तिब्बती समुदाय के लोगों ने भाग लेकर तिब्बत की आजादी की मांग को मुखर किया। तिब्बत समुदाय के लोगों ने बताया कि तिब्बत में रह रहे तिब्बतियों को चीन की दमनकारी नीतियों समेत कई तरह की यातनाओं को सहना पड़ रहा है। ऐसे में अपने देश की आजादी की जंग में विद्रोह करते हुए कई तिब्बती चीनी सेना ने मार दिए हैं। आज उन बलिदानियों को भी तिब्बती समुदाय याद कर रहा है। उन्होंने कहा कि तिब्बत में चीन वहां की कला संस्कृति और ऐतिहासिक धरोहरों के साथ छेड़छाड़ करके उन्हें समाप्त कर देना चाहता है। तिब्बत में चीन द्वारा डेम का निर्माण कराया जा रहा है। जिसका तिब्बत समुदाय के लोग विरोध कर रहे हैं। तिब्बत में वहां के लोग नरक जैसा जीवन व्यतीत कर रहे हैं। तिब्बतियों की आजादी के लिए वीर तिब्बती महिला पुरुष बलिदान दे रहे हैं। वहीं निर्वासित तिब्बत सरकार के प्रधानमंत्री पेंपा सेरिंग ने कहा कि आज हमारा शहीद दिवस भी है। हम सभी अपने उन देशभक्तों की वीरता को याद करते हैं। जिन्होंने तिब्बत की आजादी के लिए अपने प्राण न्योछावर किए हैं। उन्होंने निर्वासित तिब्बत प्रशासन की ओर से तिब्बत की धार्मिक, राजनीतिक और जातीय पहचान के लिए अपना सब कुछ बलिदान करने वाले उन देशभक्त नायक-नायिकों के साहस एवं कार्यों के प्रति अपनी श्रद्धांजलि भी दी।

## भाजपा सरकार के खिलाफ कांग्रेस आज कैंडल मार्च करेगी

**शिमला,** 10 मार्च (देशबन्धु)। केंद्र की भाजपा सरकार के खिलाफ कांग्रेस आज शिमला में कैंडल मार्च करेगी। कांग्रेस ने भाजपा पर प्रदेश की लोकतांत्रिक तरीके से चुनी हुई सरकार को अस्थिर करने का आरोप लगाया है। केंद्र के इसी प्रयास के खिलाफ शिमला के रिज पर बापू की प्रतिमा के सामने कांग्रेस का कैंडल मार्च होगा। कैंडल मार्च में मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू, विधायक व मंत्रियों सहित कांग्रेस के कई अन्य नेता शामिल होंगे। प्रदेश कांग्रेस संगठन महामंत्री रजनीश किमटा ने पार्टी के सभी पदाधिकारियों अग्रणी संगठनों व विभागों के सभी प्रमुखों, पदाधिकारियों सहित पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं को इसमें शामिल होने को कहा है। उन्होंने कहा कि भाजन ने एक राजनीतिक षड्यंत्र के तहत प्रदेश की कांग्रेस सरकार को अस्थिर करने का असफल प्रयास कर रही है। प्रदेश में जनमत कांग्रेस के पास है और प्रदेश कभी भी यह सहन नहीं करेगा कि जनमत का किसी भी प्रकार से अपमान हो। प्रदेश में कांग्रेस एकजुट और पूरी तरह स मजबूत है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व में कांग्रेस सरकार पूरी तरह मजबूत है। उन्होंने भाजपा को आड़े हाथ लेते हुए कहा है कि प्रदेश में भाजपा का कोई भी षड्यंत्र सफल नही होगा।

## दृढ़ता से हर चुनौती का सामना कर आत्मनिर्भर हिमाचल की परिकल्पना को करेंगे साकार : मुख्यमंत्री

**शिमला,** 10 मार्च (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने पुराना बस अड्डा सोलन में विशाल जनसभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार हिमाचल का सुनहरा भविष्य सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न योजनाएं और नीतियां बनाकर कार्यान्वित कर रही है। सरकार भ्रष्टाचार के दरवाजे बंद करके प्रदेश के संसाधनों का उपयोग जनकल्याण और प्रदेश के विकास के लिए कर रही है जबकि भाजपा अनैतिक तरीके अपनाकर लोकतांत्रिक प्रक्रिया को कमज़ोर करने का प्रयास कर रही है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि कुछ लोग आम जनता के धन के बल का उपयोग कर लोकतांत्रिक रूप से चुनी हुई सरकार को आघात पहुंचाने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार राज्य को आत्मनिर्भर बनाने के ध्येय के साथ कार्य कर रही है और सही नीतियों को आगे बढ़ा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आर्थिक संसाधनों की कमी के बावजूद प्रदेश सरकार ने प्राकृतिक आपदा का मजबूती से सामना किया। प्रदेश सरकार को केंद्र से कोई विशेष सहायता प्राप्त नहीं हुई फिर भी हमने प्राथमिकताएं तय कीं और हर प्रभावित व्यक्ति को हरसम्भव सहायता प्रदान की। प्रदेश सरकार आम आदमी को केंद्र में रखकर अपनी योजनाओं व कार्यक्रमों का स्वरूप तय कर रही है। सरकारी नियमों व प्रक्रियाओं को सरल बनाकर सरकारी सेवाओं को आम आदमी के घर-द्वार पहुंचाने का प्रयास कर रही है। इसी के दृष्टिगत राजस्व विभाग में विशेष राजस्व लोक अदालतों का आयोजन आरम्भ किया गया।

## 10 लाख ओपीडी सांसद मोबाइल स्वास्थ्य सेवा की ऐतिहासिक उपलब्धि : अनुराग ठाकुर

- देहरा में हिमाचल के सबसे बड़े मेडिकल कैंप में 5312 लोगों को मिली स्वास्थ्य सेवा



**हमीरपुर,** 10 मार्च, (देशबन्धु)। केंद्रीय सूचना प्रसारण व खेल एवं युवा कार्यक्रम मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने सांसद मोबाइल स्वास्थ सेवा के 10 लाख लाभार्थी पूरा होने पर देहरा में हिमाचल प्रदेश का अब तक का सबसे बड़े मेडिकल कैंप का आयोजन करवाया जिसमें 5312 लोगों ने नि:शुल्क स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। ठाकुर ने 10 लाख ओपीडी सांसद मोबाइल स्वास्थ्य सेवा की ऐतिहासिक उपलब्धि बताते हुए अस्पताल सेवा के माध्यम से जनसेवा के कार्य को निरन्तर आगे चलते रहने की बात कही। कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद सिकंदर कुमार, नीति आयोग के डॉ वीके पॉल, गंगाराम अस्पताल के चेयरमैन डॉ. डी एस राणा व देश भर से 50 से अधिक विशेषज्ञ डॉक्टर उपस्थित रहे। इस अवसर पर अनुराग ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत दुनिया के लिए मेडिकल हब बनने जा रहा है। बहुत देशों के लोग अपना इलाज कराने भारत आते है। हमारे देश में मेडिकल कॉलेज की संख्या 384 से बढ़कर 700 हो गई है। हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के लोगों को अच्छी स्वास्थ्य सेवाएँ नि:शुल्क उनके घर द्वार पर उपलब्ध कराने के लिए मैंने 6 वर्ष पूर्व सांसद मोबाइल स्वास्थ्य सेवा की शुरुआत की थी। इस अस्पताल सेवा ने इतने कम समय में 10 लाख लोगों तक पहुंचकर उन्हें नि:शुल्क स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध कराई हैं। अनुराग ठाकुर ने कहा कि अस्पताल सेवा के 10 लाख लाभार्थी होने के अवसर पर रामलीला ग्राउंड, देहरा में सांसद मोबाइल स्वास्थ्य सेवा के तहत हिमाचल के सबसे बड़े नि:शुल्क मेडिकल कैम्प का ऐतिहासिक आयोजन हुआ। कैंप में लोगों के इलाज हेतु हमने 50 से ज्यादा स्पेशलिस्ट डॉक्टरों की टीम बुलाई जिसमें 5312 लोगों ने इस नि:शुल्क मेडिकल कैंप का लाभ उठाया।

### यूकेएसएसएससी पेपर लीक मामला

## एक और गिरफ्तार, अब तक 62 पहुंचे जेल



- कसान पेपर पैकिंग, नूमेरिक टायपिंग और प्रिंटिंग मशीन में काम करता था
- आरोपी की गिरफ्तारी के लिए 50 हजार रुपए का इनाम भी रखा गया था

**देहरादून,** 10 मार्च (देशबन्धु)। उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग यानी यूकेएसएसएससी पेपर लीक मामले में एक और आरोपी गिरफ्तार हुआ है। आरोपी को एसटीएफ की टीम ने उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ से गिरफ्तार किया है। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए 50 हजार रुपए का इनाम भी रखा गया था। यह आरोपी राजेश चौहान की प्रिंटिंग प्रेस आरएमएस में काम करता था। पिछले साल ही प्रिंटिंग प्रेस के मालिक राजेश चौहान को एसटीएफ गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। वहीं यूकेएसएसएससी स्नातक स्तरीय भर्ती परीक्षा लीक मामले में अभी तक 47 आरोपियों की गिरफ्तारी की जा चुकी है। जबकि पूरे यूकेएसएसएससी पेपर लीक मामले में अभी तक कुल 62 आरोपियों की गिरफ्तारी की जा चुकी है।

उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग ने स्नातक स्तरीय परीक्षा 2021 में आयोजित कराई थी। जो धांधली और पेपर लीक का भेंट चढ़ गया था। इस मामले में उत्तर प्रदेश के फिरोजाबाद निवासी कसान खान का भी नाम आया था। जिस पर एसटीएफ की टीम ने 50 हजार रुपए का इनाम रखा था। एसटीएफ की टीम लगातार आरोपी कसान की गिरफ्तारी के कोशिश में जुटी हुई थी। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए एसटीएफ लगातार उसके संभावित ठिकानों पर एक साल से छापेमारी कर रही थी, लेकिन सफलता नहीं मिल रही थी। इसी बीच एक हफ्ते पहले एसटीएफ को सूचना मिली कि कसान खान अलीगढ़ में छिपा हुआ है। जिस पर एसटीएफ की एक टीम को अलीगढ़ भेजा गया। जहां 7 दिनों तक एसटीएफ की टीम ने आरोपी कसान की तलाश में जगह-जगह दबिश दी। इसी कड़ी में आरोपी कसान को मोहल्ला जमालपुर, अलीगढ़ (उत्तर प्रदेश) से गिरफ्तार कर लिया है। जिसके बाद एसटीएफ की टीम उसे देहरादून लाई और पूछताछ कर जेल भेजने की कार्रवाई की जा रही है। आरोपी कसान खान ने पूछताछ में बताया कि उसकी बहन की शादी फरवरी 2022 में होनी थी। वो साल 2018 से आरएमएस कंपनी में बतौर पेपर पैकिंग, नूमेरिक टायपिंग और प्रिंटिंग मशीन में काम करता था। उत्तराखंड में 4 और 5 दिसंबर 2021 को स्नातक स्तरीय भर्ती परीक्षा होनी थी। इसी बीच आरएमएस कंपनी में काम करने वाले रूपेंद्र जायसवाल और सादिक मुशा ने उसे मोटी रकम देने देने का झांसा दिया। रूपेंद्र जायसवाल और सादिक मुशा के कहने पर आरोपी कसान ने 4 से 5 लाख रुपए के लालच में कंपनी के अंदर पेपर पैकिंग के दौरान अपने कपड़ों में छिपाकर पेपर बाहर ला लिए। जिन्हें रूपेंद्र जायसवाल और सादिक मुशा को दे दिया। फिर इस मामले का खुलासा हुआ तो वो घर छोड़ कर भाग गया। फरार होने के दौरान में आगरा, दिल्ली, अलीगढ़, अजमेर आदि स्थानों में हुलिया बदलकर रहा। उत्तराखंड एसटीएफ एसपी चंद्र मोहन सिंह ने बताया कि यूकेएसएसएससी के स्नातक स्तरीय परीक्षा 2021, सचिवालय रक्षक भर्ती परीक्षा, वन दरोगा ऑनलाइन भर्ती परीक्षा और ग्राम पंचायत विकास अधिकारी चयन परीक्षा 2016 में धांधली को लेकर मामला दर्ज हुआ था।

## एक विधायक और एक विधायक के पिता पर एफआईआर

**शिमला,** 10 मार्च (देशबन्धु)। हिमाचल प्रदेश की सियासत में एक और मोड़ आ गया है। राज्यसभा में क्रॉस वोटिंग करना अब कानूनी परिस्थितियों में उलझ गया है। इस संबंध में शिमला पुलिस में एफआईआर दर्ज की है। इसके अनुसार विधानसभा के बजट सत्र के दौरान राज्यसभा चुनाव में क्रॉस वोटिंग पर एक एमएलए और एक एमएलए के पिता पर एफआईआर दर्ज की गई है। हमीरपुर से निर्दलीय विधायक आशीष शर्मा और गगरेट के विधायक चैतन्य शर्मा के पिता राकेश शर्मा पर राज्यसभा चुनाव में वोटों की खरीद फरोख्त करने और करोड़ों के लेन देन के आरोप लगाए हैं। मामले की शिकायत विधायक संजय अवस्थी और विधायक भुवनेश्वर गौड़ ने पुलिस थाना बालूगंज में दर्ज करवाई है। पुलिस को दी शिकायत में विधायक संजय अवस्थी और विधायक भुवनेश्वर गौड़ ने हमीरपुर से निर्दलीय विधायक आशीष शर्मा और गगरेट के विधायक चैतन्य शर्मा के पिता राकेश शर्मा पर राज्यसभा चुनाव में वोटों की खरीद फरोख्त करने और करोड़ों के लेन देन के आरोप लगाए हैं। गैर कानूनी तरीके से सरकार गिराने और विधायकों के पांच से सात सितारा होटलों में रहने की व्यवस्था करने और हेलीकाप्टर से बागी विधायकों को ले जाने के आरोप लगाए हैं। पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया है कि गगरेट के विधायक चैतन्य शर्मा के पिता राकेश शर्मा उत्तराखंड में उच्च अधिकारी के पद पर रहे हैं और उन्होंने सरकार गिराने के लिए षड्यंत्र रचा है। राज्यसभा चुनाव में वोटों की खरीद फरोख्त करने व करोड़ों के लेन देन के आरोपों के इस मामले में पुलिस ने केस दर्ज कर जांच की कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस थाना बालूगंज में आरोपियों के खिलाफ 171सी और ई, 120बी आईपीसी एवं पीसी एक्ट की धारा 7 और 8 के तहत मामला दर्ज किया गया है। शिमला पुलिस का पूरे मामले की गहनता से जांच कर ही है। हालांकि पुलिस के अधिकारी इस पर कुछ भी कहने से बच रहे हैं।

# प्रादेशिकी

## फर्रुखाबाद में ट्रक की टक्कर से बाइक सवार बालक की मौत

**फर्रुखाबाद,** 10 मार्च (देशबन्धु)। फर्रुखाबाद जिले के कादरी गेट क्षेत्र में रविवार को एक ट्रक की चपेट में आने से मोटरसाइकिल सवार किशोर की मौत हो गई जबकि उसके माता पिता गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस सूत्रों ने बताया कि कन्नौज जिले के कोतवाली गुरसहायगंज के गुर्जरपुर की प्रधान रूपम अपने पति रोहित सिंह और पुत्र देव के साथ एक मोटर साइकिल पर सवार होकर फर्रुखाबाद जिले के राजेपुर थाना क्षेत्र के ग्राम कादरकुइयां में अपने रिश्तेदार के पुत्री की शादी में शामिल होने के लिए जा रहे थे। उन्होंने बताया कि कादरी गेट थाना क्षेत्र में मसेनी चौराहा के समीप तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी और बाइक से नीचे गिरने से देवकी ट्रक से कुचल कर मौत हो गयी जबकि पति-पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गए।

# विकास पथ पर बढ़ रहा देश : योगी

**लखनऊ/देवरिया,** 10 मार्च (देशबन्धु)। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की डबल

■ मुख्यमंत्री ने नारी बन्दन समारोह को किया संबोधित

इंजन की सरकार विकास के साथ आस्था की पहचान है। योगी ने यहां चीनी मिल मैदान पर नारी बन्दन समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि आज देश विकास पथ पर तेजी से बढ़ रहा है। सड़क, बिजली, स्वास्थ्य, शिक्षा और रोटी, कपड़ा और मकान बिना किसी भेदभाव के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश की जनता को सुलभ हो रहा है। आज सुरक्षा के साथ खिलवाड़ करने वालों को भारी कीमत चुकानी पड़ेगी।

उन्होंने कहा कि मोदी की गारंटी ने भारत को दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में स्थापित किया है और यह नए भारत का निर्माण हो रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्व की सरकारों में जय श्री राम का नारा लगाने पर लाठियां बरसाई जाती थी। आज हम लोग जय श्री राम का नारा लगाने हुए भगवान श्री राम का दर्शन कर रहे हैं और उन पर पुष्प वर्षा करवा रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में



प्रदेश की डबल इंजन सरकार में विकास के साथ आस्था का सम्मान : योगी आदित्यनाथ

डबल इंजन की सरकार के कारण भारत में एक बार फिर से रामराज की स्थापना हुई है और विराट विशाल भव्य राम मंदिर अयोध्या में बना है। उन्होंने कहा कि पहले देवरिया और कुशीनगर चीनी के कटोरे के रूप में जाना जाता था लेकिन गैर भाजपा सरकारों यहां की चीनी मिलों को औने-पौने दामों में बेचकर बेचकर यहां की जनता के साथ विश्वासघात किया था जबकि हमारी सरकार ने पूर्वांचल की दो चीनी मिलों बस्ती की मुण्डेरवा और गोरखपुर की पिपराइच चीनी मिलों को चलाने का काम किया है और देवरिया में भी एक चीनी मिल अगर सब कुछ ठीक ठाक रहा तो चालू हो जायेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि देवरिया जिले में एक चीनी मिल चलाने के लिए धन रखा गया है और जब भी निर्देश मिला यहां एक चीनी मिल चालू हो जाएगी ।वहीं आजमगढ़ में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा यहां विकास परियोजनाओं के शिलान्यास एवं लोकार्पण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए योगी ने कहा आज से सात साल पहले जो आजमगढ़ अपराध व माफिया गतिविधियों का गढ़ था, आज उसी आजमगढ़ में प्रधानमंत्री मनी की बौछार कर रहे हैं। वे यहां हजारों करोड़ रुपए की परियोजनाओं की सौगात देने आए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि 22 हजार करोड़ से अधिक की लागत से बना पूर्वांचल एक्सप्रेसवे आजमगढ़ के विकास की धुरी बन चुका है। इसने पूर्वी उप्र की अर्थव्यवस्था को नई पहचान देने का कार्य किया है। आजमगढ़वासी मात्र दो घंटे में लखनऊ पहुंचते हैं। प्रधानमंत्री के द्वारा आजमगढ़ के एयरपोर्ट का उद्घाटन होने जा रहा है, इसके साथ ही वायुसेवा भी प्रारंभ हो जाएगी। पीएम के करकमलों से आज उप्र को पांच नए एयरपोर्ट प्राप्त होने जा रहे हैं, डबल इंजन सरकार ने प्रयास किया है कि यहां बेहतरीन सुविधा प्राप्त हो।

प्रधानमंत्री ने कहा था कि हवाई चप्पल पहनने वाला हवाई जहाज की यात्रा करेगा, आज उप्र व देश के अंदर यह दिख रहा है। जिस यूपी में इससे पहले मात्र दो एयरपोर्ट क्रियाशील थे, आज उसी उप्र में 9 एयरपोर्ट क्रियाशील हैं और पांच नए एयरपोर्ट का आज पीएम शुभारंभ करने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि कई दशकों से मांग थी कि आजमगढ़ का अपना विश्वविद्यालय हो, हजार वर्ष पहले अपने शौर्य व पराक्रम से विदेशी आक्रांताओं की चूलें हिलाने वाले महाराजा सुहेल देव के नाम पर बने विश्वविद्यालय का उद्घाटन भी पीएम के करकमलों से होने जा रहा है।

### समाज के हर वर्ग को मिल रहा योजनाओं का लाभ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भाजपा पूरे देश के नागरिकों के बारे में सोचती है और हमारी सरकारें विकास का लाभ बिना किसी भेदभाव के सभी को दे रही है। उन्होंने जनता का आह्वान करते हुए कहा कि हमारा एक ही संकल्प होना चाहिए कि 2024 एक बार फिर मोदी सरकार। उन्होंने कहा कि आज दुनिया में भारत का सम्मान पहले से काफी बड़ा है और भारत को दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में बनाना विकसित भारत का एक संकल्प है।



## न्यूटीमा अस्पताल में मनाया विश्व गुर्दा दिवस

**मेरठ,** 10 मार्च (देशबन्धु)। न्यूटीमा अस्पताल में विश्व गुर्दा दिवस हर साल की तरह आयोजित किया जा रहा है। इस दौरान आप सभी पत्रकार बंधुओं को गुर्दा प्रत्यारोपण की जानकारी व जटिलताओं एवं गुर्दा प्रत्यारोपित रोगियों में परिचय आदि कराने हेतू प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया है।

गुर्दा प्रत्यारोपण में जाने माने गुर्दा रोग विशेषज्ञ डॉ. गंदीप कुमार गर्ग, डॉ. शालीन शर्मा एवं डॉ. शरत चन्द्र गर्ग एवं गुर्दा प्रत्यारोपण टीम का अतुलनीय प्रयास एवं अहम योगदान रहा। गुर्दा प्रत्यारोपण की उपरोक्त विशेषज्ञ टीम द्वारा अभी तक पश्चिमी उत्तर प्रदेश में गुर्दा प्रत्यारोपण (रेनल ट्रांसप्लांट) जैसे (छोटे बच्चों के गुर्दा प्रत्यारोपण), गुर्दा प्रत्यारोपण टीम ने कई गुर्दा प्रत्यारोपण कर रोगी बच्चों को एक नया जीवन प्रदान किया है। अतियाधुनिक तकनीक से जितने तरह के भी ट्रांसप्लांट संभव है।

## मवाना शुगर मिल के केन यार्ड में फायरिंग, भगदड़

**मवाना,** 10 मार्च (देशबन्धु)। मवाना चीनी मिल के केन यार्ड में शनिवार देर रात को रंजिशन ट्रक ड्राइवर पर उसके भाई पर छह लोगों ने हमला कर दिया। आरोप है कि इस दौरान फायरिंग भी की गई। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने दो लोगों को पकड़ा और उनसे पूछताछ की। पीड़ित ने दो नामजद समेत छह लोगों के खिलाफ तहरीर दी है।

■ पीड़ित ने दी पुलिस को तहरीर

ट्रक का नंबर लगाने को लेकर 10 दिन पहले भी दो ट्रक चालकों में मारपीट की घटना हुई थी। मवाना चीनी मिल में ट्रक चालक गन्ना क्रय केंद्रों से गन्ना भरकर मिल गेट पर लाते है। मिल गेट पर आने के बाद ट्रक चालकों को टोकन दिया जाता है, जिसके आधार पर वे अपने ट्रक को लेकर मिल परिसर में अंदर जाते है। टोकन पहले लेने को लेकर ट्रक चालकों के बीच मारपीट होना आम बात है लेकिन शनिवार देर रात हुई घटना के दौरान फायरिंग होने के बाद वहां भगदड़ मच गई। सूचना पुलिस तक पहुंच गई। मवाना थाना क्षेत्र के गांव सठला निवासी शारिब पुत्र अंसार ने दी तहरीर में कहा कि दस दिन पहले वह अपने ट्रक में गन्ना भरकर मिल में पहुंचा था। इसी दौरान चीनी मिल के केनयार्ड में नगर के मोहल्ला कल्याण सिंह निवासी ट्रक ड्राइवर से ट्रक को आगे पीछे करने को लेकर कहासुनी हो गई थी। जिस पर आरोपी ने भुगत लेने की धमकी दी थी। तहरीर में बताया कि शनिवार रात लगभग दस बजे शारिब मिल में गन्ना डालने गया था। उसी दौरान आरोपित ने अपने साथियों के साथ मिलकर उस पर हमला कर दिया।

मिल परिसर में खाना लेकर पहुंचे उसके छोटे बेटे रेहान के साथ भी मारपीट की गई। इस दौरान हमलावरों ने हवाई फायरिंग भी की। इससे मिल परिसर में भगदड़ मच गई। सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची और पुलिस ने दो लोगों को हिरासत में लेकर थाने ले आई। पीड़ित के पिता अंसार अहमद ने दो नामजद व चार अज्ञात के खिलाफ तहरीर दी है।

## सार संक्षेप

### चौधरी चरण सिंह विवि में मुशायरे का किया गया आयोजन

**मेरठ।** चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय के अंग्रेजी विभाग एवं हर्फकार फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष में बृहस्पति भवन, चौधरी चरण सिंह यूनिवर्सिटी में मुशायरा और अवार्ड फंक्शन का आयोजन किया गया। हर्फकार फाउंडेशन के सचिव व प्रसिद्ध शायर अजहर इकबाल ने कहा देश की उन्नति में महिलाओं का अहम किरदार रहा है हर एक क्षेत्र में महिलाओं ने अपनी शक्ति का एहसास कराया है महिलाओं का सम्मान देश का सम्मान होता है उन्होंने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं देते हुए विभिन्न क्षेत्रों में समाज सेवा करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया। प्रसिद्ध उपन्यासकार व कवि प्रोफेसर विकास शर्मा ने कहा कि लेखकों को भाषाई संकीर्णता व राजनीतिक प्रतिबद्धताओं से दूर रहकर रचना कार्य करना चाहिए अपने अध्यक्षीय भाषण में प्रोफेसर विकास ने कहा कि नए रचनाकारों को भारतीय संस्कृति मूल्य संवेदनाओं व अविगो को अपनी रचना का विषय बनते हुए साहित्यिक धर्म निभाने की आवश्यकता है राजनेताओं की चुनावी राजनीति से सभी भाषाओं के साहित्यकारों को बचने की जरूरत है इस अवसर पर उन्होंने अपनी कविताएं भी सुनाई देर शाम तक चलने वाले मुशायरा में शायरों और कवित्रियों ने कविता पाठ कर सबको मंत्र मुग्ध कर दिया।

### भाजपा नेता के हत्यारों को कड़ी सजा मिलेगी : भूपेन्द्र

**जौनपुर।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी शनिवार को कहा कि भाजपा नेता के हत्यारो की ऐसी सजा मिलेगी जो प्रदेश के लिए नजीर होगी। चौधरी शनिवार शाम लखनऊ से वाराणसी जाते समय जौनपुर जिले के बोधापुर गांव गए जहां पर सात मार्च को पार्टी के जिला मंत्री प्रमोद यादव की बदमाशों द्वारा गोली मारकर हत्या की गई थी। उन्होंने मृतक के परिजनों से मुलाकात उन्हे ढाढस बंधाया और कहा कि विपदा की इस घड़ी में पूरी पार्टी पीड़ित परिवार के साथ खड़ी है। पूरा प्रयास होगा कि जितने जल्दी हो सके दोषियों को सजा दिलाई जाए।

### बलिया में किशोरों ने किया सामूहिक दुष्कर्म

**बलिया।** उत्तर प्रदेश में बलिया जिले के दुबहर क्षेत्र में एक मासूम बच्ची के संग दो किशोरों द्वारा कथित तौर पर सामूहिक बलात्कार करने के मामले में पुलिस ने रविवार को आरोपी किशोरों को हिरासत में लेकर न्यायालय भेज दिया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार जिले के दुबहर थाना क्षेत्र की एक गांव निवासनी 6 वर्षीय मासूम बालिका के साथ गत सात मार्च को पड़ोस के ही 13 और 14 वर्षीय दो किशोरों ने कथित तौर पर सामूहिक दुष्कर्म किया। मामले में पुलिस ने गत शनिवार की रात्रि पीड़िता पिता की तहरीर पर आरोपी किशोरों के विरुद्ध भारतीय दंड संहिता की धारा 376 डी व पॉक्सो एक्ट की सुसंगत धारा के तहत नामजद मुकदमा पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी। पुलिस सूत्रों के अनुसार मामले में कार्यवाही करते हुए पुलिस ने रविवार को दोनों आरोपियों को क्षेत्र के ही उदयपुरा के समीप हिरासत में लेकर विधिक कार्रवाई करते हुए न्यायालय भेज दिया है। अन्य आवश्यक कार्यवाही जारी है।

## ऑफिसर्स ट्रेनिंग एकेडमी में महक भाटी की ट्रेनिंग पूर्ण



■ 11 महीने तक दिया गया था प्रशिक्षण
■ देश सेवा एवं कर्तव्यनिष्ठा की शपथ ली

**मेरठ,** 10 मार्च (देशबन्धु)। वरिष्ठ कांग्रेस नेत्री श्रीमती इंदिरा भाटी की पोती व कांग्रेस नेता गौरव भाटी की बेटी महक भाटी ने शनिवार को चेन्नई में ऑफिसर्स ट्रेनिंग एकेडमी (ओटीए) में 11 महीने का प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा किया। इस मौके पर पुरुष कैडेट्स एवं महिला कैडेट्स को सेना में कमीशन मिला। इस मौके सभी ने देश सेवा एवं कर्तव्यनिष्ठा की शपथ ली। परेड के दौरान सेना एवं ओटीए के इतिहास के बारे में प्रकाश डाला गया। पाइपिंग सेरेमनी में अभिभावकों ने अपने बच्चे के कंधों पर स्टार लगाए। ओटीए गान की प्रस्तुति दी गई तथा शपथ ली। पासिंग आउड परेड के बाद सेना में कमीशन अधिकारी बने इन कैडेट्स के चेहरे पर खुशी स्पष्ट झलक रही थी। नए पास आउट हुए अधिकारियों ने आपस में एक-दूसरे के साथ खुशियां बांटीं। युगांश राणा, शबी खान, नसीम, सय्यद आमिर रजा, अश्विनी गुर्जर, जुबेर, शिवा सैनी, सलीम अख्तर, मालू गुर्जर, कर्मवीर नेता जी आदि ने बधाई दी।

## रितिक मिस्टर व रितिका बनी मिस फेयरवेल



■ रुद्रा इंस्टीट्यूट में छात्रों के लिए विदाई समारोह उद्भव आयोजित

**मवाना,** 10 मार्च (देशबन्धु)। रुद्रा इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी मवाना खुर्द में रविवार को अंतिम वर्ष के छात्रों को विदाई देने के लिए उद्भव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। निदेशक डॉ.मनोज शर्मा व प्राचार्या डॉ.उर्मिला मोरल के दूरदर्शी नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम स्नातक व परास्नातक छात्रों के लिए एक यादगार बन गया। उत्सव की शुरुआत जूनियर छात्रों ने अपने वरिष्ठ समकक्षों पर फूलों की वर्षा की।

### अंतिम वर्ष के छात्रों ने किए सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत

विदाई समारोह मनमोहक प्रस्तुतियों की एक श्रृंखला के साथ शुरू हुआ, जिसमें रैंप वॉक, लघु नाटक और अंतिम वर्ष के छात्रों ने मनमोहक संगीत और नृत्य किए। मिस्टर और मिस फेयरवेल की ताजपोशी के साथ कार्यक्रम अपने चरम पर पहुंच गया। खेल एवं शारीरिक शिक्षा विभाग के अंतिम वर्ष के छात्र रितिक तोमर ने मिस्टर फेयरवेल रुद्रा का खिताब अर्जित किया, जबकि जीवविज्ञान अंतिम वर्ष की छात्रा रितिका को मिस फेयरवेल रुद्रा का ताज पहनाया गया। प्राचार्या डॉ. उर्मिला मोरल ने छात्रों के उत्कृष्ट योगदान के लिए आभार व्यक्त किया व छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। यह विदाई समारोह न केवल हमारे छात्रों के जीवन के एक महत्वपूर्ण अध्याय के अंत का प्रतीक है, बल्कि उनके आशाजनक भविष्य की शुरुआत का भी जश्न है।

इस कार्यक्रम में कॉलेज डीन रुचिका गुप्ता, मार्केटिंग हैड सुमित काकरान, चीफ प्रॉक्टर राहुल पोसवाल, संजीत सिंह, निधि शर्मा सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

## नदियों में कचरा फेंकने पर रोक

**हमीरपुर,** 10 मार्च (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश सरकार ने चित्रकूटधाम मंडल की नदियों के जल को स्वच्छ रखने के लिए कड़ा कदम उठाते हुए चारों जिलों के नदियों के घाटों व पूजा स्थलों से निकलने वाले कचरा व पालीथिन फेकने पर सख्ती से रोक लगा दी है। इसके लिए मंडल के सभी नगर पालिकाओं व नगर पंचायतों को नोटिस जारी कर कड़े निर्देश दिए गए हैं। क्षेत्रीय प्रदूषण अधिकारी डा.माधवी कमलवंशी ने रविवार को बताया कि नदियों में बने घाटों व अन्य स्थलों से लोग कूड़ा कचरा डालते है। इससे नदियों जल जीवों के जीवन पर प्रतिकूल असर पड़ता है। कई स्थानों पर शहर व गांव का गंदा पानी नदियों में जाता है शासन ने उसे भी रोकने के लिए नगर पालिकाओं को सख्त आदेश दिए हैं।

## छह कन्याओं का हुआ सामूहिक विवाह

■ गरीब कन्याओं को खुशी से डोली में किया विदा

**मवाना,** 10 मार्च (देशबन्धु)। भारत विकास परिषद मवाना विराट एवं मवाना संस्कार शाखा के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को उत्सव मंडप में छह कन्याओं का सरल सामूहिक विवाह हुआ, जिसमें कोमल की शादी रितिक से, सन्नो की शादी चंद्रपाल, काजल की शादी अंकुश से, प्रियांशी की शादी नीरज से, आरती की शादी गौतम से, प्रीति की शादी आकाश से हुई।

शादी में वैवाहिक दंपत्ति को सेफ, डबल बेड, पंखा, एक चांदी का सेट, मिक्सी, कंबल, सिलाई मशीन, ट्रॉली बैग, डिनर सेट, प्रेस आदि उनके जीवन यापन के लिए 70 सामान दिए गए। इससे पहले धूमधाम से सभी दूल्हों की चढ़त मुन्नालाल बाजार स्थित शिव मंदिर से होती हुई उत्सव मंडप आई और जयमाला का कार्यक्रम किया गया। गुरुकुल नारंगपुर से आई बहनों ने सभी छह वर वधुओं का फेरों का कार्य कराया। वर्ष 2020 एवं वर्ष 2023 में जिन वर वधु की शादी कराई गई थी, उन्हें भी इसमें आमंत्रित किया गया और उन्हें भी एक साड़ी और मिठाई और शगुन के लिफाफे दिए गए।

कार्यक्रम का संचालन अनुराग दुबलिश ने किया। कार्यक्रम में नोएडा से भारत विकास परिषद के राष्ट्रीय वित्त मंत्री महेश बाबू गुप्ता, क्षेत्रीय संयुक्त महासचिव नवीन कुमार, विनीत संगल, डॉक्टर आरके सिंह, राजीव रस्तोगी मंच पर उपस्थित रहे। भारत माता के एवं स्वामी विवेकानंद के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का भी दिवस शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि महेश बाबू गुप्ता ने छह कन्याओं की शादी करने के लिए भारत विकास परिषद मवाना विराट एवं मवाना संस्कार के पदाधिकारियों को इस पुनीत कार्य के लिए बधाई दी। भारत विकास परिषद की ओर से उपस्थित मंचासीन अतिथियों को मोतियों की माला, पटका, पगड़ी एवं राम मंदिर का मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में शैवाल दुबलिश, अनुराग दुबलिश, नीता दुबलिश, अदित दुबलिश, सौम्या, मिक्की, सोनू, बंटी, सोनू दुबलिश, शिवानी दुबलिश, विशेष, डा. विजय, माधव सरल मेरठ, ममतेश्वरी मेरठ संस्कार शाखा, डॉक्टर नीलम, डॉक्टर राजीव, सोनू यादव, सतीश जैन, विजय जाड़ियाल, जिले सिंह वर्मा, इंजीनियर एसएन बंसल, आरके अरोड़ा, मुकेश चंद, बीके शर्मा, संजय मेहता, रवि रस्तोगी, श्री राम मालिक, मनोज जग्गी, धीरू यादव आदि उपस्थित रहे।

## पुलिस ने किया एनकाउंटर

■ पैर में गोली लगने से घायल हुआ दूसरा साथी गिरफ्तार

**मवाना,** 10 मार्च (देशबन्धु)। 22 मुकदमे में फरार चल रहे चोरी के आरोपी अंकित का शनिवार देर रात थाना पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान एनकाउंटर कर दिया। बदमाश अंकित के पैर में गोली लगने के हुआ घायल। मुठभेड़ के दौरान पुलिस ने अंकित के दूसरे साथी को गिरफ्तार कर लिया। घायल अंकित को चिकित्सकों ने उपचार के दौरान गंभीर हालत के चलते हैं। पुलिस द्वारा पकड़े गए दूसरे आरोपी से पूछताछ की जा रही है। 22 मुकदमों में फरार चल रहे थाना निवाड़ी के गांव भंडारा निवासी अंकित शनिवार देर रात मवाना पुलिस के साथ हुई मुठभेड़ में उल्टे पैर में गोली लगने से गंभीर रूप से घायल हो गया।

## विजेंद्र सिंह ने छोड़ी पार्टी, लोकदल के सभी पदों से इस्तीफा दिया

**मेरठ,** 10 मार्च (देशबन्धु)। चौधरी विजेंद्र सिंह ने लोकदल पार्टी के सभी पदों से इस्तीफा दे दिया है। उनके इस कदम से राजनीतिक गलियारों में चर्चा का विषय बन गया है। चौधरी विजेंद्र सिंह लोकदल पार्टी में राष्ट्रीय महासचिव के पद पर तैनात थे। इन्होंने लोकदल पार्टी के संस्थापक एवं पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न सम्मान दिलाने के लिए आंदोलन चलाया।



■ चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न दिलाने की लड़ी थी लड़ाई
■ लगातार किसान मजदूर की आवाज को उठाने का किया कार्य

इसके बाद भारत सरकार ने पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न देने का काम किया। चौधरी विजेंद्र सिंह लगातार किसान मजदूर की आवाज को बुलंद करते चले आ रहे थे। उन्होंने लोकसभा चुनाव की भी ताल ठोकी हुई थी। उन्होंने रविवार दोपहर बाद लोक दल पार्टी के सभी पदों से इस्तीफा देने की घोषणा करके राजनीतिक जगत में भूचाल ला दिया। जो राजनीतिक गलियारों में चर्चा का विषय बना हुआ है।

**उद्घाटन** *लोकप्रिय अस्पताल किठौर का किया गया उद्घाटन*

# किठौर क्षेत्र के लोगों को अब कस्बे में ही मिलेगा बेहतर इलाज : डा. अतुल भटनागर

■ सांसद राजेन्द्र अग्रवाल ने किया सुपर मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल का उद्घाटन
■ किठौर विधायक शाहिद मंजूर ने किया मल्टीस्पेशलिटी ओपीडी ब्लॉक का उद्घाटन

**मेरठ,** 10 मार्च (देशबन्धु)। सुभारती समूह द्वारा किठौर में एचपी पेट्रोल पंप के सामने नहर के पास ग्रामीण क्षेत्र की जनता की सुविधा हेतु लोकप्रिय अस्पताल का शुभारंभ किया गया। ग्रामीण क्षेत्र की जनता को विश्वस्तरीय चिकित्सीय सुविधाओं से लाभान्वित करने के उद्देश्य से 120 शैय्याओं का सुपर मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल किठौर में शुरू हो गया है। अस्पताल का शुभारंभ क्षेत्र की जनता जनार्दन की ओर से मेरठ लोकसभा सांसद राजेन्द्र अग्रवाल ने फीता खोल कर किया।

ओपीडी ब्लॉक का उद्घाटन किठौर विधायक शाहिद मंजूर ने किया। इस दौरान सुभारती समूह के संस्थापक डॉ. अतुल कृष्ण, लोकप्रिय अस्पताल किठौर के प्रबन्धक निदेशक डॉ.रोहित रविन्द्र, सुभारती विवि की सीईओ डॉ. शल्या राज, सुभारती अस्पताल के चिकित्सा उपाधीक्षक डॉ. कृष्णा मूर्ति, अवनी कमल, प्रबन्धक दिनेश प्रधान साथ रहे। कार्यक्रम में आलोक भटनागर, चौयरमेन किठौर सलमान



मुनकाद, पूर्व चौयरमेन मतलूब गौड़, जितेंद्र प्रधान माछरा, अश्विन त्यागी, जिला पंचायत सदस्य भूदेव शर्मा, जिला पंचायत सदस्य अमित कसाना, चैयरमेन शाहजहांपुर वसी खान, पूर्व चौयरमेन तबारक उल्ला, ब्लॉक प्रमुख नितिन पोसवाल, प्रधान महेश महलवाला, ब्लॉक प्रमुख नानपुर डॉ. मनोज, पूर्व प्रधान डॉ. जफर उल्ला खान, सुभाष प्रधान फतेहपुर, कुलपति मेजर जनरल डॉ. जी. के. थपलियाल, प्रतिकुलपति डॉ. अभय शंकरगौड़ा, डॉ. एचएस मिन्हास, डॉ. रिद्धि वर्धन, डॉ. भारत सुखीजा, डॉ. आर के अग्रवाल, डॉ. शशांक मिश्रा, डॉ. पीडी शर्मा, डॉ. अर्चिता, डॉ. सौरभ, डॉ. विवेक संस्कृति, डॉ. सरताज अहमद, परमजीत रावत, समीर खान, जावेद खान, मौ. रिहान सहित क्षेत्र के गणमान्य लोग, चिकित्सा जगत से जुड़े लोग व सामाजिक कार्यकर्ताओं की भी उपस्थित रही।

सुभारती समूह के संस्थापक डॉ.अतुल कृष्ण ने कहा कि किठौर सहित आस पास के क्षेत्र की जनता को अब इलाज के लिए मेरठ या दिल्ली नहीं जाना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि यह बड़े हर्ष की बात है कि 120 शैय्याओं से सुसज्जित सुपर मल्टीस्पेशिलटी अस्पताल रोगियों की सेवा हेतु तैयार है। उन्होंने कहा कि सुभारती समूह की प्राथमिकता है कि देश की ग्रामीण क्षेत्र की जनता को विश्वस्तरीय आधुनिक चिकित्सीय सुविधाएं प्राप्त हो। लोकसभा सांसद राजेन्द्र अग्रवाल ने सुभारती परिवार को बधाई देते हुए कहा कि लोकप्रिय अस्पताल किठौर क्षेत्र की जनता के किये हितकारी साबित होगा। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार सुभारती समूह ग्रामीण क्षेत्र की जनता के उत्थान हेतु शिक्षा के साथ चिकित्सा के क्षेत्र में प्रतिबद्धता से कार्य कर रहा है, यह सभी के लिए प्रेरणादायक है। किठौर विधायक शाहिद मंजूर ने कहा कि किठौर की जनता को उत्तम स्वास्थ्य सेवाएं अब अपने ही क्षेत्र में मिलेगी। इस उपलब्धि हेतु सुभारती समूह बधाई का पात्र है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवाएं लोगों की बुनियादी आवश्यकताओं में आती है और सुभारती समूह ने मानव कल्याण की दिशा में लोकप्रिय अस्पताल किठौर में बना कर सराहनीय कार्य किया है।


हरियाणा सरकार
GOVT. OF HARYANA
"केंद्र और राज्य में डबल इंजन सरकार की ताकत हरियाणा को तेज़ी से आगे बढ़ा रही है। कोई भी सेक्टर हो, जैसे ही उसमें सामूहिक शक्ति जुटती है, सबका प्रयास नजर आने लगता है, तो परिवर्तन की गति भी बढ़ जाती है।"
- नरेन्द्र मोदी
विकसित भारत, विकसित हरियाणा
प्रधानमंत्री
श्री नरेन्द्र मोदी
द्वारा
शामली- अंबाला राष्ट्रीय राजमार्ग
(121 किलोमीटर, लागत ₹4,890 करोड़)
भिवानी- हांसी राष्ट्रीय राजमार्ग
(43 किलोमीटर, लागत ₹1,330 करोड़)
का
शिलान्यास
तथा
द्वारका एक्सप्रेस-वे
(हरियाणा खंड में 19 किमी, कुल लागत लगभग ₹10,000 करोड़)
का शुभारंभ
11 मार्च, 2024 | प्रातः 11:00 बजे | गुरुग्राम
कार्यक्रम से जुड़ने के लिए क्यू आर कोड स्कैन करें
आप सादर आमंत्रित हैं
सूचना, लोक सम्पर्क, भाषा तथा संस्कृति विभाग, हरियाणा
www.prharyana.gov.in | Follow us on @diprharyana

देशबन्धु

# [ अर्थ जगत ]

| सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर | |
|---|---|
| टाटा मोटर्स | 3.52 प्रतिशत |
| भारती एयरटेल | 3.06 प्रतिशत |
| एसबीआई | 1.52 प्रतिशत |
| सन फ़ार्मा | 1.41 प्रतिशत |
| एनटीपीसी | 1.26 प्रतिशत |

| सर्वाधिक घटने वाले शेयर | |
|---|---|
| बजाज फिनसर्व | 4.28 प्रतिशत |
| बजाज फाइनेंस | 4.17 प्रतिशत |
| इंफ़ोसिस | 1.93 प्रतिशत |
| टीसीएस | 1.72 प्रतिशत |
| विप्रो | 1.34 प्रतिशत |

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 47,310 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 31,400 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 70,096 |
| वायदा | 70,183 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 870 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 67.77 | 78.57 |
| पौड स्टर्लिंग | 90.94 | 105.45 |
| यूरो | 76.54 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दड़ा | 2750-2850 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### शुगर

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 3590-3690 |
| चीनी एम | 4150-4250 |
| मिल डिलीवरी | 3470-3570 |
| गुड़ | 4600-4700 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 5500-5600 |
| दाल चना | 6500-6600 |
| मसूर काली | 7350-7450 |
| उड़द दाल | 10000-10100 |
| मूंग दाल | 9550-9650 |
| अरहर दाल | 12500-12600 |

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें यथावत

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम आज यथावत रहे। जिससे दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये प्रति लीटर तथा डीजल 89.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 94.27 रुपए प्रति लीटर पर रहा।



# भारत का चार यूरोपीय देशों के समूह के साथ समझौता

■ 100 अरब डॉलर का आएगा निवेश ■ 16 साल की बातचीत के बाद संभव हो सका समझौता ■ समझौते से मेक इन इंडिया अभियान में आएगी तेजी

**नई दिल्ली**, 10 मार्च (एजेंसियां)। भारत और चार देशों के यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (ईएफटीए) ने रविवार को एक आर्थिक समझौते पर हस्ताक्षर किए। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि भारत और ईएफटीए ने रविवार को एक आर्थिक समझौते पर हस्ताक्षर किए। लगभग 16 साल की बातचीत के बाद यह समझौता संभव हो सका है। इससे व्यापार और विदेशी निवेश बढ़ेगा। ईएफटीए में स्विट्जरलैंड, नॉर्वे, आइसलैंड और लिकटेंस्टीन शामिल हैं।



गोयल ने कहा कि व्यापार और आर्थिक साझेदारी समझौते (टीईपीए) के तहत ईएफटीए देश अगले 15 साल में भारत में 100 अरब डॉलर का निवेश करेंगे। यह एक बाध्यकारी समझौता है। स्विट्जरलैंड के आर्थिक मामलों के मंत्री गाइ पार्मेलिन ने कहा कि समझौते के परिणामस्वरूप देश में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश और नवीन प्रौद्योगिकी का प्रवाह बढ़ेगा, जिससे देश में विनिर्माण को बढ़ावा मिलेगा और अधिक रोजगार का सृजन होगा। उन्होंने कहा कि इससे मेक इन इंडिया अभियान में और तेजी आएगी। उन्होंने कहा, यूरोपीय देश, अपनी ओर से, भारत के विशाल बाजार और दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था द्वारा प्रदान किए जाने वाले आर्थिक अवसरों तक पहुंच प्राप्त करेंगे।

भारत ने समझौते के कार्यान्वयन के बाद ब्लॉक के सदस्य देशों से पहले 10 वर्षों के दौरान 50 अरब डॉलर की निवेश प्रतिबद्धता और अगले पांच साल में 50 अरब डॉलर की निवेश प्रतिबद्धता मांगी है। इससे देश में विनिर्माण को बढ़ावा मिलेगा और 10 लाख प्रत्यक्ष रोजगार पैदा होंगे।

प्रधानमंत्री मोदी ने समझौते पर हस्ताक्षर का स्वागत करते हुए कहा कि कई पहलुओं में संरचनात्मक विविधताओं के बावजूद हमारी अर्थव्यवस्थाओं में पूरकताएं हैं जो सभी देशों के लिए लाभकारी होने का वादा करती हैं। विशाल व्यापार और निवेश के अवसरों के खुलने के साथ, हम विश्वास और महत्वाकांक्षा के एक नए स्तर पर पहुंच गए हैं। व्यापार समझौता निष्पक्ष, न्यायसंगत व्यापार खोलने के साथ-साथ युवाओं के लिए विकास और रोजगार पैदा करने के हमारे साझा समझौते का प्रतीक है। उन्होंने कहा, भारत ईएफटीए देशों को हरसंभव समर्थन देगा और उद्योग तथा व्यवसायों को न केवल प्रतिबद्ध लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए बल्कि उनसे आगे बढ़ने में भी मदद करेगा। यह समझौता एक अधिक समृद्ध भविष्य की ओर हमारे देशों की यात्रा में नए अध्याय की शुरुआत का प्रतीक बने।

# आयकर विभाग ने टैक्स का भुगतान नहीं करने वालों की जानकारी जुटाई

**नई दिल्ली,** 10 मार्च (एजेंसियां)। वित्त मंत्रालय ने रविवार को कहा कि आयकर विभाग ने कुछ ऐसे व्यक्तियों और संस्थाओं की पहचान की है, जिनका वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए टैक्स का भुगतान वित्तीय लेनदेन के अनुरूप नहीं है। विभाग एक एडवांस टैक्स ई-कैम्पेन चला रहा है, जिसका मकसद ऐसे व्यक्तियों/संस्थाओं को महत्वपूर्ण वित्तीय लेनदेन के बारे में ईमेल के माध्यम से सूचित करना है जिन्होंने टैक्स नहीं भरा है। उनसे आग्रह किया गया है कि वे अपनी देनदारी की सही गणना करें और 15 मार्च को या उससे पहले एडवांस टैक्स की देय राशि जमा करें।





■ 15 मार्च तक टैक्स की देय राशि जमा करने के निर्देश

आधिकारिक बयान में कहा गया है कि आयकर विभाग विभिन्न स्रोतों से करदाताओं के वित्तीय लेनदेन की जानकारी प्राप्त करता है। पारदर्शिता बढ़ाने के लिए, यह जानकारी वार्षिक सूचना विवरण (एआईएस) मॉड्यूल में परिलक्षित होती है और व्यक्तियों/संस्थाओं को देखने के लिए उपलब्ध है।

महत्वपूर्ण लेनदेन का विवरण देखने के लिए, व्यक्ति/संस्थाएं अपने ई-फाइलिंग अकाउंट में लॉग इन कर सकते हैं और अनुपालन पोर्टल पर जा सकते हैं। इस पोर्टल पर, महत्वपूर्ण लेनदेन देखने के लिए ई-अभियान टैब का उपयोग किया जा सकता है। जो व्यक्ति/संस्थाएं ई-फाइलिंग वेबसाइट पर पंजीकृत नहीं हैं, उन्हें पहले ई-फाइलिंग वेबसाइट पर खुद को पंजीकृत करना होगा। पंजीकरण के लिए, ई-फाइलिंग वेबसाइट पर रजिस्टर बटन पर क्लिक किया जा सकता है और संबंधित विवरण उसमें प्रदान किया जा सकता है। सफल पंजीकरण के बाद, ई-फाइलिंग खाते में लॉग इन किया जा सकता है और ई-कैम्पेन टैब के माध्यम से महत्वपूर्ण लेनदेन देखने के लिए अनुपालन पोर्टल तक पहुंचा जा सकता है।

## सरसों का तेल सस्ता दालों में मिलाजुला रुख

**नई दिल्ली** 10 मार्च (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों में तेजी के बावजूद स्थानीय स्तर पर मांग कमजोर पड़ने से बीते सप्ताह दिल्ली थोक जिंस बाजार में सरसों तेल सस्ता हो गया जबकि दाल-



दलहन में मिलाजुला रुख देखा गया वहीं अनाज और मीठे के बाजार में टिकाव रहा।

तेल-तिलहन : वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का मार्च वायदा सप्ताहांत पर 232 रिंगिट उबलकर 4199 रिंगिट प्रति टन हो गया। इसी तरह मार्च का अमेरिकी सोया तेल वायदा 1.95 सेंट की तेजी लेकर 46.20 सेंट प्रति पौंड बोला गया। सप्ताहांत पर सरसों तेल 366 रुपए प्रति क्विंटल गिर गया। वहीं, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

सप्ताहांत पर सरसों तेल 12014 रुपए प्रति क्विंटल, मूंगफली तेल 19780 रुपए प्रति क्विंटल, सूरजमुखी तेल 12088 रुपए प्रति क्विंटल, सोया रिफाइंड 10476 रुपए प्रति क्विंटल, पाम ऑयल 8500 रुपए प्रति क्विंटल और वनस्पति तेल 10000 रुपए प्रति क्विंटल पर रहा। दाल-दलहन : बीते सप्ताह दाल-दलहन के बाजार में मिलाजुला रुख रहा।

# लखनऊ हवाईअड्डे के टर्मिनल 3 के शुभारंभ

**लखनऊ,** 10 मार्च ( एजेंसियां)। अदाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन लिमिटेड के प्रबंध निदेशक करण अदाणी ने कहा, 'आज हम इतिहास रच रहे हैं। यह नया इंटीग्रेटेड टर्मिनल 3 सीसीएसआईए, लखनऊ में चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे को उत्तर प्रदेश के प्रवेशद्वार में बदल देगा और हमारी सामूहिक दृष्टि के लिए प्रगति और वसीयतनामा का जश्न भी मनाएगा। टर्मिनल 3 के चरण-3 को प्रतिवर्ष 80 लाख यात्रियों को समायोजित करने के लिए डिजाइन और यंत्रीकरण किया गया है, जो इस शहर की आबादी का दो गुना है। उन्होंने सभा को बताया कि 2,400 करोड़ रुपए के शुरुआती निवेश के साथ यह अत्याधुनिक सुविधा यात्री अनुभव को बढ़ाएगी और परिचालन प्रभावकारिता को एक नए स्तर पर ले जाएगी। करण अदाणी ने भारत को वैश्विक आर्थिक महाशक्ति में बदलने के पीएम मोदी के दृष्टिकोण की सराहना की और कहा कि बुनियादी ढांचे के आधुनिकीकरण और सतत विकास को बढ़ावा देने पर सरकार का ध्यान देश में विश्व स्तरीय हवाईअड्डे बनाने के अदाणी समूह के मिशन के अनुरूप है।

करण अदाणी ने कहा, सीसीएसआईए के लिए हमारा दृष्टिकोण बड़ा और दूरगामी है। मास्टर प्लान का लक्ष्य 2047-48 तक सालाना 3.8 करोड़ यात्रियों को सेवा प्रदान करने के लिए हवाईअड्डे की क्षमता का विस्तार करना है। यह तेजी से वृद्धि उत्तर प्रदेश की एक ट्रिलियन-डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की आकांक्षा का समर्थन करने की हमारी रणनीति की आधारशिला है। इस विकास के माध्यम से हम केवल बुनियादी ढांचे का निर्माण नहीं कर रहे हैं, बल्कि 13,000 से अधिक प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर पैदा कर रहे हैं, इस तरह इस क्षेत्र और राज्य की आर्थिक उन्नति में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। उन्होंने अत्याधुनिक डिजाइन पर जोर देते हुए कहा, जिस क्षण से यात्री टर्मिनल टी 3 में कदम रखते हैं, उनका स्वागत स्वागत दीवार से किया जाता है। यह एक शानदार प्रदर्शन है, जो लखनऊ के क्षितिज के सार को दर्शाता है, जिसमें शामिल है 'बसंत बहार' का पुष्प उत्सव, 'उत्तर प्रदेश के घाटों' की शांत सुंदरता, और अभिनव 'रोहू के प्रतिबिंब' स्थापना।

उन्होंने बताया, 'हमारा लक्ष्य टी3 के जरिए न केवल एक विश्वस्तरीय हवाईअड्डा बनाना है, बल्कि हम इसे लखनऊ और उत्तर प्रदेश के गौरव के प्रतीक में भी बदलना चाहते हैं। यह इस बात का सटीक प्रमाण है कि जब हम एक साथ काम करते हैं तो हम क्या हासिल कर सकते हैं।

### सार संक्षेप

## विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर 625.6 अरब डॉलर पर





**मुंबई।** विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति और स्वर्ण में बढोतरी होने से 01 मार्च को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 6.6 अरब डॉलर बढ़कर लगातार दूसरे सप्ताह चढ़ता हुआ 625.6 अरब डॉलर हो गया। वहीं, इसके पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 2.97 अरब डॉलर की बढ़त लेकर 619.07 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 01 मार्च को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 6.04 अरब डॉलर की बढ़ोतरी के साथ 554.2 अरब डॉलर पर पहुंच गया। इसी तरह इस अवधि में स्वर्ण भंडार 56.9 करोड़ डॉलर बढ़कर 48.42 अरब डॉलर हो गया। वहीं, आलोच्य सप्ताह विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) में 1.7 करोड़ डॉलर की गिरावट आई और यह कम होकर 18.2 अरब डॉलर रह गया।

## राष्ट्रीय राजमार्ग इंफ्रा ट्रस्ट जुटाएगी अतिरिक्त ऋण

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजमार्ग इंफ्रा ट्रस्ट अपनी मूल कंपनी, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण से दो और परिचालन सड़क परियोजनाओं के अधिग्रहण के लिए 4,500 करोड़ रुपए का अतिरिक्त ऋण जुटाने की योजना बना रही है। सड़क संपत्तियों का अधिग्रहण 31 मार्च को समाप्त होने वाली चौथी तिमाही में पूरा होने वाला है। राष्ट्रीय राजमार्ग इंफ्रा ट्रस्ट एक बुनियादी ढांचा निवेश ट्रस्ट ने संपत्ति अधिग्रहण के तीसरे दौर के हिस्से के रूप में सात परिचालन सड़क परियोजनाओं का एक पोर्टफोलियो हासिल करने का प्रस्ताव दिया है, जबकि पहले पांच परियोजनाओं की परिकल्पना की गई थी। अधिग्रहणों को 9,000 करोड़ रुपए के लॉग टर्म लोन के माध्यम से फंडिंग करने का प्रस्ताव है। पहले इसके लिए 4,500 करोड़ रुपये की परिकल्पना की गई थी।

## निजी औद्योगिक पार्क मामले में कानपुर सबसे आगे

**नई दिल्ली।** यूपी में 13 आगामी निजी औद्योगिक पार्क 2.70 लाख नौकरियां प्रदान करेंगे। उत्तर प्रदेश में 14634 करोड़ रुपये की लागत से स्थापित हो रहे 13 बड़े निजी औद्योगिक पार्कों से बड़ी तादाद में रोजगार पैदा होंगे। औद्योगिक विकास विभाग के अधिकारियों का कहना है कि प्रदेश के कई जिलों में निवेशकों ने निजी औद्योगिक पार्कों में निवेश किया है। इनमें जो सबसे बड़े 13 पार्क स्थापित हो रहे हैं, उनके जरिए प्रदेश में 14634 करोड़ रुपए के निवेश के साथ ही 2.70 लाख लोगों के लिए रोजगार का भी सृजन होगा। इनमें 2.5 लाख रोजगार तो अकेले कानपुर नगर में स्थापित हो रहे औद्योगिक पार्क से मिलेंगे। वहीं, बागपत, बाराबंकी, बरेली, चंदौली, गाजियाबाद, हापुड़, मेरठ, सहारनपुर और शाहजहांपुर में भी निजी क्षेत्र की ओर से औद्योगिक पार्क स्थापित किए जा रहे हैं।

# महंगाई आंकड़ों पर रहेगी बाजार की नजर

**मुंबई,** 10 मार्च (एजेंसियां)। विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर हुई दमदार लिवाली की बदौलत बीते सप्ताह आधे प्रतिशत से अधिक की बढ़त पर रहे घरेलू शेयर बाजार की अगले सप्ताह भारत, अमेरिका और चीन के जारी होने वाले महंगाई आंकड़ों पर नजर रहेगी।

बीते सप्ताह बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक 374.54 अंक अर्थात 0.51 प्रतिशत की छलांग लगाकर सप्ताहांत पर 74119.89 अंक हो गया। साथ ही नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 154.8 अंक यानी 0.69 प्रतिशत की तेजी के साथ 22493.55 अंक पर रहा।

समीक्षाधीन सप्ताह में दिग्गज कंपनियों की तरह मझौली कंपनियों में तो लिवाली हुई लेकिन छोटी कंपनियां बिकवाली के दबाव में रही। इससे बीएसई का मिडकैप 156.36 अंक यानी 0.4 प्रतिशत चढ़कर सप्ताहांत पर 39852.85 अंक पर पहुंच गया जबकि स्मॉलकैप 878.89 अंक यानी 1.9 प्रतिशत की गिरावट लेकर 44653.57 अंक पर रहा।

विश्लेषकों के अनुसार, बीते सप्ताह वैश्विक बाजार से मिलेजुले संकेतों के बीच घरेलू बाजार में सीमित दायरे में कारोबार हुआ लेकिन समापन सकारात्मक रुख के साथ हुआ। फेड की ओर से दर में कटौती की उम्मीद और बांड पैदावार में गिरावट ने तर्कसंगत निवेशकों को इक्विटी की ओर रुख करने के लिए प्रेरित किया, जिससे बाजार को बल मिला। एक बेहतर आर्थिक आख्यान ने बैंकिंग



■ बीएसई का सूचकांक 74119.89 अंक हो गया
■ निफ्टी तेजी के साथ 22493.55 अंक पर रहा

शेयरों का समर्थन किया जबकि वैश्विक बाजार में अनिश्चितताओं के कारण आईटी क्षेत्र में गिरावट आई। वहीं, फेम योजना के विस्तार और यात्री वाहनों की उच्च मांग के पूर्वानुमान के कारण ऑटो शेयरों में भारी खरीददारी हुई। चालू वित्त वर्ष के लिए उम्मीद से अधिक तेज आर्थिक वृद्धि ने धातु और कैपिटल गुड्स समूह के शेयरों के लिए निवेश धारणा को बढ़ावा दिया, जिससे संबंधित क्षेत्र के सूचकांकों में तेजी आई। हालांकि उच्च मूल्यांकन के कारण स्मॉलकैप और मिडकैप शेयरों में सुधार हुआ, जिससे मुनाफावसूली हुई और लार्जकैप शेयरों की मांग बढ़ गई। यूरोपीय केंद्रीय बैंक (ईसीबी) ने ब्याज दर को यथावत रखा है। साथ ही वह महंगाई नियंत्रण की पुष्टि करने वाले अन्य प्रमाणों की प्रतीक्षा करेगा। अगले सप्ताह अमेरिकी पेरोल डेटा के साथ ही अमेरिका, चीन और भारत के महंगाई आंकड़े जारी होने वाले हैं। इससे निवेशकों को वैश्विक आर्थिक दृष्टिकोण के बारे में जानकारी मिलेगी। उन्होंने कहा कि हमें उम्मीद है कि उच्च मूल्यांकन और आगामी नीति दर मार्गदर्शन जारी होने के कारण अगले सप्ताह बाजार में अस्थिरता बनी रहेगी। बीते सप्ताह शुक्रवार को महाशिवरात्रि के अवसर पर अवकाश रहने से बजार में चार दिन कारोबार हुआ, जिनमें से एक दिन गिरावट जबकि तीन दिन तेजी का रुख रहा। ब्याज दर में इस वर्ष के अंत में कटौती शुरू होने की उम्मीद में विश्व बाजार के सकारात्मक रुझान के बीच स्थानीय स्तर पर ऊर्जा, यूटिलिटीज, तेल एवं गैस और पावर समेत दस समूहों में हुई लिवाली की बदौलत सोमवार को सेंसेक्स 66.14 अंक चढ़कर 73,872.29 अंक और निफ्टी 27.20 अंक की बढ़त लेकर 22,405.60 अंक हो गया।

विश्व बाजार में गिरावट से निराश निवेशकों की स्थानीय स्तर पर एफएमसीजी, आईटी और टेक समेत दस समूहों में हुई बिकवाली के दबाव में मंगलवार को सेंसेक्स 195.16 अंक की गिरावट लेकर 73,677.13 अंक और निफ्टी 49.30 अंक टूटकर 22,356.30 अंक रह गया।

## गडकरी ने की कर्नाटक में 4 हजार करोड़ की राजमार्ग परियोजनाओं की शुरुआत

**नई दिल्ली**, 10 मार्च (एजेंसियां)। केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने रविवार को कर्नाटक को बड़ी सौगात दी है। केंद्रीय मंत्री ने मैसूर में 268 किलोमीटर लंबी और 4 हजार करोड़ रुपए से अधिक लगात की 22 राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया।





परियोजनाओं का उद्देश्य मैसूरु व उत्तरी कर्नाटक के बीच कनेक्टिविटी बढ़ाना है : नितिन गडकरी

नितिन गडकरी ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि परियोजनाओं में हुलियार-केबी क्रॉस-चुंचनहल्ली-नेल्लीगेरे रोड जैसी पहल शामिल हैं, जिसका उद्देश्य मैसूरु और उत्तरी कर्नाटक के बीच कनेक्टिविटी बढ़ाना है। सर्विस रोड के साथ मैसूर रिंग रोड भीड़भाड़ को कम करेगा और बिना रुकावट के यातायात सुनिश्चित करेगा। बेलूर-हसन और येडेगौड़ानहल्ली-बिलिकेरे रोड के फोर-लेन विस्तार के साथ-साथ हंगरहल्ली और होलेनरासीपुर बाईपास पर ब्रिज (पुल) बनने से यात्रा के समय में 2 घंटे की कमी होगी। लक्ष्मणतीर्थ नदी पर एक प्रमुख ब्रिज के निर्माण से हुनसूर शहर में भीड़भाड़ कम करने में मदद मिलेगी। इसके अलावा, श्रीनिवासपुरा और चिंतामणि बाईपास का विकास का लक्ष्य दोनों शहरों में भीड़भाड़ में कमी लाना है। बड़े और छोटे ब्रिज के साथ-साथ रेलवे-लेवल क्रॉसिंगों पर पुलों बनना, यातायात को सुविधाजनक बनाने के लिए एक ठोस प्रयास को रेखांकित करता है।

## बायजू ने कर्मचारियों को दिया लंबित वेतन का एक हिस्सा

**नई दिल्ली**, 10 मार्च (एजेंसियां)। संकट में फंसी एडटेक कंपनी बायजू ने 20 हजार से ज्यादा कर्मचारियों के फरवरी के लंबित वेतन का एक हिस्सा दे दिया है। बायजू ने रविवार को यह जानकारी दी। कंपनी ने हाल ही में बंद हुए राइट्स इश्यू से हासिल फंड का उपयोग करने की इजाजत मिलने पर शेष राशि का भुगतान करने का वादा किया है।

आईएएनएस द्वारा प्राप्त कर्मचारियों को लिखे एक पत्र में कंपनी ने कहा, राइट्स इश्यू फंड उपलब्ध होने के बाद कंपनी शेष राशि का भुगतान करेगी, जिसकी हमें जल्द ही उम्मीद है। कंपनी ने पत्र में यह भी कहा कि अंतरिम रूप से हमने यह सुनिश्चित करने के लिए वैकल्पिक फंडिंग की व्यवस्था की है ताकि आपका दैनिक जीवन बाधित न हो।

अंतरिम रूप से हमने यह सुनिश्चित करने के लिए वैकल्पिक फंडिंग की व्यवस्था की है ताकि आपका दैनिक जीवन बाधित न हो : बायजू

कंपनी ने निचले स्तर के कर्मचारियों को पूरा भुगतान किया। जबकि मध्यम से वरिष्ठ कर्मचारियों को वेतन के एक हिस्से भुगतान किया।

# गुजरात के बाहर हमारा सबसे बड़ा निवेश यूपी में होगा : करण अदाणी

■ हवाईअड्डे में कई सुविधाएं व पुनर्चक्रण योग्य सामग्रियों की है तैनाती
■ नया टर्मिनल प्रौद्योगिकियों के साथ यात्रा को बना देगा सरल

**लखनऊ,** 10 मार्च (एजेंसियां)। अदाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन लिमिटेड के प्रबंध निदेशक करण अदाणी का कहना है कि अदाणी समूह गुजरात के बाहर अपना सबसे बड़ा निवेश उत्तर प्रदेश में करेगा। करण अदाणी ने कहा कि चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे (सीसीएसआईए) के लिए हमारा दृष्टिकोण बड़ा और दूरगामी है। मास्टर प्लान का लक्ष्य 2047-48 तक सालाना 3.8 करोड़ यात्रियों को सेवा प्रदान करने के लिए हवाईअड्डे की क्षमता का विस्तार करना है। इससे 50,000 से 60,000 व्यक्तियों के लिए रोजगार पैदा होगा।

उन्होंने कहा कि यह तेजी से वृद्धि उत्तर प्रदेश की एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की आकांक्षा का समर्थन करने की हमारी रणनीति की आधारशिला है। हम सिर्फ बुनियादी ढांचे का निर्माण नहीं कर रहे हैं, हम 13,000 से ज्यादा प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर पैदा कर रहे हैं, इस तरह





अदाणी समूह उत्तर प्रदेश में सड़क, सीमेंट, डेटा क्षेत्र, बिजली और नवीकरणीय ऊर्जा में निवेश करना चाहता है : करण अदाणी

क्षेत्र और राज्य की आर्थिक उन्नति में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। करण अदाणी ने कहा कि अदाणी समूह उत्तर प्रदेश में सड़क, सीमेंट, डेटा क्षेत्र, बिजली और नवीकरणीय ऊर्जा में निवेश करना चाहता है, जिससे यह गुजरात के बाहर उनकी कंपनी का सबसे बड़ा निवेश होगा। पूरी होने वाली परियोजनाओं के बारे में उन्होंने कहा कि गंगा एक्सप्रेसवे इस साल के अंत तक पूरा होने की संभावना है, जबकि नोएडा में डेटा सेंटर मार्च 2025 तक तैयार हो जाएगा।

सीसीएसआईए का नया टर्मिनल 24 घरेलू और 8 अंतरराष्ट्रीय गंतव्यों को जोड़ता है, जिसमें यात्री सुविधा के लिए अत्याधुनिक सुविधाएं और विशेषताएं हैं। इसके अलावा, 72 चेक-इन काउंटर (सेल्फ-बैगेज ड्रॉप के लिए 17 सहित) और 62 इमिग्रेशन काउंटर (27 उत्प्रवास और 35 आगमन इमिग्रेशन काउंटर) यात्रियों के तेज व सुचारु पारगमन को सुनिश्चित करेंगे और आधुनिक लाउंज उनकी सुविधा बढ़ाएंगे।

नवनिर्मित एप्रन यात्री बोर्डिंग गेटों को 7 से बढ़ाकर 13 और यात्री बोर्डिंग पुलों को 2 से बढ़ाकर 7 कर देगा। क्षमता वृद्धि से इसकी परिचालन दक्षता में काफी सुधार करने में मदद मिलेगी।

नया टर्मिनल डिजीयात्रा, आम-उपयोग वाले स्वयं-सेवा कियोस्क, स्वचालित ट्रे पुनर्प्राप्ति प्रणाली और उन्नत सामान स्क्रीनिंग मशीनों जैसी प्रौद्योगिकियों के साथ यात्रा को भी सरल बना देगा।

हवाईअड्डे पर प्रवेशद्वार से लेकर रोशनदान तक उत्तर प्रदेश की कला और वास्तुकला के साथ एक अनोखा दृश्य-श्रव्य अनुभव जीवंत हो गया है।

चेक-इन काउंटर चिकनकारी और मुकैश कढ़ाई के प्रबुद्ध रूपांकनों से यात्रियों को मंत्रमुग्ध कर देंगे। फ्रॉस्टिंग पर ग्राफ़िक्स रामायण और महाभारत जैसे महाकाव्यों की कहानियों को दर्शाते हैं।

हवाईअड्डे में कई स्थिरता सुविधाएं और पुनर्चक्रण योग्य सामग्रियों की पर्याप्त तैनाती है। यह मेट्रो कनेक्टिविटी, इंटरसिटी इलेक्ट्रिक बस सेवा और ऐप-आधारित टैक्सी सेवाओं के साथ एक मल्टी-मॉडल ट्रैवल हब होगा।

# खेल जगत

## घरेलू कार्यक्रम को प्रबंधित करना होगा : राहुल द्रविड़

**नई दिल्ली।** भारत के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने कहा कि खिलाड़ियों को घरेलू सत्र में कमियों के बारे में समझने की जरूरत है, ये वे खिलाड़ी हैं जो विभिन्न प्रतियोगिताओं में खेलते समय कड़ी मेहनत करते हैं और अपने शरीर को दांव पर लगाते हैं। द्रविड़ की यह टिप्पणी सीम-बॉलिंग ऑलराउंडर शार्दुल ठाकुर द्वारा इस सीज़न में रणजी ट्रॉफी मैचों के बीच तीन दिवसीय अंतराल पर तंज कसने के बाद आई है जिससे चोटें लग सकती हैं और खिलाड़ियों, विशेषकर तेज गेंदबाजों की रिकवरी प्रक्रिया में बाधा आ सकती है। द्रविड़ ने कहा कि मैंने भी ऐसा ही सुना है। मैंने शार्दुल द्वारा की गई कुछ टिप्पणियां देखीं और वास्तव में कुछ नए लड़के जो टीम में आए हैं, उन्होंने भी ऐसा कहा है। कुछ लोग इस बारे में टिप्पणी करते हैं कि घरेलू कार्यक्रम कितना कठिन है। विशेष रूप से भारत जैसे देश में, जिसमें अधिक यात्रा है। इसलिए हमें खिलाड़ियों को सुनने की जरूरत है और यह इनमें से कई चीजों में बहुत महत्वपूर्ण है।



# मुंबई इंडियंस ने गुजरात जाएंट्स को हराया

- सात मैचों में पांच जीत और दो हार
- 10 अंक जुटाकर प्लेऑफ के लिए किया क्वालीफाई

महिला प्रीमियर लीग

**नई दिल्ली,** 10 मार्च (एजेंसियां)। यहां अरुण जेटली स्टेडियम में महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) 2024 के 16वें मैच में कप्तान हरमनप्रीत कौर ने टीम का नेतृत्व करते हुए नाबाद 95 रनों की पारी खेली, जिससे मुंबई इंडियंस ने गुजरात जायंट्स को सात विकेट से हरा दिया।

इस जीत के साथ मुंबई इंडियंस अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंच गई और सात मैचों में पांच जीत और दो हार के साथ 10 अंक जुटाकर प्लेऑफ के लिए भी क्वालीफाई कर लिया। छह मैचों में पांचवीं हार झेलने के बाद गुजरात जायंट्स दो अंकों के साथ अंक तालिका में सबसे नीचे है।

पहले बल्लेबाजी करने उतरी गुजरात जायंट्स ने कप्तान बेथ मूनी (35 गेंदों पर 66 रन) और दयालन हेमलता (40 गेंदों पर 74 रन) के धमाकेदार अर्धशतकों की बदौलत 20 ओवरों में 190/7 का मजबूत स्कोर बनाया। जवाब में मुंबई इंडियंस 14वें ओवर में 98/3 पर गिर गई थी, लेकिन हरमनप्रीत कौर और अमेलिया केर ने चौथे विकेट के लिए 93 रन बनाए। हरमनप्रीत कौर ने 30 से अधिक गेंदों में 75 रन बनाए। मुंबई इंडियंस एक गेंद बाकी रहते 191/3 तक पहुंचने में सफल रही। मुंबई इंडियंस ने 191 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए यास्तिका भाटिया (49) और हेले मैथ्यूज (18) के साथ अच्छी शुरुआत की और पहले विकेट के लिए 50 रन जोड़े, लेकिन मैथ्यूज तनुजा कंवर की गेंद पर स्नेह राणा के हाथों कैच आउट हो गए। नैट साइवर-ब्रंट भी जल्दी ही आउट हो गईं, उन्हें 57 के स्कोर पर शाहनाम एमडी की गेंद पर स्नेह राणा ने कैच कर लिया।

यास्तिका और हरमनप्रीत ने स्कोर को 98 रन तक पहुंचाया। इससे पहले कि यास्तिका 49 रन पर एशले गार्डनर की गेंद पर कैच और बोल्ड हो गईं, उन्होंने 36 गेंदों में आठ चौके और एक छक्का लगाकर अपनी पारी खेली।

हरमनप्रीत कौर ने मुंबई इंडियंस की उम्मीदें बरकरार रखीं व खुलकर रन बनाए और 33 गेंदों पर छह चौके और एक छक्का लगाकर अपना अर्धशतक पूरा किया। हरमनप्रीत और अमेलिया केर ने चौथे विकेट के लिए सिर्फ 22 गेंदों पर 50 रन जोड़े, जिसमें हरमन ने 36 रन और केर ने नौ रन जोड़े। मुंबई इंडियंस 18वें ओवर में 150 रन तक पहुंच गई और हरमनप्रीत कौर ने स्नेह राणा द्वारा फेंके गए 18वें ओवर में 24 रन बनाकर मैच का रुख बदल दिया। जब 18 गेंदों पर 47 रनों की जरूरत थी, तब हरमनप्रीत कौर ने स्नेह की गेंद पर तीन चौके और दो छक्के लगाए। क्योंकि आखिरी चार गेंदों पर तीन रन के साथ वे 191 पर पहुंच गए। इससे पहले, मूनी और हेमलता ने दूसरे विकेट की साझेदारी के लिए 121 रन बनाए, जिसमें मूनी ने 66 (8×4, 3×6) और हेमलता ने 74 (9×4, 2×6) रन जोड़े। मूनी ने 27 गेंदों पर अपना अर्धशतक पूरा किया, जबकि हेमलता ने 28 गेंदों पर अपना अर्धशतक पूरा किया। सजीवन सजना की गेंद पर मूनी के बोल्ड होने से पहले उन्होंने स्कोर को 139 रन तक पहुंचाया। भारती फुलमाली ने 13 गेंदों में 21 रन बनाए और गुजरात जायंट्स को प्रतिस्पर्धी स्कोर तक पहुंचाया।

### संक्षिप्त स्कोर

गुजरात जायंट्स 20 ओवर में 190/7 (बेथ मूनी 66, दयालन हेमलता 74; सैका इशाक 2-31) 19.5 ओवर में 191/3 से हार गई (यास्तिका भाटिया 49, हरमनप्रीत कौर 95 नाबाद, एशले गार्डनर 1-22) सात से विकेट से।

### हरमनप्रीत ने नाबाद 95 रन की पारी खेली



### इस पारी के पीछे कोई विशेष मंत्र नहीं : हरमनप्रीत



हरमनप्रीत कौर ने अपना बल्ला चलाते हुए एक ऐसी स्क्रिप्ट लिखी, जिससे हर कोई उनका मुरीद बन गया। डब्ल्यूपीएल का रोमांच हर मैच के साथ बढ़ता जा रहा है। ऐसा ही एक रोमांचक मुकाबला शनिवार को गुजरात और मुंबई के बीच खेला गया जहां हरमनप्रीत ने 95 रन की नाबाद और मैच जिताऊ पारी खेली। शनिवार को अरुण जेटली स्टेडियम में 191 रनों का पीछा करते हुए हरमनप्रीत ने आखिरी छह ओवरों में 91 रन बनाकर मुंबई को एक गेंद शेष रहते 191 रनों का लक्ष्य हासिल करने में मदद की, जो अब प्रतियोगिता के इतिहास में सबसे सफल चेज है। अपने बल्ले से हरमनप्रीत ने ऐसी जोर आजमाइश दिखाई कि उसे देखकर यकीनन किसी को भी मजा आ गया होगा। उन्होंने अपनी इस पारी से मुंबई इंडियंस को गुजरात जायंट्स पर सात विकेट की जीत के साथ-साथ डब्ल्यूपीएल 2024 के प्लेऑफ में क्वालीफाई भी कराया। 48 गेंदों में नाबाद 95 रन की पारी के दौरान हरमनप्रीत ने 5 छक्के और 10 चौके लगाए। हरमनप्रीत के नाम अब डब्ल्यूपीएल में किसी भारतीय बल्लेबाज द्वारा सर्वोच्च स्कोर का रिकॉर्ड है।

# ओसाका इंडियन वेल्स के तीसरे दौर में, गॉफ हारते-हारते बचीं

**इंडियन वेल्स,** 10 मार्च (एजेंसियां)। पूर्व विश्व नंबर 1 नाओमी ओसाका ने परीबा ओपन में अपनी जीत की लय बरकरार रखते हुए दूसरे दौर में 14वें नंबर की खिलाड़ी ल्यूडमिला सैमसोनोवा को 7-5, 6-3 से हराया।



2023 के मातृत्व अवकाश के बाद दौरे पर वापसी का पांचवां टूर्नामेंट खेलते हुए, पूर्व चैंपियन ओसाका को शनिवार को अपनी पहली भिड़ंत में सैमसोनोवा को हराने में 1 घंटा 37 मिनट का समय लगा।

चार बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन ओसाका ने शीर्ष 20 खिलाड़ी पर अपने करियर की 34वीं जीत दर्ज की - लेकिन लगभग दो वर्षों में यह उनकी पहली जीत है। डब्लूटीए टूर के अनुसार, शनिवार की जीत से पहले, ओसाका की आखिरी शीर्ष 20 जीत 2022 मियामी ओपन क्वार्टर फाइनल में डेनिएल कोलिन्स पर आई थी।

जापानी खिलाड़ी ने अपने करियर में इंडियन वेल्स में जीत-हार का रिकॉर्ड 14-3 तक सुधार लिया। ओसाका ने 2018 परीबा ओपन में अपना पहला डब्ल्यूटीए खिताब जीता, फाइनल में डारिया कसात्किना को हराकर डब्ल्यूटीए 1000 का ताज हासिल किया। वह उस वर्ष के अंत में यूएस ओपन में अपने करियर का दूसरा खिताब जीतने में सफल रहीं। अन्य मैचों में, कोको गॉफ को शनिवार को फ्रांस की क्लारा बुरेल के खिलाफ जोरदार वापसी करनी पड़ी, नंबर 3 सीड तीसरे सेट में 6-2, 2-0 - और 4-0 और 5-2 से पीछे थी - लेकिन उन्होंने संघर्ष करते हुए 2-6, 6-3, 7-6(4) से जीत हासिल की और तीसरे राउंड में जगह बनाई। ब्यूरेल के खिलाफ अपनी जीत के साथ अमेरिकी पिछले 15 वर्षों में डब्ल्यूटीए 1000 स्पर्धाओं में 50 जीत हासिल करने वाली पहली किशोरी बन गई।दूसरी ओर, गॉफ की दोस्त और इंडियन वेल्स में युगल जोड़ीदार जेसिका पेगुला ने अन्ना ब्लिंकोवा के खिलाफ मैच में वापसी नहीं की।लंबे समय के कोच डेविड विट से अलग होने के बाद अपने दूसरे टूर्नामेंट में, पेगुला पिछड़ गई, आगे बढ़ी, लेकिन अंततः विश्व नंबर 45 ब्लिंकोवा के हाथों 6-2, 3-6, 6-3 से हार गई।

शनिवार को आगे बढ़ने वाली अन्य खिलाड़ियों में 2021 यूएस ओपन विजेता एम्मा रादुकानु भी थीं। एक के बाद एक चोट झेलने वाली रादुकानु तब आगे बढ़ीं जब प्रतिद्वंद्वी दयाना यास्त्रेम्स्का चोट के कारण पहले सेट में 0-4 पर रिटायर हो गईं।

# इंग्लैंड को हराकर नंबर-1 बना भारत



तीनों फॉर्मेट में टीम इंडिया टॉप पर

**दुबई,** 10 मार्च (एजेंसियां)। इंग्लैंड से 4-1 से सीरीज जीतने के बाद भारत ने आईसीसी पुरुष टेस्ट टीम रैंकिंग में ऑस्ट्रेलिया को पछाड़कर फिर से शीर्ष स्थान हासिल कर लिया। रैंकिंग तालिका में भारत के अब 122 रेटिंग अंक हैं। ऑस्ट्रेलिया 117 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर है, जबकि इंग्लैंड 111 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर है।

भारत ने धर्मशाला में पांचवें और अंतिम टेस्ट में पारी और 64 रनों से बड़ी जीत हासिल की। भारत ने इस जीत के साथ ही 4-1 से सीरीज पर कब्जा जमाया। हैदराबाद में पहला टेस्ट 28 रनों से हारने के बाद भारत ने शानदार वापसी करते हुए शेष चारों टेस्ट जीत लिए।

विजाग, राजकोट, रांची और अब धर्मशाला में जीत ने टीम को ऑस्ट्रेलिया से आगे निकलने और आईसीसी टेस्ट टीम रैंकिंग में शीर्ष स्थान हासिल करने में मदद की। इस जनवरी में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 1-1 से ड्रा सीरीज के बाद भारत टेस्ट टीम रैंकिंग में दूसरे स्थान पर खिसक गया था। जबकि ऑस्ट्रेलिया ने पाकिस्तान के खिलाफ घरेलू मैदान पर तीन टेस्ट मैचों की सीरीज में जीत के बाद रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम को पछाड़कर शीर्ष स्थान हासिल कर लिया था।

आईसीसी की रिपोर्ट के अनुसार, क्राइस्टचर्च में न्यूजीलैंड-ऑस्ट्रेलिया के बीच दूसरे टेस्ट के नतीजे चाहे जो भी हों, भारत शीर्ष पर रहेगा। आईसीसी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप 2023 की विजेता ऑस्ट्रेलिया वेलिंगटन में 172 रनों की जीत के बाद वर्तमान में दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला में 1-0 से आगे है।

टेस्ट रैंकिंग में शीर्ष पर लौटने के बाद भारत अब तीनों प्रारूपों में रैंकिंग के शिखर पर है। वनडे रैंकिंग में उसके 121 रेटिंग अंक हैं, जबकि ऑस्ट्रेलिया 118 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर है। टी-20 में भारत के 266 रेटिंग अंक हैं, जबकि इंग्लैंड 256 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर है।

# त्रिमूर्ति ग्रुप व लिजेंड्स के बीच खेला गया फाइनल मुकाबला

**नोएडा,** 10 मार्च (देशबन्धु)। नोएडा के सेक्टर 140 स्थित द ओवल क्रिकेट ग्राउंड पर सीजन 27 का फाइनल मैच त्रिमूर्ति ग्रुप और लिजेंड्स के बीच में खेला गया। जिसको त्रिमूर्ति ग्रुप ने 19.1 ओवर में 190 रन के लक्ष्य को पाकर 5 विकेट से यह मैच जीत लिया। टॉस जीतकर लिजेंड्स की टीम ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। ओपनिंग करने उतरे प्रदीप चेची ने टीम को बहुत ही तेज शुरुआत दिया लेकिन तीसरा ओवर लेकर आए संजीव आधाना ने 2 गेंद पर लगातार 2 विकेट लेकर त्रिमूर्ति को मैच में वापस ला दिया। फिर मुकेश यादव का नाबाद 61 और मनीष शर्मा का 40 रन के बदौलत लेजेंड्स ने 20 ओवर में 6 विकेट पर 190 रन बनाये। जवाब में त्रिमूर्ति की तरफ़ से ओपनिंग करने उतरे रजनीश सिंह और सुमित सिंह ने टीम को तेज और मज़बूत शुरुआत दिया। त्रिमूर्ति का पहला विकेट रजनीश के रूप में 101 रन पर आठवीं ओवर में गिरा तबतक त्रिमूर्ति टीम मज़बूत स्थिति में आ चुकी थी। सुमित ने 119 रन बनाकर टीम को जिताने में अहम योगदान दिया। टीम की जीत पर कप्तान नीतेश कुमार ने हर्ष व्यक्त किया और उन्होंने बताया ये टीम का लगातार चौथी बार फाइनल विजय है। टीम के उपकप्तान देविन चेची के साथ टीम के सारे सदस्यों ने ख़ुशी व्यक्त की। मैन ऑफ़ मैच सुमित रहे। टीम के मैनेजर अनुराग ने बताया कि लीजेंड के साथ हमारा ये चौथा मुकाबला था और हम अभी तक उनके विरुद्ध अजेय हैं। चेयरमैन रजनीश सिंह ने अपनी शुभकामना प्रेषित की है।



- त्रिमूर्ति ग्रुप ने 5 विकेट से जाता मैच

## सार संक्षेप

### कोको गॉफ ने इंडियन वेल्स ओपन में क्लारा ब्युरेल को हराकर अगले दौर में पहुंची

**इंडियन वेल्स।** अमेरिका की टेनिस स्टार कोको गॉफ महिला वर्ग के एकल मुकाबले में फ्रांस की क्लारा ब्युरेल को 2-6, 6-3, 7-6 (4) से हराकर इंडियन वेल्स ओपन के अगले दौर में पहुंच गई है। शनिवार को खेले गए मुकाबले में तीसरी वरीयता प्राप्त गॉफ तीसरे सेट में 5-2 से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए क्लारा पर जीत दर्ज की। तीसरे दौर में गॉफ का मुकाबला लूसिया ब्रोंजेटी से होगा। इससे पहले लूसिया ने एन्हेलिना कलिनिना को 6-3, 6-4 से हराया।

### सोफी एक्लेस्टोन व किरण नवगिरे पर मैच फीस का 10 फीसदी जुर्माना

**नई दिल्ली।** यूपी वारियर्स की सोफी एक्लेस्टोन और किरण नवगिरे पर शुक्रवार को अरुण जेटली स्टेडियम, दिल्ली में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ अपनी टीम के मैच के दौरान डब्ल्यूपीएल आचार संहिता का उल्लंघन करने के लिए मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। सोफी और किरण दोनों ने अनुच्छेद 2.2 के तहत लेवल 1 के अपराध को स्वीकार किया जो एक मैच के दौरान क्रिकेट उपकरण या कपड़े, ग्राउंड उपकरण या फिक्स्चर और फिटिंग के दुरुपयोग से संबंधित है। आचार संहिता के लेवल 1 के उल्लंघन के लिए, मैच रेफरी का निर्णय अंतिम और बाध्यकारी है।

### केकेआर ने जेसन रॉय की जगह फिल साल्ट को टीम में शामिल किया

**नई दिल्ली।** निजी कारणों से आगामी टाटा आईपीएल 2024 से बाहर होने के बाद कोलकाता नाइट राइडर्स ने जेसन रॉय के प्रतिस्थापन के रूप में फिल साल्ट को नामित किया है। पिछले साल दिल्ली कैपिटल्स का प्रतिनिधित्व करने के बाद नीलामी में अनसोल्ड रहे साल्ट का यह आईपीएल में दूसरा सीजन होगा। 1.5 करोड़ रुपए के आरक्षित मूल्य पर खरीदे गए, इंग्लैंड के आक्रामक विकेटकीपर बल्लेबाज ने पिछले साल दिसम्बर में वेस्टइंडीज के खिलाफ लगातार दो टी20 शतक बनाए। त्रिनिदाद में चौथे टी20 में उनका 48 गेंदों में शतक इंग्लैंड के लिए संयुक्त रूप से सबसे तेज शतक है।

### स्क्वैश ब्रिस्टल ओपन के सेमीफाइनल में बढ़त बनाकर हारीं उर्वशी

**ब्रिस्टल।** यूनिवर्सिटी ऑफ वेस्ट इंग्लैंड के ब्रिस्टल ओपन में उर्वशी जोशी के शानदार प्रदर्शन को सेमीफाइनल में आयरलैंड की ब्रिएन फ्लिन ने तोड़ दिया, जिन्होंने पिछड़ने के बाद 3-2 से जीत हासिल की। 3000 डॉलर के पीएसए चैलेंजर टूर इवेंट के पिछले राउंड में दो वरीयता प्राप्त खिलाड़ियों को पछाड़ने के बाद आत्मविश्वास से भरी भारतीय विश्व नंबर 153 ने शुरुआती दो गेम 16-14 और 11-6 से जीतकर मैच पर जल्दी नियंत्रण कर लिया।

# सात्विक-चिराग विश्व चैंपियन को हराकर फाइनल में पहुंचे, पुरुष एकल में लक्ष्य हारे

**पेरिस,** 10 मार्च (एजेंसियां)। शीर्ष वरीयता प्राप्त और पूर्व पुरुष युगल चैंपियन सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी तीसरी बार बीडब्ल्यूएफ सुपर 750 फ्रेंच ओपन के फाइनल में पहुंचे। दुनिया की नंबर 1 भारतीय जोड़ी ने शनिवार देर रात सेमीफाइनल में मौजूदा विश्व चैंपियन कोरिया के कांग मिन्ह्युक और सियो सेउंगजे पर 21-13, 21-16 से शानदार जीत दर्ज की और 2024 सीज़न के लगातार तीसरे फाइनल में जगह बनाई। भारतीय जोड़ी ने सीज़न की शुरुआत में पहले मलेशिया ओपन के फाइनल में जगह बनाई थी, लेकिन लियांग वेई केंग और वांग चांग की तत्कालीन शीर्ष क्रम की चीनी जोड़ी से हार गए थे। इंडिया ओपन के फाइनल में चिराग-सात्विक को विश्व चैंपियन के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। रविवार को शिखर मुकाबले में भारत की शीर्ष जोड़ी का सामना चीनी ताइपे के ली जे-हुई और यांग पो-ह्वान से होगा। पहले गेम की शुरुआत में भारतीय जोड़ी को कड़ी परीक्षा का सामना करना पड़ा, जब स्कोर 5-5 से बराबर था। हालांकि, वे लगातार छह अंक जीतकर नियंत्रण हासिल करने में सफल रहे और ब्रेक तक 11-5 से आगे रहे। मध्य गेम ब्रेक के बाद सात्विक-चिराग ने अपनी लय बरकरार रखी और पहला गेम आसानी से 21-13 से अपने नाम कर लिया। पहले गेम में अपनी शानदार जीत के बाद, सात्विक-चिराग ने दूसरे गेम में भी दबदबा बनाए रखा। खेल के मध्य अंतराल के बाद कोरियाई खिलाड़ियों द्वारा कुछ प्रतिरोध दिखाने के बावजूद, भारतीयों की शुरुआती बढ़त निर्णायक साबित हुई और उन्होंने 40 मिनट में मैच अपने नाम कर लिया।

दूसरी ओर, लक्ष्य सेन का उत्साहजनक प्रदर्शन समाप्त हो गया क्योंकि वह पुरुष एकल सेमीफाइनल में मौजूदा विश्व चैंपियन कुनलावुत विटिडसर्न से 22-20, 13-21, 11-21 से हार गए। इससे पहले टूर्नामेंट में लक्ष्य ने 2021 फ्रेंच ओपन चैंपियन कांता त्सुनेयामा, तीसरी वरीयता प्राप्त ली शी फेंग और पूर्व विश्व चैंपियन लोह कीन यू को हराकर कुछ बड़ी जीत हासिल की थी।



- कोरिया के कांग मिन्ह्युक व सियो सेउंगजे पर 21-13, 21-16 से शानदार जीत दर्ज की

# डीवाई पाटिल रेड ने 18वां डीवाई पाटिल टी20 कप जीता

**मुंबई,** 10 मार्च (एजेंसियां)। डीवाई पाटिल रेड ने शनिवार रात डीवाई पाटिल स्टेडियम में खेले गए फाइनल में इनकम टैक्स को 48 रन से हराकर 18वां डीवाई पाटिल टी20 कप अपने नाम कर लिया। बल्लेबाजी का न्योता मिलने पर डीवाई पाटिल रेड ने 20 ओवर में नौ विकेट पर 221 रन का विशाल स्कोर बनाया। इसके जवाब में इनकम टैक्स की टीम 20 ओवर में 173-9 रन ही बना पाई।

रेड के सलामी बल्लेबाज सिद्धार्थ पाटीदार (43) और अमन खान (43) ने पहले विकेट के लिए तेज 70 रन जोड़े। फिर पूरी पारी के दौरान नियमित साझेदारियां हुईं। नीतीश राणा (38) और अब्दुल समद (32) ने अहम भूमिका निभाई। इनकम टैक्स के लिए सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज शाहबाज़ अहमद (2-37) और इशान पोरेल (2-44) थे। आयकर लक्ष्य का पीछा नहीं कर पाया। शेल्डन जैक्सन (31) और अनुज रावत (35) ने साहसिक पारियां खेलीं तो संक्षिप्त प्रतिरोध हुआ। लेकिन यह पर्याप्त नहीं था क्योंकि रेड ने औपचारिकताएं काफी आसानी से पूरी कर लीं। सुमित कुमार और एम मोहम्मद (30) के बीच आठवें विकेट के लिए 59 रनों की साझेदारी हुई, जिससे परिणाम में देरी हुई।




### संक्षिप्त स्कोर

डीवाई पाटिल रेड 20 ओवर में 221-9 (अमन खान 43, सिद्धार्थ पाटीदार 43, नीतीश राणा 38, अब्दुल समद 32, क्रुणाल पांड्या 23, शाहबाज अहमद 2-37, इशान पोरेल 2-44) बीटी इनकम टैक्स 20 ओवर में 173-9 (अनुज रावत 35, शेल्डन जैक्सन 31, एम मोहम्मद 30, अभिनंदन सिंह 3-17, वरुण चक्रवर्ती 2-20, नीतीश राणा 2-31)।

# राजस्थान किंग्स, दुबई जाइंट्स ने हासिल की जीत

**पल्लेकेल,** 10 मार्च (एजेंसियां)। यह पल्लेकेल अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में क्रिकेट का एक रोमांचक दिन था, जहां लीजेंड्स क्रिकेट ट्रॉफी में दो मुकाबले हुए, जिसमें राजस्थान किंग्स ने कैंडी सैम्प आर्मी को हराया और दुबई जायंट्स ने दिल्ली डेविल्स को हराया। पहले बल्लेबाजी करते हुए राजस्थान किंग्स ने पावर-हिटिंग का विस्फोटक प्रदर्शन करते हुए निर्धारित 15 ओवरों में 4 विकेट के नुकसान पर 176 रनों का मजबूत स्कोर बनाया। किंग्स के आक्रमण की अगुवाई अनुभवी बल्लेबाज रॉबिन उथप्पा ने की, जिन्होंने महज 30 गेंदों पर 5 चौकों और 6 गगनचुंबी छक्कों की मदद से 72 रनों की शानदार पारी खेलकर दर्शकों को हैरान कर दिया। उथप्पा के आक्रामक रवैये ने किंग्स की पारी की दिशा तय की, क्योंकि उन्होंने गैप ढूंढने और गेंद को मैदान के सभी हिस्सों में भेजने की अपनी उल्लेखनीय क्षमता का प्रदर्शन किया। उथप्पा के साथ हैमिल्टन ने भी दमदार पारी खेली। उन्होंने 32 गेंदों पर 4 चौकों और 3 छक्कों की मदद से 52 रन बनाए। चुनौतीपूर्ण लक्ष्य का पीछा करते हुए कैंडी सैम्प आर्मी की बल्लेबाजी लाइनअप को राजस्थान किंग्स के गेंदबाजी आक्रमण के खिलाफ गति हासिल करने के लिए संघर्ष करना पड़ा। केविन ओब्रायन और इरफ़ान पठान के सराहनीय प्रयासों के बावजूद, जिन्होंने बल्ले से बहादुरी से संघर्ष किया, सैम्प आर्मी अपने लक्ष्य से पीछे रह गई और निर्धारित 15 ओवरों में 8 विकेट के नुकसान पर केवल 132 रन ही बना सकी। बढ़ते दबाव के बीच ओब्रायन और पठान ने टीम की पारी जरूर संभाली, लेकिन नियमित अंतराल पर विकेट गिरने के कारण अंततः उनके प्रयास व्यर्थ गए। राजस्थान किंग्स के लिए गेंद से बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले तेज गेंदबाज परविंदर अवाना थे, जिनकी धारदार गेंदबाजी ने विपक्षी टीम की बल्लेबाजी लाइनअप पर कहर बरपाया।



लीजेंड्स क्रिकेट ट्रॉफी

### एलसीटी में युवराज से मिलने के लिए उत्सुक हैं उथप्पा

**नई दिल्ली।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर रॉबिन उथप्पा पुराने दिनों को याद करने के लिए लीजेंड्स क्रिकेट ट्रॉफी (एलसीटी) में पूर्व भारतीय स्टार ऑलराउंडर युवराज सिंह से मिलने का इंतजार कर रहे हैं। ये दोनों 2007 टी20 वर्ल्ड कप विजेता टीम का हिस्सा थे। टूर्नामेंट में साथी संन्यास ले चुके क्रिकेटरों, विशेषकर युवराज से मिलने की संभावना पर विचार करते हुए उथप्पा ने कहा कि मुझे उनमें से अधिकांश के साथ खेलने का सौभाग्य मिला है, इसलिए मैं परिचित चेहरों के साथ फिर से जुड़ने के लिए उत्सुक हूं। %%मैं विशेष रूप से युवराज से मिलने के लिए उत्साहित हूं, जिनसे मैंने केवल फोन पर बात की है। काफी समय हो गया है, और मैं अंततः व्यक्तिगत रूप से मिलने और पुराने दिनों को याद करने के लिए उत्सुक हूं।

# बजरंग पुनिया, रवि दहिया ट्रायल में हारे

**सोनीपत,** 10 मार्च (एजेंसियां)। टोक्यो ओलंपिक पदक विजेता बजरंग पुनिया और रवि दहिया अपने प्रदर्शन में सुधार करने के लिए पेरिस 2024 ओलंपिक खेलों में नहीं होंगे क्योंकि भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) द्वारा आयोजित किए जा रहे ट्रायल में उन दोनों को भारी झटका लगा है। ओलंपिक क्वालीफायर के लिए भारतीय टीम का चयन रविवार को किया जाएगा। टोक्यो में कांस्य पदक जीतने वाले बजरंग यहां भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) केंद्र में हो रहे ट्रायल में पुरुषों के फ्रीस्टाइल 65 किग्रा मुकाबले में रोहित कुमार से हार गए। टोक्यो ओलंपिक में रजत पदक जीतने वाले रवि कुमार दहिया 57 किग्रा में हरियाणा के उदित से 8-10 से हार गए। ट्रायल जीतने वाले पहलवानों को पेरिस ओलंपिक क्वालीफायर के लिए टीम में चुना जाएगा।



- पेरिस ओलंपिक क्वालीफायर से बाहर होंगे